निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 14 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 354 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




दुर्गापुर एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे का स्वागत करते बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल

## पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पूर्व मंत्री और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता माधव लाल सिंह का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बोकारो के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से गंभीर हालत में रांची रेफर किया गया। रांची के पल्स अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही गोमिया समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक माधव लाल के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन के शोक जताया है। उन्होंने अपने एक्स हेंडल पर लिखा गोमिया से पूर्व विधायक, एकीकृत बिहार सरकार एवं राज्य गठन के बाद झारखंड सरकार में मंत्री रहे आदरणीय माधव लाल सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने लंबे समय तक जनसेवा और सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शोक जताते हुए कहा कि पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका निधन सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।

# झारक्राफ्ट के जरिए जुड़ेगी झारखंड और पश्चिम बंगाल की विरासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और हस्तशिल्प की चमक अब पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भी बिखरेगी। बुधवार को झारखंड के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कोलकाता के प्रतिष्ठित थिएटर रोड स्थित झारखंड सिल्क, टेक्सटाइल एंड हैंडक्राफ्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के नए इंपोरियम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्योग सचिव अरवा राजकमल और झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस दौरान उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह नया इंपोरियम केवल एक व्यावसायिक केंद्र नहीं है बल्कि यह झारखंड के हजारों ग्रामीण कारीगरों, बुनकरों और महिलाओं के आत्मविश्वास एवं उनकी कड़ी मेहनत का प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल से न केवल ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा



मिलेगा बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। मंत्री ने कहा कि झारक्राफ्ट राज्य के हुनर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने इस अवसर पर कहा कि कोलकाता ऐतिहासिक रूप से कला, साहित्य और संस्कृति का केंद्र रहा है। यहां झारक्राफ्ट के शोरूम का खुलना दो राज्यों की साझा सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का कार्य करेगा। ग्राहकों को यहां झारखंड की पारंपरिक डोकरा कला, तसर सिल्क, बांस एवं लकड़ी के शिल्प और जनजातीय कलाकृतियों का आधुनिक डिजाइनों के साथ अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य अन्य प्रमुख महानगरों में भी इसी तरह के इंपोरियम खोलना है ताकि झारखंड के उत्पादों की पहुंच देशव्यापी हो सके। कोलकाता इंपोरियम में साड़ियां, डिजाइनर कुर्तियां, सलवार सूट, शर्ट, कुर्ता, बंडी, शाल और उच्च गुणवत्ता वाले लेदर बैग आकर्षण के मुख्य केंद्र हैं। विशेष रूप से तसर सिल्क की विविधता ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार है। कोलकाता जैसे महानगर में इस इंपोरियम की स्थापना झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी का काम करेगी। यह न केवल कारीगरों को बिचौलियों से मुक्त करेगा बल्कि उन्हें सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

## मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, चार हथियार तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** बोकारो पुलिस और एसटीएफ पटना की संयुक्त कार्रवाई में बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर मौके से चार अपराधियों को गिरफ्तार किय, जबकि मुख्य संचालक राजकुमार सिंह उर्फ बंटी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों में देवघर और बिहार के मुंगेर जिले के हथियार बनाने वाले अपराधी शामिल हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो बी.एन. सिंह ने बताया कि सुभाषनगर स्थित सीसीएल क्वार्टर में अवैध हथियार बनाने की गुप्त सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर गठित छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री का खुलासा किया। मौके से उसमान अंसारी उर्फ अरमान, मो. रिजवान, मो. इम्तियाज और संजय कुमार साव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से अवैध हथियार निर्माण और तस्करी में शामिल हैं तथा कई राज्यों में जेल जा चुके हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 7 जिंदा गोली, 6 अर्धनिर्मित पिस्टल बॉडी, 20 अर्धनिर्मित बैरल, कई स्लाइडर और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए। इनमें लेथ मशीन, मिलिंग मशीन, ड्रिल मशीन, मोटर ग्राइंडर भी शामिल हैं। मौके से छह हजार रुपए नगद भी जब्त किए गए हैं। श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों पर आर्म्स एक्ट, हत्या, लूट और अवैध हथियार निर्माण के कई मामले दर्ज हैं। विशेष रूप से मुंगेर के अपराधियों का अवैध हथियार कारोबार से पुराना संबंध रहा है। पुलिस फरार मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### संक्षिप्त समाचार

## दो अलग-अलग मामलों में सात आरोपित गिरफ्तार

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिगों सहित कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को बुधवार को जेल भेज दिया गया। बारियातू थाना क्षेत्र में राहुल सिंह गैंग द्वारा संचालित गोलीबारी मामले में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है।

## शिक्षकों की दक्षता परीक्षा आयोजित

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जरमुंडी ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षकों ने प्लस टू हाई स्कूल, जरमुंडी में टीएनए ऑनलाइन परीक्षा दिया। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा राज्य में कार्यरत शिक्षकों में विषय अनुसार कितनी जानकारी कौन विषय में कौन शिक्षक रखता है, इसी की जांच को लेकर दक्षता परीक्षा का ऑनलाइन आयोजन किया गया। अब शिक्षकों का विधिवत मूल्यांकन किया जाएगा और कमी के अनुसार उनको प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। सरकारी स्कूलों में काम करने वाले टीचरों की क्वालिटी सुधारने और उनकी काबिलियत को परखने के लिए ब्लॉक के अलग-अलग स्कूलों के टीचरों के लिए प्लस टू, हाई स्कूल, जरमुंडी में टीएनए परीक्षा कराया गया।

## कुख्यात अपराधी कोल्हा यादव धराया

**देवघर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मधुपुर अनुमंडल पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी कोल्हा यादव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार देर रात नियमित गश्ती के दौरान पुलिस टीम रेलवे न्यू कॉलोनी इलाके में निगरानी कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में लोहे की रॉड लेकर घूमता नजर आया। पुलिस वाहन को अपनी ओर आता देख वह भागने लगा। गश्ती दल ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे दबोच लिया।

## संघरी घाटी में दो ट्रकों की भीषण टक्कर

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चतरा-हजारीबाग मार्ग स्थित संघरी घाटी में दो ट्रकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चालक बैजू कुमार और खलासी सचिन कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घाटी क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दोनों ट्रक पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से लोहा लादकर बिहार के बक्सर और उत्तर प्रदेश के बलिया की ओर जा रहे थे।

## नशे में कलयुगी बेटे ने कर दी पिता की हत्या

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कित्ताझोर मोहल्ला में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शराब के नशे में एक बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। जानकारी के अनुसार, आरोपी दिवाकर सरदार (40) मंगलवार देर रात अपने 65 वर्षीय पिता अनूप सरदार के साथ घर में शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर दिवाकर ने घर में रखे हसुआ से पिता के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण अनूप सरदार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच शुरू कर गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी शराब का आदी था और अक्सर घर में विवाद करता रहता था। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची/खूंटी।** खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर था। जिले में लेवी, धमकी और आगजनी जैसी घटनाओं में उसका नाम सामने आ रहा था। पुलिस ने उसके पास से देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किया है। खूंटी के पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि कर्रा थाना कांड संख्या 33/26 का प्राथमिक अभियुक्त और पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य राजेश महतो किसी निजी काम से खूंटी आने वाला है। सूचना





मिलते ही तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम ने खूंटी-तिरला मार्ग स्थित निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध शख्स को देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा लेकिन जवानों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन कुमार उर्फ राजेश महतो उर्फ राजेश यादव बताया। गिरफ्तार आरोपी रांची जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र स्थित गायत्री नगर का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर कर्रा थाना क्षेत्र के कटमकूकू गांव में एक नवनिर्मित मकान में छापेमारी की गई। वहां कमरे के अंदर मिट्टी में गाड़कर रखा गया एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किया गया। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि राजेश महतो के खिलाफ बेड़ो, कर्रा, खूंटी और तोरपा थाना में कई मामले दर्ज हैं। हाल के दिनों में कर्रा थाना क्षेत्र में दो रोड रोलर जलाने और गैस एजेंसी संचालक के यहां फायरिंग की घटना में भी उसका नाम सामने आया था। पुलिस के मुताबिक वह अपने सहयोगियों के जरिए व्यवसायियों को धमकाकर लेवी वसूली करवाता था।

## खेल अभ्यास के दौरान छात्रा की मौत

**दुमका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में स्कूली छात्राओं के लिए आयोजित समर कैंप में खेल अभ्यास के दौरान एक छात्रा श्वेता टुडू की मौत हो गई। इस घटना के बाद संबंधित विद्यालय सहित तमाम खेल प्रेमियों में शोक की लहर है। घटना के कारण बच्चों को स्कूल से छुट्टी दे दी गई है। जिला खेल अधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने कहा कि आशंका है कि प्रैक्टिस के दौरान कार्डियक अरेस्ट की वजह से ऐसा हुआ। विभाग द्वारा सरकार से मुआवजा दिलाने की कोशिश की जाएगी। दरअसल दुमका जिला खेलकूद विभाग के द्वारा जिला स्कूल परिसर में 60 स्कूली छात्राओं के लिए एक समर कैंप आयोजित किया गया है जिसमें छात्राओं को कई तरह के खेल, योगा, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी शिविर में सिदो कान्हू विद्यालय के आठवीं की छात्रा श्वेता टुडू भी प्रशिक्षण ले रही थी।

# लातेहार में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड इन दिनों गंभीर पेट्रोल-डीजल संकट से जूझ रहा है। बुधवार को स्थिति तब और चिंताजनक हो गई, जब प्रखंड के तीनों पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पूरी तरह खत्म हो गया। तेल समाप्त होते ही पंप संचालकों ने सुरक्षा के मद्देनजर पंप परिसरों को लाल रिबन लगाकर बंद कर दिया। अचानक उत्पन्न इस संकट से वाहन चालकों, व्यवसायियों, किसानों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महुआडांड़ के तीनों पेट्रोल पंपों पर बुधवार को सामान्य दिनों की तुलना में असामान्य रूप से अधिक बिक्री हुई। अनुमान है कि एक ही दिन में करीब 36 हजार लीटर पेट्रोल और डीजल की खपत हो गई, जिसके चलते कुछ ही घंटों में पूरा स्टॉक समाप्त हो गया। कई पंपों पर सुबह करीब सात बजे तक तेल उपलब्ध था, लेकिन लगातार बढ़ती भीड़ और लंबी कतारों के कारण दोपहर तक सभी पंप खाली हो गए। बताया जा रहा है कि आसपास के कई इलाकों में पहले से ही तेल की कमी बनी हुई है। इसी कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग लगभग 70 किलोमीटर तक की दूरी तय कर महुआडांड़ पहुंच रहे थे। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर बाइक, कार, ऑटो, बस, पिकअप और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन कई वाहन चालकों को बिना तेल लिए ही लौटना पड़ा। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण उपलब्ध स्टॉक तेजी से खत्म हो गया। उनके अनुसार, नए तेल टैंकर पहुंचने के बाद ही स्थिति सामान्य हो सकेगी।

# आलमगीर आलम की रिहाई से गरमाई झारखंड की राजनीति

## कांग्रेस और सरकार में फेरबदल की चर्चा तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** करीब दो वर्षों तक जेल में रहने के बाद झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम एक बार फिर राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद गुरुवार को उनकी जेल से रिहाई हो रही है। उनकी वापसी ने राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस संगठन और हेमंत सोरेन सरकार में संभावित फ़ेरबदल को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। आलमगीर आलम को कांग्रेस का मजबूत संगठनात्मक चेहरा माना जाता है। अल्पसंख्यक समुदाय के बीच उनकी अच्छी पकड़ रही है और लंबे समय तक वे पार्टी के प्रभावशाली नेताओं में शामिल रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि उनकी रिहाई के बाद कांग्रेस संगठन में उन्हें




फिर से बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। साथ ही हेमंत सरकार में उनकी वापसी की संभावनाओं पर भी चर्चा हो रही है। गौरतलब है कि 15 मई 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आलमगीर आलम से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 30 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे। उन पर ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे थे। इस मामले ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी थीं और भाजपा ने इसे भ्रष्टाचार का बड़ा मुद्दा बनाया था। आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद इरफान अंसारी को ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब उनकी रिहाई के बाद फिर से मंत्री बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार पाकुड़ से विधायक उनकी पत्नी निसत आलम के इस्तीफ़े और उपचुनाव के जरिए आलमगीर आलम को विधानसभा भेजने की संभावनाओं पर भी राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन उनकी वापसी ने झारखंड की राजनीति को एक बार फिर गर्मा दिया है।

# सीबीएसई 12वीं में झारखंड के 85.01 प्रतिशत छात्र पास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही झारखंड सहित पूरे देश के लाखों विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हो गया। इस वर्ष झारखंड, जो सीबीएसई के रांची रीजन के अंतर्गत आता है, का कुल पास प्रतिशत 85.01 प्रतिशत दर्ज किया गया है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर सीबीएसई का कुल पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत रहा। देशभर के 22 रीजन में रांची रीजन को 13वां स्थान प्राप्त हुआ है। सीबीएसई कक्षा 12वीं की मुख्य परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा में विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। झारखंड से इस वर्ष लगभग 49 हजार से 50 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। राज्य में सीबीएसई से संबद्ध लगभग 480 से 500 प्लस टू स्कूलों के छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिले की बात करें तो यहां सीबीएसई से संबद्ध लगभग 70 से 80 प्रमुख प्लस टू स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें डीपीएस रांची, जेवीएम श्यामली, डीएवी कपिलदेव, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, लॉरेटो कॉन्वेंट सहित कई प्रमुख शिक्षण संस्थान शामिल हैं। रांची शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर लगभग 12 से 15 हजार विद्यार्थियों ने इस वर्ष सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में भाग लिया। रिजल्ट जारी होने के बाद स्कूलों और विद्यार्थियों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। कई स्कूलों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विज्ञान और वाणिज्य संकाय में छात्रों ने बेहतर अंक हासिल किए वहीं कला संकाय के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन माध्यम से अपना परिणाम देखने के लिए सुबह से ही सक्रिय रहे। रांची जिले की सीबीएसई कोऑर्डिनेटर जया चौहान ने कहा कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बावजूद बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा का पैटर्न विश्लेषणात्मक और कॉन्सेप्ट आधारित था। बावजूद छात्रों ने मेहनत और अनुशासन के बल पर अच्छे अंक प्राप्त किए। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सीबीएसई द्वारा कंपार्टमेंट और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया भी निर्धारित समय पर शुरू की जाएगी जिससे छात्रों को सुधार का अवसर मिलेगा। रिजल्ट जारी होने के साथ ही अब देशभर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन प्रक्रिया भी तेज होने की संभावना है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र अब आगे की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं स्कूल प्रबंधन ने भी बेहतर परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने की तैयारी शुरू कर दी है।




C M Y K

# खाद्य सुरक्षा को लेकर शिविर सम्पन्न, 220 खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा विनियम, 2011 के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई के फॉसटैक कार्यक्रम के अंतर्गत गिरिडीह में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 एवं 12 मई 2026 को मातृत्व एवं शिशु इकाई, चैताडीह में आयोजित हुआ, जिसमें कुल 220 खाद्य कारोबारियों एवं फूड हैंडलर्स ने भाग लिया।

वहीं आगामी 13 मई को साहू धर्मशाला, चांदनी चौक, राजधनवार में भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफएसएसएआई के सूचीबद्ध प्रशिक्षक डॉ. राकेश सिंह ने कैटरिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं रिटेल व्यवसाय से जुड़े गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस जी एमपी गुड हाइजीनिक प्रैक्टिस जीएचपी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी तथा फूड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम एफएस एमएस की विस्तृत जानकारी दी शिविर के दौरान खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसमें खाद्य विषाक्तता एवं संक्रमण, एलर्जी, खाद्य जनित रोग, फूड ग्रेड रंग, पैकेजिंग सामग्री, सुरक्षित भंडारण, व्यक्तिगत एवं कार्यस्थल की स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम, पेयजल मानक, कीट नियंत्रण, परिवहन, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड एवं कचरा प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहे यह प्रशिक्षण शिविर फॉसटैक के ट्रेनिंग पार्टनर 360 रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त सभी खाद्य कारोबारियों को एफएसएसएआई द्वारा अनुमोदित प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा मौके पर मौजूद खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने कहा कि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए फूड लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस या पंजीकरण के व्यवसाय संचालित करने पर जुमार्ने का प्रावधान है उन्होंने कारोबारियों को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने एवं मिसब्रांडिंग के खतरों के प्रति भी जागरूक किया कार्यक्रम को सफल बनाने में 360 रिसर्च फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अमीत कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रोजेक्ट मैनेजर राहुल कुमार, शुभम कुमार तथा खाद्य सुरक्षा कार्यालय गिरिडीह के मो. वसीम अकरम एवं मनीष कुमार का विशेष योगदान रहा।

## खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं एवं फल विक्रेताओं हेतु दिशा-निर्देश जारी

**गिरिडीह।** जिले में हाल के दिनों में गुपचुप, पानीपुरी एवं अन्य खुले खाद्य पदार्थों के सेवन से फूड पॉइजनिंग की घटनाओं के सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने खाद्य व्यवसाय संचालकों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं तथा फल विक्रेताओं के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए साफ कहा है कि जनस्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार गुपचुप, पानीपुरी, चाट, फास्ट फूड, ठेला एवं फुटपाथ दुकानदारों सहित सभी स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सामग्री तैयार करने में केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग किया जाए तथा खाद्य पदार्थों को साफ-सुथरे वातावरण में तैयार एवं सुरक्षित तरीके से संग्रहित किया जाए निर्देशों में कहा गया है कि मसाले, आलू, चटनी एवं अन्य उपयोग में आने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी ताकि संक्रमण अथवा खाद्य जनित बीमारियों की संभावना न रहे। ग्राहकों को खाद्य सामग्री परोसते समय दस्ताने ग्लव्स का उपयोग करना अनिवार्य होगा। साथ ही विक्रेताओं को साफ कपड़े, एप्रन, मास्क एवं कैप पहनने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा दुकान एवं आसपास के क्षेत्र की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया है प्रशासन ने बासी, खराब अथवा दूषित खाद्य सामग्री के उपयोग एवं बिक्री पर कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि केवल ताजा एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का ही विक्रय किया जाए। खाद्य रंग, फ्लेवर एवं अन्य रसायनों का उपयोग केवल एफएसएसएआई मानकों के अनुरूप ही किया जा सकेगा। वहीं पैक्ड खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यवसायियों को लाइसेंस नंबर, निर्माण तिथि एवं अन्य आवश्यक विवरण अंकित करना अनिवार्य होगा फल विक्रेताओं के लिए जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि फलों को कृत्रिम रूप से पकाने हेतु कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# सलैया रेलवे रोड आंदोलन का असर, सांसद की पहल से जगी उम्मीद : राजेश सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सलैया स्टेशन रोड की बदहाल स्थिति को लेकर चल रहे आंदोलन का असर अब दिखने लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने कहा कि सलैया स्टेशन रोड पिछले दो वर्षों से जर्जर अवस्था में है। यह सड़क बड़ी गाड़ियों, स्कूल वाहनों, टोटो, ऑटो और निजी वाहनों के आवागमन का मुख्य मार्ग है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि सामाजिक कार्यकताओं, स्थानीय मोहल्लावासियों और सलैया संघर्ष समिति द्वारा लगातार बैठक, पदयात्रा और आंदोलन किए जा रहे हैं। मीडिया ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर आम जनता तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आंदोलन को हर सप्ताह और तेज किया जाएगा सिन्हा ने बताया कि आंदोलन की शुरूआत के बाद रेलवे अधिकारियों ने सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों से बातचीत की थी।

इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश जलान समेत अन्य लोगों ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी। सांसद ने रेलवे को पत्र लिखकर सड़क निर्माण की पहल की है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द काम शुरू होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि एक महीने तक इंतजार किया जाएगा, उसके बाद भी काम नहीं होने पर आंदोलन लगातार जारी रहेगा राजेश सिन्हा ने कहा कि इससे पहले भी पचंबा के सामाजिक कार्यकर्ता रेलवे मंत्री से मिलकर सलैया स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग कर चुके हैं, ताकि शहर से सटे इस स्टेशन से अधिक यात्री लाभान्वित हो सकें। लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। उस समय भी सांसद की पहल से ही प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात संभव हो पाई थी उन्होंने न्यू गिरिडीह स्टेशन रोड की जर्जर हालत पर भी चिंता जताई। कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश जलान को इस सड़क के संबंध में भी आवेदन देना चाहिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि को सड़क की स्थिति से अवगत कराया गया है तथा फोन पर भी जानकारी दी गई है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

सिन्हा ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से अपील करते हुए कहा कि न्यू गिरिडीह स्टेशन रोड और सलैया स्टेशन रोड को सामूहिक प्रयास से जल्द दुरुस्त कराया जाए, अन्यथा जनता ह्लहल्ला बोलह्व आंदोलन के लिए बाध्य होगी अंत में उन्होंने पचंबा, हांडाडीह सहित सभी ग्रामीणों और इस मुहिम में सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सलैया संघर्ष समिति की जागरूकता से अब क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए लड़ाई और मजबूती से लड़ी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधन समिति एवं आकांक्षी प्रखंडों के सूचकांकों की समीक्षा

**हजारीबाग (नबिटाब)।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में आज 13 मई को डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) प्रबंधन समिति एवं नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंडों के प्रमुख सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंडों के प्रमुख सूचकांकों के लिए प्राप्त राशि एवं उससे संबंधित योजनाओं की प्रगति एवं पूर्णता की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति पर विशेष जोर दिया। डीएमएफटी प्रबंधन समिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने इस मद की राशि का समुचित सदुपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को



योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि भवन निर्माण जैसी योजनाएं पूर्ण होते ही संबंधित विभागों को तत्काल हैंडओवर किया जाए, ताकि उनका उपयोग शीघ्र प्रारंभ हो सके। साथ ही, भूमि उपलब्धता की समस्या अथवा वन विभाग से एनओसी के अभाव में लंबे समय से लंबित योजनाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं हो पाने की स्थिति में संबंधित विभाग यथाशीघ्र इसकी जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध कराए गए ट्राईसाइकिल को समाज कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से शीघ्र ही जरूरतमंद लाभुकों के बीच वितरित करने का निर्देश दिया। साथ ही डीएमएफटी मद से सदर अस्पताल में उपलब्ध कराए गए विभिन्न चिकित्सकों, लैब टेक्नीशियन, हेल्थ मैनेजर आदि के कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, एसडीओ श्री आदित्य पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज कुमार तिवारी विभिन्न कार्यकारी एजेंसी व अन्य मौजूद थे।

### सुसज्जित बार एसोसिएशन भवन बन जाने से अधिवक्ताओं को होगी सहूलियत : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन निर्माण के लिए बुधवार को भूमि पूजन व शिलान्यास हुआ। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, महासचिव अजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर पीडीजे श्री राम शर्मा ने शिलान्यास पट का अनावरण किया। मौके पर संवेदक चंद्रशेखर सिंह छोटू ने विधिवत ढंग से शिलान्यास कार्यक्रम को संपन्न कराया। इधर पलामू जिला बार एसोसिएशन के लिए बहुप्रतीक्षित भवन के शिलान्यास होने से अधिवक्ताओं के साथ- साथ आम जनमानस में काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व संचालन दिवाकर दुबे ने किया।पीडीजे श्रीराम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। मौके पर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा ने कहा कि सुसज्जित बार एसोसिएशन के भवन बन जाने से अधिवक्ताओं को काम करने मे सहूलियत होगी। कहा कि वे भी अधिवक्ताओं के दुख व दर्द को समझते हैं । गर्मी के दिनों में खपरैल व टीन के छत के नीचे बैठकर काम करना कितना मुश्किल होता है। भवन बन जाने से इसका लाभ सभी अधिवक्ता उठायेंगे। उन्होंने कहा कि भवन में अधिवक्ता के लिए कॉन्फ्रेंस हॉल हो चेम्बर हो साथ ही प्रसाधन के सुविधा हो। मौके पर पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पलामू आते ही उन्हें सुनहरा अवसर मिला है।आज जिस अधिवक्ता संघ भवन का नीव रखी गयी है, इसमें बहुत लोग को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोगो को सुलभ न्याय कैसे दिलाया जाय इसके लिए भी काम करने की जरूरत है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ की स्थापना 1892 में हुई थी। तब से बार एसोसिएशन का सुसज्जित भवन नहीं है। आज का दिन हम सभी अधिवक्ताओं के लिए गौरव का दिन है। 5 करोड़ 75 लाख की लागत से 80 फीट लम्बा व 40 फिट चौड़ा भवन बनेगा। मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार, श्वेता ढींगरा, राजकुमार मिश्रा, आयशा खान, आभास कुमार,सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि शंकर पांडे, गौरव खुराना, डालसा सचिव राकेश रंजन, सौरभ कुमार गौतम, प्रज्ञेष निगम, कमल प्रकाश, निर्भय प्रकाश, रोजलीना बारा, रशिम चंदेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, नितिन कुमार पांडेय,दे० कुमार समेत दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।



### मईया सम्मान योजना सत्यापन में अवैध वसूली का आरोप, एसडीओ से की शिकायत

**मेदिनीनगर/पलामू (नबिटासं)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत बेल बिगहा पंचायत के धावाबार आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सीमा कुमारी पर मईया सम्मान योजना एवं पेंशन सत्यापन के नाम पर अवैध राशि वसूली करने का आरोप लगा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद को आवेदन देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सेविका द्वारा मईया सम्मान योजना के लाभुकों से सत्यापन के नाम पर पद का दुरुपयोग करते हुए 100 से 200 रुपये तथा पेंशनधारियों से 100 रुपये तक की राशि ली जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पैसा नहीं देने पर योजना बंद कराने की धमकी भी दी जा रही है।

# साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गिरिडीह द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई साइबर थाना एवं पुलिस की विशेष टीम द्वारा बेंगाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेहरिया जंगल में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ साइबर अपराधी मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।




सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने छापेमारी कर छह साइबर अपराधियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड तथा 5 बाइक बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ह्लमहानगर गैस बिल अपडेट .ऐपक ह्व, ह्लई- चालान चेक .ऐपक ह्व और ह्लएमजी एल गैस .ऐपक ह्व जैसे फर्जी लिंक एवं एपीके फाइल भेजकर लोगों को अपने झांसे में लेते थे और बैंक खाते से अवैध निकासी करते थे गिरफ्तार आरोपियों में मेहन्द्र कुमार मंडल, कृष्ण कुमार मंडल, ईश्वर मंडल, पंकज कुमार मंडल, राजेश कुमार मंडल तथा आदित्य कुमार मंडल शामिल हैं। सभी आरोपी गिरिडीह जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या 14/2026, दिनांक 12.05.2026 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें और साइबर ठगी से सतर्क रहें।

# नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान 100 ठिकानों पर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग पुलिस ने जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 12/13 मई 2026 की रात जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ के सेवन, खरीद-बिक्री और तस्करी में शामिल लोगों के विरुद्ध व्यापक छापेमारी अभियान संचालित किया गया। अभियान में जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों की निगरानी में कुल 43 टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में 118 पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

पुलिस ने पिछले पांच वर्षों में मादक पदार्थ मामलों में संलिप्त रहे अभियुक्तों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के कुल 100 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 77 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। सत्यापन एवं हिदायत के बाद उन्हें पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। वहीं दो आरोपियों को 32 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में नशे के कारोबार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। आम लोगों से भी अपील की गई है कि अपने क्षेत्र में नशे के कारोबार, सेवन या अड्डेबाजी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 15 मई से समर कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 15 मई से पांच दिवसीय भव्य समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप 19 मई तक चलेगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे भाग लेंगे समर कैंप में बच्चों के लिए खेलकूद, कला एवं आधुनिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।




अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को स्विमिंग, वाटर पोलो, मनोरंजक गेम्स, वेस्टर्न एवं क्लासिकल डांस, पेंटिंग तथा मैजिक शो जैसी रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास को नई दिशा देना है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ अपनी छिपी प्रतिभाओं को भी पहचान सकें संस्थान के प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने बताया कि समर कैंप की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है जिससे बच्चे खेल-खेल में नई तकनीक, रचनात्मकता और जीवन कौशल सीख सकें। उन्होंने कहा कि यह कैंप केवल विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि बाहरी बच्चों के लिए भी खुला रहेगा समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक अभिभावक विद्यालय कार्यालय में संपर्क कर अपने बच्चों का नामांकन करा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिए 6207900130 एवं 6207900131 पर संपर्क किया जा सकता है।

# 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने दिखाई हिम्मत

## ऑपरेशन के महज 4 घंटे बाद फिर से चलीं अपने पैरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गंभीर हृदय रोग से पीड़ित 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए कूल्हे की हड्डी (हिप) में फ्रैक्चर होना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। उम्र और कमजोर स्वास्थ्य को देखते हुए परिजनों की चिंता बढ़ गई थी, लेकिन मर्सी हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने कठिन परिस्थिति में भी सफलतापूर्वक बड़ी सर्जरी कर मरीज को नई जिंदगी देने का काम किया अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बुजुर्ग महिला को गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि उन्हें हृदय संबंधी गंभीर समस्या भी है, जिसके कारण ऑपरेशन काफी जोखिमपूर्ण माना जा रहा था। इसके बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों, एनेस्थीसिया टीम और नर्सिंग स्टाफ की सतर्क निगरानी में सफलतापूर्वक हिप सर्जरी की गई इस सफल सर्जरी का नेतृत्व ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. रोऊशुद्दीन ने किया। उनकी विशेषज्ञता और चिकित्सकीय अनुभव के कारण जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका सबसे खास बात यह रही कि ऑपरेशन के महज 4 घंटे बाद ही महिला को डॉक्टरों की देखरेख में खड़ा कराया गया और उन्होंने अपने पैरों पर चलना शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने इसे आधुनिक चिकित्सा तकनीक, बेहतर पोस्ट ऑपरेटिव केयर और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण बताया मर्सी हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. परम हंस मिश्रा ने कहा कि बुजुर्ग मरीजों में हिप फ्रैक्चर के बाद समय पर ऑपरेशन और शीघ्र मोबिलाइजेशन बेहद जरूरी होता है, ताकि अन्य जटिलताओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल मरीजों को बेहतर और सुरक्षित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार कर रहा है मरीज के परिजनों ने भी अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार जताते हुए इसे ह्लनई जिंदगीह्व मिलने जैसा बताया। यह सफल सर्जरी मर्सी हॉस्पिटल की उन्नत चिकित्सा व्यवस्था और डॉक्टरों की दक्षता का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को राजीव कांग्रेस भवन, गिरिडीह में जिला अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी मुरारी कुमार एवं देवघर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने के लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। साथ ही पिछले दिनों किए गए संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नीट (नीट ) पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने तथा छात्रों के हित में आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया। नेताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके अलावा मनरेगा योजना को बचाने और ग्रामीण रोजगार में आ रही बाधाओं के खिलाफ अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनें और संगठन को आम जनता से और अधिक जोड़ें बैठक में जिला एवं विधानसभा स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत विनोबा नगर मेरावल सिंदूर कॉलोनी की जर्जर सड़क से लोग परेशान

## बरसात में सड़क बन जाती है तालाब, स्कूली बच्चों, विद्यार्थियों और राहगीरों को होती है भारी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग शहर के संत विनोबा नगर स्थित मेरावल सिंदूर कॉलोनी की सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के समय स्कूली बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो जाता है। पानी और कीचड़ से भरी सड़क पर फिसलने का खतरा बना रहता है। कई बार छोटे बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।





स्थानीय निवासी **नवीन सिन्हा** ने कहा कि मेरावल सिंदूर कॉलोनी विनोबा भावे विश्वविद्यालय से सटी हुई है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी किराये पर रहकर पढ़ाई करते हैं। कॉलोनी की आबादी भी काफी अधिक है और सड़क पर दिन-रात लोगों का आना-जाना लगा रहता है। खराब सड़क के कारण विद्यार्थियों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।



**गिरधर सिंह** ने कहा कि सड़क पर जलजमाव होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह सड़क खतरे का कारण बन गई है। अनिल गुप्ता ने बताया कि कई बार नगर निगम और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। अरविंद प्रसाद ने कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण कॉलोनी के लोगों को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रशासन को जल्द पहल कर सड़क निर्माण कराना चाहिए।



**प्रेम सिन्हा** ने कहा कि सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शाम के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अमर कुमार सिन्हा ने बताया कि खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कत होती है। कई बार बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं।



**रामखेलावन यादव** ने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सतेंद्र मेहता ने प्रशासन से जल्द सड़क मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# बरियातू रोड से बूटी मोड़ तक अतिक्रमण हटाया, अवैध विज्ञापन पर 25 हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए रांची नगर निगम लगातार सघन अभियान चला रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने बरियातू रोड, बड़गाई चौक, पीएचईडी चौक से बूटी मोड़ तक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।



अभियान के दौरान सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, गुमटी और अस्थाई ढांचों पर कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर नगर निगम ने सार्वजनिक दीवारों पर अवैध विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाते हुए एक निजी सिक्योरिटी एजेंसी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई करते हुए दो दुकानों, छह काउंटर, 70 फ्रूट कैरेट और चार ठेलों को जब्त किया गया। इसके अलावा पांच अवैध संरचनाओं को भी हटाया गया। निगम की टीम ने नालियों के ऊपर बनाए गए अवैध ढांचों को भी तोड़ा, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सड़क और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। निगम ने स्पष्ट किया कि आगे भी शहर के विभिन्न इलाकों में नियमित रूप से यह अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इधर, शहर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर निगम ने अवैध विज्ञापन लगाने वालों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, दीवारों और सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक पेंटिंग और कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है लेकिन कई संस्थाएं और प्रतिष्ठान इन सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति पोस्टर, बैनर और विज्ञापन चिपकाकर शहर की सुंदरता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## लापता युवक की खोज के लिए बनाई गई एसआईटी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र से लापता युवक अमृतराज अंशु की तलाश के लिए पुलिस लगातार जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब पुलिस ने एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है। एसपी कपिल चौधरी द्वारा बनाई गई इस टीम में डीएसपी राजीव रंजन, डीएसपी राजेश यादव, टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, सदर थाना प्रभारी लालजी, सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार और सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार गुप्ता शामिल हैं। दरअसल, अमृतराज अंशु मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर सुदना के इलाके का रहने वाला है। 11 मई को अमृतराज घर से मंदिर में पूजा करने की बात बोलकर निकला था। पूजा करने के बाद युवक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने युवक की काफी खोजबीन की और बाद में पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पलामू एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि लापता युवक के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया है। डीएसपी राजीव रंजन और डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में यह टीम जांच में जुट गई है। पु

# स्मार्ट मीटर के बाद भी नहीं थमी उपभोक्ताओं की परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के प्रति उपभोक्ताओं की बिजली बिल संबंधी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पुराने मीटरों की जगह राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। इन दिनों विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगाए जा रहे विशेष कैंप में भी बड़ी संख्या में शिकायतें पहुंच रही हैं। इसी क्रम में रांची के किशोरगंज निवासी आनंद प्रकाश का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। एक साधारण परिवार से जुड़े आनंद प्रकाश को 5 लाख 62 हजार रुपये का बिजली बिल थमा दिया गया, जिसे देखकर पूरा परिवार सदमे में है। हरमू पावर सब स्टेशन में आयोजित जेबीवीएनएल कैंप में पहुंचे आनंद प्रकाश ने बताया कि करकट के चार कमरों वाले उनके घर में अचानक इतना भारी भरकम बिल आना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है और चार भाइयों के परिवार में दो की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में इतना बड़ा बिल चुकाना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने विभाग से अपील करते हुए कहा कि या तो बिल में सुधार किया जाए, या फिर किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जाए अथवा राहत प्रदान की जाए। आनंद प्रकाश ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी वे कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं मिला। उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान निकल सकेगा। वहीं, गंगानगर निवासी विकास गुप्ता ने भी विभागीय लापरवाही की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में उनके घर से बिजली मीटर चोरी हो गया था, जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय थाना में दर्ज कराई थी। इसके बाद उन्होंने जेबीवीएनएल अधिकारियों को आवेदन देकर नया मीटर लगाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विकास गुप्ता का कहना है कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। इन मामलों से स्पष्ट है कि स्मार्ट मीटर लगाने के बावजूद उपभोक्ताओं की समस्याएं कम होने के बजाय बनी हुई हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

# दो वर्षों से जल मीनार का मोटर है खराब, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। ऐसे में जल संकट अब विकराल समस्या बनती जा रही है। लातेहार सदर प्रखंड के दुगिला इचाक में पिछले दो वर्षों से जल मीनार खराब है। जिससे ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इस टोले में लगभग 25 से अधिक परिवार निवास करते हैं। लेकिन यहां सरकारी स्तर पर एक भी चापाकल नहीं है। इलाके में नल जल योजना के तहत जो जल मीनार लगाई गई थी, वह भी पिछले दो वर्षों से बेकार पड़ी हुई है। हालांकि मामले की सूचना मिलने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता ने इस पर संज्ञान लिया है। लेकिन उन्होंने कहा है कि जल मीनार के मोटर को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे पानी की समस्या को दूर किया जाएगा। दरअसल लातेहार जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 2 से बिल्कुल सटा हुआ इचाक पंचायत है, इस पंचायत के दुगिला टोला में मुख्य रूप से आदिवासी और दलित परिवार के लोग रहते हैं। लगभग 25 परिवार का यह टोला पानी की कमी से परेशान है। स्थानीय ग्रामीण विनोद उरांव ने बताया कि आसपास में कोई भी चापाकल या कुआं नहीं है। जिसके कारण लोगों को पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। गांव में लगी पानी टंकी पिछले दो वर्षों से खराब है। कंपनी वाले खराब मोटर को 2 साल पहले ही लेकर गए हैं, लेकिन आज तक उसे बनाकर जल मीनार में नहीं लगाया, जिस कारण यहां के लोगों को पानी की घोर समस्या हो गई है। वहीं ग्रामीण तुलसीराम, दशरथ उरांव आदि ने बताया कि पानी के लिए पूरे गांव के लोग परेशान हैं।

# चतरा में पेट्रोल-डीजल संकट, कतारें लंबी, खतरे में स्वास्थ्य सेवाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत ने विकराल रूप ले लिया है। दर्जनों पेट्रोल पंप पूरी तरह सूख चुके हैं, जबकि बचे हुए पंपों पर सुबह से ही भीड़ और युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। आम नागरिकों से लेकर एम्बुलेंस सेवाओं तक पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन अभी तक इस गंभीर समस्या से अनभिज्ञ नजर आ रहा है। जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लटक रहे हैं। जिन थोड़े से पंपों पर ईंधन उपलब्ध है, वहां लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि पंप संचालक अपनी मर्जी से मात्र 100 से 400 रुपये तक का ही तेल दे रहे हैं। इस अनौपचारिक राशनिंग व्यवस्था से लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालक और निजी वाहन स्वामी खासे परेशान हैं। कई लोग जरूरी काम छोड़कर घंटों कतार में खड़े रहने को मजबूर हैं। पड़ोसी जिलों में भी तलाश, स्थिति जस की तस



ईंधन की तलाश में कई लोग पड़ोसी जिलों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन वहां भी हालात ऐसी ही हैं। जिले की सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि पेट्रोल पंपों पर चहल-पहल और शोरगुल की स्थिति बनी हुई है।

**एम्बुलेंस सेवाएं ठप होने की कगार पर, मरीजों के लिए खतरा**

संकट का सबसे गंभीर पहलू स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा है। जिले के एम्बुलेंस चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो गंभीर मरीजों को रेफर करना असंभव हो जाएगा। चालकों का कहना है कि पंपों पर उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जा रही है और सीमित ईंधन में मरीजों को ले जाना जोखिम भरा साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति किसी भी समय बड़ी अनहोनी को न्योता दे सकती है।

पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि तेल डिपो से टैंकरों की आपूर्ति बाधित हो गई है। समय पर टैंकर न पहुंचने के कारण उनका स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है। संचालक भारी दबाव में हैं और बचे हुए स्टॉक को आपातकालीन स्थितियों के लिए बचाकर रखने की कोशिश कर रहे हैं।

**प्रशासन का रुख- कोई शिकायत नहीं मिली**

हैरानी की बात यह है कि पूरे जिले में मचे इस हाहाकार के बीच जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीति कुमारी का कहना है कि उन्हें अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा, "अगर कोई पंप संचालक जानबूझकर तेल नहीं दे रहा या मनमानी कर रहा है, तो लोग शिकायत करें। प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।" डीएसओ ने आश्वासन दिया कि यदि आपूर्ति में कोई तकनीकी समस्या है तो वे संबंधित तेल कंपनियों से बात करके जल्द समाधान निकालेंगी।

**पूर्व रेलवे**

**सं. एमसी/40/सी/आरएसपी/डोर ब्लॉकिंग/2026–27, दिनांक 12.05.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: एमसी–40–सी–डोर ब्लॉक–आरईवी, कार्य का नाम:** "3000 बीओएक्सएन वैगनों में दरवाजों की ऊँचाई को कम करना एवं ब्लॉकिंग"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,56,86,735/–, **बयाना राशि:** रु. 5,13,800/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 03.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www. ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-75/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# स्नातक परीक्षा केंद्र की पुनः बहाली का मिला आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बुधवार को छात्र जदयू के सदस्यों ने पटना के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार से मुलाकात किया। जिसका नेतृत्व छात्र जदयू के नालंदा जिला पूर्वी भाग के अध्यक्ष आशीष कुमार पटेल एवं ऋषु पटेल ने किया। बताया गया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के स्नातक एसयू कॉलेज का परीक्षा केंद्र पहले हिलसा के सरदार पटेल कॉलेज में हुआ करता था, लेकिन हाल ही में स्नातक सेमेस्टर-6 का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ कर दिया गया था।



इससे हिलसा के विद्यार्थियों को करीब 35 किलोमीटर दूर परीक्षा देने जाना पड़ रहा था। छात्र जदयू ने परीक्षा केंद्र को पुनः हिलसा में बहाल करने को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और लगातार प्रयास किया। छात्र नेताओं ने बताया कि बिहारशरीफ जाने के दौरान विद्यार्थियों के विशेषकर छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं सेमेस्टर-6 की परीक्षा देकर लौट रहे एक छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो गई थी। लगातार प्रयासों के बाद बुधवार को सफलता मिली, जब पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने आश्वासन दिया कि अब एसयू कॉलेज का स्नातक परीक्षा केंद्र हिलसा के सरदार पटेल कॉलेज में ही रहेगा। साथ ही आगामी 20 मई से होने वाली सेमेस्टर-2 परीक्षा के लिए 16 मई को एडमिट कार्ड जारी करने की बात भी कही गई। इस आश्वासन के बाद छात्र जदयू एवं स्नातक विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। मौके पर राकेश कुमार, अंकुश रंजन, सतीश कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# सियाराम किलाधीश करुणा निधान शरण ने लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अयोध्या के सियाराम किलाधीश स्वामी करुणा निधान शरण महाराज ने मंगलवार को न्यू एरिया मोहल्ले में आर के लाइब्रेरी का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संदेश दिया। संत करुणा निधान शरण महाराज ने कहा कि शिक्षा ऐसा अनमोल रतन है, जिससे कभी धन तोल नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवान लोग विदेश में भी पूजे जाते हैं, जबकि धनवान की कदर तो केवल उनकी अपनी जगह ही होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबी से निकालने तथा समाज में बड़ा बनकर राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा ही हो सकता है। इसे अपनाने वाला सदा सर्वदा जीवन में सुखी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नैतिक शिक्षा तथा संस्कार भी दिए जाने चाहिए। संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है, वैसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। निर्देशक राकेश कुमार तथा रौनक कुमार, अमन कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प लिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत पानागढ़, दुर्गापुर और जसीडीह रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट (पीबीसीओ) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–पीबीसीओ–26–5**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी और कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–पीएएन–पीएस–152–26–1,** पानागढ़ (कैटेगरी–बी) रेलवे स्टेशन में दक्षिण भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 400 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में एक प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–पीएस–154–26–1,** जसीडीह (कैटेगरी–ए) रेलवे स्टेशन पर, एमएफसी बिल्डिंग के सामने पुराने सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित, 600 वर्ग फुट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में दर्शाया गया है) के निर्धारित क्षेत्र में, प्रीमियम ब्राण्ड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्षों के लिए प्रावधान। **एए/3, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–पीएस–151–26–1,** दुर्गापुर (कैटेगरी–ए) रेलवे स्टेशन पर मेन स्टेशन बिल्डिंग के पास मौजूदा पीआरएस बिल्डिंग में स्थित 1170 वर्गफीट के निर्दिष्ट क्षेत्र (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में एक प्रीमियम ब्रांड कैटरिंग आउटलेट का 05 वर्ष के लिए परिचालन और रखरखाव। **ई–नीलामी की तिथि और समय:** दिनांक 25.05.2026 को 12.00 बजे (क्रम सं. एए/1 से एए/3 प्रत्येक के लिए)।

ASN-77/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गिरियक चेन स्नैचिंग कांड का खुलासा, तीन बदमाश धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र में महिला से हुई चेन छिनतई की घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत अन्य आभूषण भी बरामद किए हैं। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को महिला चिंता देवी ने गिरियक थाना में आवेदन देकर जानकारी दी थी कि सुबह करीब 5:30 बजे वह दूध लेकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान आदमपुर के पास बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। घटना के बाद गिरियक थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। तकनीकी शाखा एवं गिरियक थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर महज 12 घंटे के भीतर पूरे मामले



का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान धीरज कुमार निवासी अम्बा थाना भागन बिगहा, अभिषेक कुमार निवासी फतेहाबाद थाना दीपनगर तथा रवि कुमार वर्मा निवासी पंडित गली पुलपर थाना बिहारशरीफ के रूप में हुई है। तीनों आरोपित नालंदा जिले के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन के अलावा जिले के अन्य इलाकों से छीने गए एक अन्य सोने की चेन, दो झुमका, एक अंगूठी और एक टॉप्स भी बरामद किया है। इस सफल कार्रवाई में गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार, तकनीकी शाखा प्रभारी आलोक कुमार, राहुल कुमार, चंदन कुमार, विभाकर चौधरी, निशांत भूषण ज्ञानेन्दु समेत गिरियक थाना के सशस्त्र बल की अहम भूमिका रही।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (4), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। **क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.: 26_2026–27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/रामपुरहाट के अधीन इन स्थानों पर सेस मरम्मत–148637 घनमी कार्य:आजिमगंज–नलहाटी: डाउन 44.120–44.420=2100 घनमी, 44.480–45.030=3850 घनमी, 44.600–44.660=420 घनमी, अप 43.880–44.000=840 घनमी, 44.690–44.990=2100 घनमी, सांईथिया–नलहाटी: डाउन 93.150–93.360=2835 घनमी, 93.840–93.960=1620 घनमी, 107.360–107.420=540 घनमी, 109.600–109.710=1017 घनमी अप 90.000–90.060=1710 घनमी, 92.420–92.650=4301 घनमी. नलहाटी–बोनीडंगा: डाउन 106.032–108.032=10000 घनमी, 117.880–118.500=3000 घनमी, 120.800–120.900=500 घनमी, 122.600–123.000=2000 घनमी, 123.480–124.020=7290 घनमी, 125.600–126.000=2000 घनमी, 127.500–127.600=500 घनमी, 128.000–128.200=1000 घनमी, 130.200–130.400=1000 घनमी, 137.000–137.420=4116 घनमी, 137.500–137.700=1000 घनमी, 141.700–141.800=500 घनमी, 143.040–143.640=4320 घनमी, 144.330–145.030=4725 घनमी, 147.430–148.460=8248 घनमी, 168.670–169.070=3000 घनमी, 170.250–172.050=11880 घनमी, अप 131.500–133.000=31350 घनमी, 142.040–142.840=3360 घनमी, 143.360–143.660=1890 घनमी, 144.400– 144.900=3750 घनमी, 147.510–148.010=3375 घनमी, 149.010–149.410=2700 घनमी, 168.010–169.010=7000 घनमी, 170.230–171.230=8800 घनमी, **अनुमानित मूल्य :** रु.4,88,19,150.85, **बयाना राशि :** रु. 9,76,400/–, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. : 27_2026–27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/रामपुरहाट के अधीन इन स्थानों पर सेस मरम्मत–172801 घनमी कार्य–रामपुरहाट–दुमका: एसएल 104.370 – 105.280=4550 घनमी, 107.260–107.520=1300 घनमी, 108.280–108.280=2500 घनमी, 118.140–118.260=2376 घनमी, 118.520–120.330=9025 घनमी, 120.520–120.640=3360 घनमी, 120.920–120.980=1920 घनमी, 124.010–124.700=3450 घनमी, 126.080–126.500=12936 घनमी, 126.600–126.960=11088 घनमी, 127,000–128.000=5000 घनमी, 128.370–129.400=5150 घनमी, 130.000–130.460 = 2300 घनमी, 132.114–132.440 =12960 घनमी, 134.470–135.080=3050 घनमी, 128.41–128.89=24576 घनमी, 128.92–129.4=26880 घनमी, 130.01–130.43=24192 घनमी, 134.72–135.08=14688 घनमी, 132.15–132.45=1500 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु.5,67,71,706.26, **बयाना राशि :** रु. 11,35,400/–, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 15 (पंद्रह) माह। **क्रम सं. 3, ई–निविदा सं. : 28_2026–27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण** : बांशलोई ब्रिज–बांशलोई ब्रिज स्टेशन पर नए फुट ओवर ब्रिज (6 मीटर चौड़ाई) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,25,67,994.52, **बयाना राशि :** रु. 6,51,400/–, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)**: शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 01.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-64/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत जसीडीह स्टेशन पर मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस), दुर्गापुर और जसीडीह स्टेशन पर ब्राण्डेड आइस क्रीम पार्लर, अंडाल और गिरिडीह स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) और वारिया स्टेशन पर कैटरिंग स्टॉल के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है:

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमपीएस–26–5**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमपीएस–एएसएन–जेएसएमई–एमपीएस–26–25–1, कार्य का विवरण:** जसीडीह रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 4 पर मेमू ऑफिस/वाल्व मैन रूम के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (सभी कैटेगरी लिए खुला), **ई–नीलामी की तिथि और समय:** 27.05.2026 को 10.00 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एमएसएस–एसटीजीईएन–9**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–जेएसएमई–एसटीजीईएन–147–26–1,** जसीडीह (जेएसएमई) स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्गफीट माप (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में निर्दिष्ट क्षेत्र में 05 (पाँच) वर्षों के लिए ब्राण्डेड आइस क्रीम पार्लर का परिचालन एवं रखरखाव। **एए/2, एमएसएस–एएसएन–डीजीआर–एसटीजीईएन–141–26–1,** दुर्गापुर स्टेशन में हेरिटेज रेल इंजन के पास, दक्षिण भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित 60 वर्गफीट माप (संलग्न स्केच प्लान में दर्शित अनुसार) में निर्दिष्ट क्षेत्र में ब्राण्डेड आइस क्रीम पार्लर का परिचालन एवं रखरखाव, **ई–नीलामी की तिथि और समय:** दिनांक 27.05.2026 को 12.00 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–सीएटीजी–26–2**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: सीएटीजी–एएसएन–ओवाईआर–जीएमयू–22–23–1,** जनरल माइनर यूनिट के अंतर्गत 05 वर्षो की अवधि के लिए वारिया रेलवे स्टेशन (कैटेगरी ई) पर प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल 10'x6' (60 वर्गफीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **ई–नीलामी की तिथि और समय:** 28.05.2026 को 11.00 बजे।

**नीलामी कैटलॉग सं. एएसएन–डब्ल्यूवीएम–26–4**

**क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस–एएसएन–जीआरडी–डब्ल्यूवीएम–22–25–1,** गिरिडीह रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए हैंडिकैप्ड गेट के पास स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, **एए/2, एमएसएस–एएसएन–यूडीएल–डब्ल्यूवीएम–25–25–1,** अण्डाल रेलवे स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म नं. 1–2 पर ओएचई मास्ट नं. 186/35 एवं 187/1 के बीच, स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) के संस्थापन एवं परिचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करना, **ई–नीलामी की तिथि और समय:** 28.05.2026 को 12.00 बजे।

ASN-79/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डीएवी प्रांगण में धूमधाम से मना मातृ दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार के प्रांगण में 9 मई 2026 को प्राचार्य वी.के. पाठक के मार्गदर्शन में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय संस्कृत शिक्षक विपिन कुमार मिश्रा एवं रामकुमार उपाध्याय के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कर किया गया, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भाग लेकर आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञोपरांत विद्यालय के धर्माचार्य सत्योम शास्त्री ने "जीवन में माता का महत्व" विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृ दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष का प्रत्येक दिन माता के सम्मान का दिवस होना चाहिए। उन्होंने "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी" का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को माता के प्रति आदर और कृतज्ञता की भावना विकसित करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बाल वाटिका-1 से कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ, गीत एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। वहीं विद्यालय की ओर से माताओं के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए अभिभावकों ने इसे प्रेरणादायक बताया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिकाओं स्वाति सिंह, सपना कुमारी, अनामिका घोष, राजेश्वरी, शिखा गुप्ता, नेहा कुमारी एवं प्राची कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

# मांगी मजदूरी मिली मौत

## ठेकेदार ने की मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** बिहार के गयाजी जिले में मजदूरी मांगने पर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

बताया जा रहा है कि चाकंद थाना क्षेत्र के पीरबिगहा में बकाया मजदूरी मांगने पर गुस्साए मुन्ना शाह ठिकेदार ने युवक इरफान शाह (30) की गमले और लाठी डंडे से मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार रात की है। चाकंद थाने के पीरबिगहा निवासी मृतक इरफान शाह के परिजनों ने मुन्ना शाह सहित अन्य परिजनों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं डीएसपी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपी के सभी अभियुक्त घर छोड़कर फरार हैं।

डीएसपी ने बताया कि 20 दिन का मजदूरी के पैसे उसके बकाए थे। मंगलवार को इरफान शाह रुपये मांगने गया था लेकिन इसी दौरान विवाद बढ़ने पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसकी वजह से वह बेहोश होकर गिर गया। उसे मगध मेडिकल लाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

पीड़ित के परिजनों को डीएसपी रवि प्रकाश सिंह ने सांत्वना दी हैं कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, अपलोग केवल विधि व्यवस्था बनाए रखें और प्रशासन को अपना काम करने दें।

- 20 दिनों की बकाया मजदूरी मांगने गया था युवक
- आरोपित घर छोड़कर सपरिवार हुआ फरार
- पुलिस कर रही मामले की गहन छानबीन
- डीएसपी ने पीड़ित परिजनों को न्याय का दिलाया भरोसा

## सैमसंग ने भारत में सर्टिफाइड रीन्यूड प्रोग्राम किया लॉन्च

**पटना।** सैमसंग ने भारत में अपने सर्टिफाइड री-न्यूड प्रोग्राम की शुरूआत की घोषणा की है। यह कंपनी-समर्थित पहल उपभोक्ताओं को अधिक किफायती कीमतों पर प्रीमियम गैलेक्सी स्मार्टफोन्स तक पहुंच प्रदान करती है, जिसमें गुणवत्ता, प्रदर्शन और भरोसेमंद अनुभव सुनिश्चित किया गया है। प्रोग्राम के तहत फ्लैगशिप और मिड-रेंज मॉडल्स सहित रिफर्बिश्ड गैलेक्सी डिवाइसेज कम कीमतों पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि सैमसंग की विश्वसनीयता, सुरक्षा और बेहतर यूजर एक्सपीरियंस के मानकों को बरकरार रखा जाएगा। सैमसंग इंडिया में डीटूसी बिजनेस और कॉर्पोरेट मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, सुमित वालिया ने कहा, ह्लसैमसंग में हमारा फोकस उपभोक्ताओं को हमारी टेक्नोलॉजी तक अधिक पहुंच प्रदान करने पर है, साथ ही गैलेक्सी डिवाइसेज से जुड़ी गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाए रखना भी प्राथमिकता है। सर्टिफाइड री-न्यूड प्रोग्राम इसी सोच को दशार्ता है, जो उपभोक्ताओं को अधिक किफायती कीमतों पर प्रीमियम अनुभवों तक भरोसेमंद पहुंच प्रदान करता है।

# औरंगाबाद के पूर्व डीएम सौरभ जोरवाल को शिक्षकों ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमाधारी टीआरई द्वितीय के शिक्षकों ने औरंगाबाद के पूर्व डीएम एवं वर्तमान में पूर्वी चंपारण के डीएम सौरभ जोरवाल को अंग वस्त्र,पौधा तथा सम्मान सह अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया ।साथ ही डीएम ने एनआईओएस टी आर ई द्वितीय के शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों के सौजन्य से भारत सरकार के पर्यावरण की सेवा एवं संरक्षा के उद्देश्य से लागू किए गए ₹एक पेड़ मां के नाम₹ योजना के तहत समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया एवं शिक्षकों को प्रकृति की सुरक्षा एवं संरक्षा करने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सेवा एवं संरक्षण ही सच्ची मानव सेवा है, हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक वृक्ष अवश्य लगानी चाहिए। हमारा पर्यावरण हरा भरा होगा तो हमारा जीवन भी हरा भरा होगा। एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमाधारी शिक्षकों ने जिला पदाधिकारी की सहजता, सरलता, संजीदगी और न्यायप्रियता तथा आमजनों की समस्याओं का समाधान करने की अदभुत क्षमता से प्रभावित होकर उन्हें सम्मानित करने तथा उनके कर कमलों से समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छठू सिंह ,जिला अध्यक्ष सेवा पूर्व प्रशिक्षित नियोजित शिक्षक संघ औरंगाबाद सह अभिभावक एनआईओएस डिप्लोमाधारी बीपीएससी शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रही उनके साथ साथ अभिषेक कुमार ,चंदन प्रभाकर, ओमनारायण सिंह, बलिराम शर्मा, शाइस्ता प्रवीण, मिनल सिंह ,सरिता कुमारी , सुबोध कुमार,शमा परवीन, सुनील कुमार,प्रहलाद कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा उनके अभिभावक के रूप में आजाद खान असरार अहमद इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## अष्टभुजी धाम महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पर महाआरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के ग्राम पिपरा स्थित शक्ति उपासना का महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में प्रथम अष्टभुजी महोत्सव की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया ।योग्य आचार्यों के सान्निध्य में सुबह सवेरे अष्टभुजी धाम परिसर स्थित माता अष्टभुजी एवं अन्य दर्जनों देवी देवताओं के मंदिरों में षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की गई संध्या में महाआरती का आयोजन किया गया।

महोत्सव के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर उपस्थित महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा, अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह,सचिव राजा दिलीप,कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत,सह सचिव संजय सिंह यादव एवं कर्मदेव पाल उपकोषाध्यक्ष लालमोहर प्रजापति के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के संदर्भ में आयोजन समिति के संयोजक सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी जम्होरिया ने बताया कि आज ही के दिन एक वर्ष पूर्व जन सहयोग से अष्टभुजी धाम महोत्सव की शुरूआत की गई थी।

कार्यक्रम के बेहतरीन प्रदर्शन एवं महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के प्रयास के बदौलत मात्र चार माह में ही बिहार सरकार कला संस्कृति विभाग द्वारा राजकीय दर्जा प्राप्त हुआ।


विदित हो कि पिपरा का यह अष्टभुजी धाम मां विंध्यवासिनी माता की प्रतिकृति है और अगल-बगल के सैकड़ो गांव की कुलदेवी के रूप में पूजी जाती हैं ।मौके पर सच्चिदानंद मिश्र, रामाशंकर भगत,अशोक भगत, गिरिजेश साव,सुरेंद्र साव,अर्जुन साव,अक्षय लाल गुप्ता,सुधीर पाल,मनिषा कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नीट पेपर लीक मामले की सेवानिवृत जज से जांच कराये जाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** नीट यू जी 2026 परीक्षा रद्द होने पर बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह अध्यक्ष बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ मगध विश्वविद्यालय इकाई प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने इस परीक्षा को आयोजित करने वाला राष्ट्रीय परीक्षण ऐजेंसि को दोषी बताते हुए कहा कि एटीए बड़े स्तर की परीक्षाएं सही तरीके से कराने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है।

नेताओं ने कहा कि एटीए के अंदर से ही कोई मिलीभगत से नीट यूजी 2026 का पेपर लीक होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि छोटे लोग अकेले इतना बड़ा पेपर लीक नहीं कर सकते हैं , इसमें बड़े और प्रभावशाली लोगों के शामिल होने की संभावना है।



नेताओं ने कहा कि पेपर चोरी करके टेलीग्राम और वाटसशएप ग्रुप पर लाखों रुपया में बेचा जाता है, इस तरह के पेपर लीक से लाखों, लाख छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है, तथा गरीब मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले छात्रों के माता-पिता, परिवार जमीन, गहने बेच कर पढ़ाते हैं, ऐसे में परीक्षा रद्द होने से उनका भरोसा टूट रहा है।

नेताओं ने कहा कि 2024 में भी पेपर लीक के आरोप सामने आए थे, लेकिन जांच में कोई नतीजा सामने नहीं आया, ना ही जांच से कोई बड़ा नतीजा निकला, इस बार भी जांच सीबीआई को दिया गया है, जिसकी जांच पूरी होने में वर्षों लग जाएगा, तब तक पूरी मेडिकल की ही पढ़ाई समाप्त हो जाएगा।

नेताओं ने कहा कि हाल में एम बी बी एस की परीक्षा में आर्यभट्ट टेक्निकल यूनिवर्सिटी में जब छात्रों द्वारा मोबाइल किताब से चोरी कर लिखा जा रहा था, उसे रोकने पर छात्रों द्वारा हंगामा हुआ तथा परीक्षा भी रद्द होने पर यह चर्चा आम हो गई कि चाहे नीट कि परीक्षा में भ्रष्टाचार से निकले ये चोरी करने वाले छात्र है, या मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई ही नहीं होती।

नेताओं ने केंद्र सरकार से नीट यू जी परीक्षा 2026 के पेपर लीक की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में कराने की मांग की है।

## शत प्रतिशत परिणाम से बच्चों के खिले चेहरे

**अररिया ।** यह स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के टॉप-5 छात्र-छात्राओं का परिणाम यथा मोनिका कुमारी 88.2%, नफीसा नाज 85.2%, अतुल कुमार 84.4%, इंशा हुसैन 84.2%, सुहानी आर्या 83% रहा। परिणाम का वर्गीकरण इस तरह यथा 80% से 90% 12 विद्यार्थी, 70% से 79% 18 विद्यार्थी, 60% से 69% झ्र 18 विद्यार्थी,50% से 59% 08 विद्यार्थी सफल रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

## हथियारबंद अपराधियों ने लूटे कैश वैन से लाखों रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के जोल बीघा में बुधवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार सिक्योरिटी वैन से करीब 27 लाख रुपये लूटकर अपराधी फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि सिक्योरिटी वैन निर्धारित रूट से गुजर रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए पांच हथियारबंद अपराधियों ने जोल बीघा के पास वैन को रोक लिया। अपराधियों ने हथियार के बल पर सुरक्षाकर्मियों को कब्जे में लेकर रुपये से भरा बॉक्स लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि सुरक्षाकर्मी संभल भी नहीं सके।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर कई थानों की पुलिस टीम और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे तथा पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इसके अलावा इलाके में वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी बीच पुलिस ने घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर लूटा गया बॉक्स बरामद कर लिया है। हालांकि, उसमें रखी नकदी के संबंध में पुलिस फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं बता रही है। घटना की पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि वैन से 27 लाख रुपये लूटे जाने की सूचना मिली है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

दिनदहाड़े हुई इस बड़ी लूट की घटना से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

## अदिति शर्मा और हम्द खान की "इश्क जालिम है" वीनस म्यूजिक पर रिलीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** अदिति शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने अपने नए वीडियो एल्बम ₹इश्क जालिम है₹ का आगाज किया है ! बॉलीवुड गायक अंसारी मोहसिन द्वारा गाए, संगीतबद्ध और गीत लिखे गए इस वीडियो एल्बम आज वीनस ओरिजिनल्स यूट्यूब पर रिलीज हो गया है !

इस वीडियो एल्बम में पहलीबार अभिनेत्री अदिति शर्मा और अभिनेता हम्द खान मुख्य भूमिका में हैं। वीडियो में अदिति शर्मा और हमद खान की जोड़ी ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। अंसारी मोहसिन द्वारा गाए गए गीत ₹इश्क जालिम है₹ ने पहले ही दर्शकों का दिल जीत लिया है।

100 वीडियो एल्बम का निर्देशन कर चुकी निर्देशिका रिदम सनाढ्य ने निर्देशन किया है, जिन्होंने अपनी निर्देशन क्षमता से इस वीडियो एल्बम को और भी खास बना दिया है। रिदम सनाढ्य ने बताया की अदिति बहुत ही मंझी हुई कलाकार है, उनके साथ शूट करना काफी आसान रहा, उन्होंने इमोशनल सीन में जान डाल दी, और किरदार को बखूबी निभाया, अभिनेता हम्द भी काफी मेहंदी कलाकार है।

सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया भी काफी सकारात्मक आ रही है, जहां लोगों ने वीडियो को साझा करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएँ व्यक्त की हैं। इस प्रकार के कंटेंट का वायरल होना दशार्ता है कि आज के तकनीकी युग में कंटेंट से जुड़े अनुभव कितने महत्वपूर्ण हो गए हैं।

भविष्य में और भी इस तरह के वीडियो लाने की योजना बना रही हूँ , जिससे दर्शकों का मनोरंजन और ज्ञानवर्धन हो सके।

फिल्म अभिनेत्री अदिति शर्मा ने बताया कि मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली भारतीय अभिनेत्री होने के साथ साथ मैं कई फि ल्मों में अभिनय कर चुकी हूं जैसे मौसम, इक्कीस तोपों की सलामी, लेडिज वेर्सेज रिकी बहल, अंग्रेज, जोगिन्द्र सिंह, सूबेदार जैसी फिल्मों में काम किया है। मेरी अपने करियर की



शुरूआत हिंदी फिल्म खन्ना वर्सेज अय्यर से की, इसके बाद मैं तेलुगु फिल्मों में भी काम कर रही हूं। इश्क जालिम है वीडियो अल्बम में नृत्य कर के बहुत मजा आया आप लोग मेरा वीडियो जरूर देखे और अपना प्यार दे। इश्क जालिम है 14 मई को वीनस ओरिजिनल्स यूट्यूब पर रिलीज हो गया है।

## दिनकर स्मृति समारोह को ले विद्यालयों में गतिविधियां तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं गया कॉलेज, गया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति समारोह को लेकर जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में तैयारियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 एवं 17 मई को किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिन उद्घाटन सत्र एवं अकादमिक परिचर्चा आयोजित होगी, जबकि 17 मई को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं राष्ट्रकवि दिनकर द्वारा रचित कविताओं का पाठ करेंगे। आयोजक समिति के सदस्य डॉ सत्येंद्र सिंह चंद्र ने बताया कि इस कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, मगध विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ विनोद कुमार मंगलम, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र ,पूर्व कुलपति प्रो. कुसुम कुमारी एवं सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर सहित कई प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि टिकारी के बीपीएल ग्लोबल स्कूल, मगध इंटरनेशनल स्कूल एवं हैप्पी किड्स विद्यालय ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि साहित्य के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने के लिए कई लोगों को सम्मानित किया जाएगा। चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अनवरत सेवा प्रदान करने के लिए शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ. अपराजिता कुमारी, डॉ. संजीव कुमार एवं डॉ. बी.डी शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। संगीत के क्षेत्र में टिकारी की उभरती हुई गायिका सौम्या अथर्व को सम्मानित किया जाएगा।

वहीं रामेश्वर उच्च विद्यालय, बेलागंज के प्राचार्य अबरार आलम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि एवं संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

## बारात से लौट रही बोलेरो ट्रक से टकराई, एक की मौत, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/दाउदपुर (सारण)।** बिहार के सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के बंशी छपरा गांव के समीप छपरा-सीवान नेशनल हाईवे-531 पर बुधवार की अहले सुबह बारात से लौट रही तेज रफ्तार बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक अज्ञात ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बोलेरो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया।

सूचना मिलते ही रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराकर उपचार शुरू कराया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया।

रसूलपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि बोलेरो सवार लोग बारात से लौटकर अपने घर दाउदपुर थाना क्षेत्र में जा रहे थे। इसी दौरान बंशी छपरा गांव के समीप सड़क किनारे खड़े अज्ञात ट्रक से वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। मृतक की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा गांव निवासी राहुल कुमार (30) के रूप में हुई है।

घायलों में दाउदपुर निवासी सूरज कुमार (37) की




हालत गंभीर होने पर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ विवेक प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। जिनमें चार अन्य घायलों को पुलिस ने एकमा स्थित पटना नर्सिंग होम नामक एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि दो घायलों ने भी अपना प्राथमिक उपचार कराया है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## शिक्षक ने छात्रा को जड़ा थप्पड़, स्कूल बना रणक्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर में छात्रा को थप्पड़ मारने के विवाद ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। शिक्षकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल की छुट्टी के दौरान एक छात्रा ने कथित तौर पर शिक्षक से अभद्र भाषा में बात की। इससे नाराज होकर शिक्षक ने छात्रा को थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा राजगंज गांव की रहने वाली है। घर पहुंचने के बाद उसने परिजनों और ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी ।इसके बाद करीब 20 से 25 लोग विद्यालय पहुंच गए। आरोप है कि ग्रामीणों ने शिक्षक समेत अन्य शिक्षकों के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। देखते ही देखते विद्यालय परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षकों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने पीरपैंती थाना को फोन कर मदद मांगी। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार के निर्देश पर डायल 112 और गश्ती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

शिक्षक देवानंद ने आरोप लगाया कि उनके साथ जातिसूचक गालियां दी गईं और उन्हें अपमानित किया गया। उन्होंने मोहम्मद फैयाज और मोहम्मद मेहरान पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। शिक्षक के अनुसार आरोपियों ने कहा, ह्लबाहर निकलो, गोली मार देंगे ।ह्व थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था।

# प्रखण्ड के तीन पेट्रोल पम्प हुए बंद, वाहन चालकों में हाहाकार

## एंबुलेंस, यात्री और कृषि कार्य बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** महुआडांड़ प्रखंड इन दिनों गंभीर पेट्रोल-डीजल संकट से जूझ रहा है। बुधवार को स्थिति तब और चिंताजनक हो गई, जब प्रखंड के तीनों पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पूरी तरह खत्म हो गया। तेल समाप्त होते ही पंप संचालकों ने सुरक्षा के मद्देनजर पंप परिसरों को लाल रिबन लगाकर बंद कर दिया। अचानक उत्पन्न इस संकट से वाहन चालकों, व्यवसायियों, किसानों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महुआडांड़ के तीनों पेट्रोल पंपों पर बुधवार को सामान्य दिनों की तुलना में असामान्य रूप से अधिक बिक्री हुई। अनुमान है कि एक ही दिन में करीब 36 हजार लीटर पेट्रोल और डीजल की खपत हो गई, जिसके चलते कुछ ही घंटों में पूरा स्टॉक समाप्त हो गया। कई पंपों पर सुबह करीब सात बजे तक तेल उपलब्ध था, लेकिन लगातार बढ़ती भीड़ और लंबी कतारों के कारण दोपहर तक सभी पंप खाली हो गए।

बताया जा रहा है कि आसपास के कई इलाकों में पहले से ही तेल की कमी बनी हुई है। इसी कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग लगभग 70 किलोमीटर तक की दूरी तय कर महुआडांड़ पहुंच रहे थे। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर बाइक, कार, ऑटो, बस, पिकअप और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे, लेकिन कई वाहन चालकों को बिना तेल लिए ही लौटना पड़ा।

इस तेल संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई देने




लगा है। शादी-विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। यात्री वाहनों का परिचालन धीमा पड़ गया है, वहीं छोटे व्यवसायियों और किसानों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों की परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई है, क्योंकि कई गांवों से महुआडांड़ पहुंचने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है और अब वहां भी तेल उपलब्ध नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और तेल कंपनियों से जल्द व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। खासकर एंबुलेंस सेवा, यात्री परिवहन और कृषि कार्यों पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि अचानक बढ़ी मांग के कारण उपलब्ध स्टॉक तेजी से खत्म हो गया। उनके अनुसार, नए तेल टैंकर पहुंचने के बाद ही स्थिति सामान्य हो सकेगी। उन्होंने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति श्रृंखला में आ रही बाधाओं के कारण तेल कंपनियों से नियमित सप्लाई नहीं मिल पा रही है, जिससे क्षेत्र में बार-बार तेल संकट की स्थिति बन रही है।

## लगान वसूली को ले स्थानीय प्रशासन सख्त

### रैयतों को सीओ ने दी सात दिनों की मोहलत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अंचल में बकाया लगान की वसूली को लेकर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि अंचल क्षेत्र के लगभग 25 से 30 बड़े बकायादार जमाबंदीदारों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उन्हें सात दिनों के भीतर अपने बकाया लगान की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं करने पर आगे प्रशासनिक कार्रवाई भी की जा सकती है।

सीओ ने बताया कि फिलहाल वैसे जमाबंदीदारों को चिन्हित किया गया है जिन पर 20 हजार से 25 हजार रुपये तक का लगान बकाया है। इसके बाद कम राशि वाले बकायादारों को भी चरणबद्ध तरीके से नोटिस भेजा जाएगा।

प्रशासन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए समय पर लगान भुगतान सुनिश्चित करना है।

उषा कुमारी ने कहा कि लगान की स्थिति अपडेट कराने और बकाया राशि जमा करने से जमाबंदीदारों को सरकार की कई योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होती है। समय पर लगान भुगतान करने से भूमि संबंधित कार्यों में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आती।

उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वे जल्द से जल्द अपने बकाया लगान का भुगतान कर सकें।

प्रशासन ने सभी जमाबंदीदारों से अपील की है कि वे समय रहते अपना बकाया जमा कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

# मत्स्य बाजार को पूर्ण सहयोग करेगी सरकार : नंद किशोर राम

## बिहार में आधुनिक मत्स्य विपणन, रोजगार एवं मछुआरा सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ द्वारा संचालित 'फिशर्स कार्ट' मोबाइल फिश कियोस्क का भव्य शुभारंभ बुधवार को पटना में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम में मत्स्य क्षेत्र, सहकारिता, उद्यमिता एवं कौशल विकास से जुड़े कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। यह पहल बिहार के मछुआरा समुदाय, युवाओं और उद्यमियों के लिए आत्मनिर्भरता एवं रोजगार का नया अवसर मानी जा रही है। आधुनिक तकनीक, स्वच्छता और 'फ्रेश फिश टू कंज्यूमर' मॉडल पर आधारित फिशर्स कार्ट का उद्देश्य बिहार के मत्स्य उत्पादों को संगठित बाजार उपलब्ध कराना और मछुआरों की आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस दौरान फिशर्स कार्ट मोबाइल फिश कियोस्क को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया गया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस अभिनव पहल का स्वागत किया। मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि बिहार सरकार मछुआरा समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि फिशर्स कार्ट जैसी आधुनिक पहल से राज्य के मछुआरों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और उपभोक्ताओं को स्वच्छ, ताज़ी एवं गुणवत्तापूर्ण मछली उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह मॉडल युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं स्टार्टअप का नया माध्यम बनेगा। सरकार मत्स्य उत्पादन, प्रसंस्करण, कोल्ड चेन, विपणन एवं मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि फिशर्स कार्ट के सुचारू संचालन के लिए सरकार जगह उपलब्ध कराएगी ताकि भविष्य में इस मॉडल का विस्तार राज्य के विभिन्न जिलों में किया जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरि साहनी ने कहा कि कॉम्फेड द्वारा शुरू किया गया फिशर्स कार्ट ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जल संसाधन आधारित उद्यमिता और आधुनिक विपणन व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यदि तकनीक, प्रशिक्षण और मार्केटिंग को एक साथ जोड़ा जाए तो राज्य के लाखों मछुआरों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि फिशर्स कार्ट बिहार के मछुआरों की मेहनत, आत्मविश्वास और सपनों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कॉम्फेड लगभग 880 सहकारी समितियों एवं 16 लाख सदस्य मछुआरों के साथ कार्य कर रहा है। संस्था आधुनिक मत्स्य विपणन, मखाना, मूल्य संवर्धित उत्पाद, बीमा, प्रशिक्षण और निर्यात के क्षेत्र में भी सक्रिय है। उन्होंने जानकारी दी कि फिशर्स कार्ट के माध्यम से ताजी मछली, मेरिनेटेड फिश, रेडी-टू-कुक उत्पाद, फिश रोल, फिश पकौड़ा और अन्य फिश स्पेशलिटी आइटम सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और मछुआरों को अधिक लाभ मिलेगा। कॉम्फेड ने भविष्य में बिहार के विभिन्न जिलों में कई फिशर्स कार्ट शुरू करने तथा 'फिशर्स' ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की योजना भी साझा की। संस्था का संकल्प 'स्वस्थ जीवन, समृद्ध समुदाय, समृद्ध बिहार' बताया गया। कार्यक्रम में कॉम्फेड के निदेशक सिमरन, फिशर्स कार्ट के ऑपरेटर रिशु राज, रत्नेश कुमार, रवि राज, गोपी कुमार, मुनव्वर अली, प्रमोद कुमार, मोनू कुमार, राहुल कुमार, रानी देवी एवं विभूति भूषण प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, मत्स्य कृषक, उद्यमी और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल सैयद अता हसनैन से डॉ. प्रेम कुमार ने की शिष्टाचार मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना स्थित बिहार लोक भवन में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य के समसामयिक विषयों, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका तथा बिहार के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात को राज्य की लोकतांत्रिक परम्पराओं और संवैधानिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय का प्रतीक माना जा रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने राज्यपाल सैयद अता हसनैन का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके प्रशासनिक अनुभव, सैन्य नेतृत्व और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े व्यापक दृष्टिकोण का लाभ बिहार को अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उनका अनुभव राज्य के शैक्षणिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। मुलाकात के दौरान बिहार विधान सभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परम्पराओं के संरक्षण तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूत बनाने के विषय पर भी चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधान सभा लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और जनहित के मुद्दों पर सार्थक संवाद तथा सकारात्मक सहयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाता है। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने भी बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत की सराहना करते हुए राज्य के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिहार देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है और शिक्षा, संस्कृति तथा सामाजिक चेतना के क्षेत्र में इसकी पहचान विशिष्ट रही है। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने राज्यहित से जुड़े विषयों पर निरंतर संवाद और सहयोग बनाए रखने पर बल दिया।

# योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर योजना एवं विकास विभाग का जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** योजना एवं विकास विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रमंडलवार समीक्षा बैठक का समापन बुधवार को हो गया। इसकी अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव मयंक बरबड़े एवं सचिव कंवल तनुज ने की। बैठक के अंतिम दिन पटना, मगध, भागलपुर एवं मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों तथा लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को योजनाओं के निष्पादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया। इस दौरान पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-I, विशेष केंद्रीय सहायता योजना, समेकित शरणालय निर्माण योजना, मुख्यमंत्री निश्चय सह सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना, ई-किसान भवन, कृषि सड़क एवं पथकर निर्माण योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। दो दिवसीय समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के सभी प्रमंडलों में संचालित योजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी एवं संबंधित योजनाओं से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज राजेन्द्र नगर, रोड नम्बर 8 सी स्थित सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क में पूर्व उप मुख्यमंत्री पद्मभूषण स्व0 सुशील कुमार मोदी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व.0 सुशील कुमार मोदी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम, खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, सांसद राधामोहन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक मंगल पांडेय, विधायक विनोद नारायण झा, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक संजय गुप्ता, विधायक रत्नेश कुमार, विधायक गायत्री देवी, विधायक छोटी कुमारी, विधान पार्षद राजेन्द्र गुप्ता, विधान पार्षद अनिल शर्मा, सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक अरूण कुमार सिन्हा, स्व. सुशील कुमार मोदी की धर्मपत्नी जेसी जॉर्ज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. सुशील कुमार मोदी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# सुशील मोदी की पुण्यतिथि पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना स्थित कुम्हरार के सुशील मोदी स्मृति पार्क में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने सुशील कुमार मोदी के सार्वजनिक जीवन, प्रशासनिक दक्षता और बिहार के विकास में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें जननायक बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सुशील कुमार मोदी का सम्पूर्ण जीवन जनसेवा, सादगी, ईमानदार राजनीति और बिहार के विकास के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से 2013 तक उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में सुशील कुमार मोदी ने बिहार की जर्जर राजकोषीय स्थिति को संभालते हुए वित्तीय अनुशासन और सुशासन की मजबूत नींव रखी। उनके प्रयासों से राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि लोकसभा, राज्यसभा, विधान सभा और विधान परिषद – चारों सदनों के सदस्य रहने का दुर्लभ गौरव प्राप्त कर सुशील कुमार मोदी ने बिहार की संसदीय परम्परा को समृद्ध किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सुशील कुमार मोदी की कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण और प्रशासनिक क्षमता आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

# एचडीएफसी बैंक व्हाट्सएप चैट बैंकिंग ने एक करोड़ यूनिक मंथली एक्टिव यूजर्स

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक के व्हाट्सएप चैट बैंकिंग प्लेटफॉर्म ने इस्तेमाल के मामले में कई अहम मील के पत्थर पार कर लिए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर 31 मार्च, 2026 तक 1 करोड़ से ज़्यादा 30-दिन के एक्टिव यूजर्स और 2 करोड़ से ज्यादा 90-दिन के एक्टिव यूजर्स थे। यह प्लेटफॉर्म अब 4 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है जो बैंक के कुल ग्राहक आधार का लगभग 40 प्रतिशत है। यूजर्स की संख्या में बढ़ोतरी के साथ-साथ, लेन-देन में भी 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जो ग्राहकों की गहरी भागीदारी को दिखाता है। आज एचडीएफसी बैंक व्हाट्सएप पर सेवाओं का सबसे व्यापक सेट पेश करता है। यह प्लेटफॉर्म 19 प्रोडक्ट लाइनों में 225 से ज्यादा सेवाओं के साथ रोजमर्रा की बैंकिंग जरूरतों, लेन-देन से जुड़ी प्रक्रियाओं और पहले से मिलने वाले सर्विस अलर्ट को कवर करता है। यह तेजी से इस इंडस्ट्री के सबसे आधुनिक बातचीत-आधारित बैंकिंग इकोसिस्टम में से एक बन गया है। एचडीएफसी बैंक के पेमेंट्स और डिजिटल बैंकिंग चैनल्स के हेड, रजनीश परमानंद प्रभु ने इस मील के पत्थर के बारे में बात करते हुए कहा 1 करोड़ यूनिक मंथली एक्टिव यूजर्स का मील का पत्थर पार करना हमारी डिजिटल यात्रा में एक अहम पल है।

# बी.डी. कॉलेज, पटना में रक्तदान शिविर आयोजित, 31 यूनिट रक्त संग्रहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के सेहत केंद्र में 13 मई 2026 को प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. बिरेंद्र कुमार मंडल, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. कविता परमार एवं डॉ. महेश केवट सहित कुल 31 यूनिट रक्तदान किया गया जो छात्रों एवं शिक्षकों की मानव सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह शिविर प्रथमा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। मौके पर नेविदा फार्च्युन विभर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट हेड रणधीर कुमार के द्वारा रक्तदान से पहले एआइ तकनीक से लैस उपकरण के द्वारा बिना रक्त, बिना दर्द के ब्लड का सैंपल लेकर हीमोग्लोबिन की जांच की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समन्वय विशाल विजय, नोडल, सेहत केंद्र तथा लेफ्टिनेंट राहुल कुमार, एएनओ, एनसीसी द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाजसेवा की भावना को प्रोत्साहित करना था। आयोजकों ने छात्रों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान का एक यूनिट कई लोगों का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 7 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# उद्योग विभाग के चार महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रस्तावों को मिली कैबिनेट स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


उद्योग सचिव कुंदन कुमार

**पटना।** बिहार मंत्रिपरिषद ने राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में आज 4 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इन निर्णयों से राज्य में निवेश को गति मिलने के साथ-साथ उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल एवं पारदर्शी वातावरण विकसित होगा। राज्य सरकार द्वारा वैशाली जिले में विकसित किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र की 100 एकड़ भूमि पर राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना हेतु भारत सरकार को निःशुल्क हस्तांतरण की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है तथा उक्त के भूमि चयन पर अन्तिम निर्णय हेतु निदेशक पर्षद, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, बिहार, पटना को प्राधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह भूमि 1243.45 एकड़ में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र विस्तार योजना का हिस्सा है। एनआइएफटीइएम संस्थान की स्थापना से स्थानीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता की तकनीकी शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त होगा तथा फूड प्रोसेसिंग उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज, 2025 से प्रदत्त प्रोत्साहनों पर सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श एवं विश्लेषण के उपरांत राज्य सरकार द्वारा 'बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज, 2025' की अवधि 30 जून, 2026 तक विस्तारित करने तथा संशोधन का निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के अंतर्गत परियोजना कार्यान्वयन हेतु माइलस्टोन निर्धारण का प्रावधान किया गया है। साथ ही मेगा इकाइयों के लिए परियोजना लागत सीमा 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ तक निर्धारित की गयी है। भूमि आवंटन नियमावली में संशोधन करते हुए बियाडा द्वारा 30 वर्ष, 60 वर्ष अथवा 90 वर्ष की अवधि के लिए रियायती दरों पर भूमि आवंटन की व्यवस्था की गयी है। इससे निवेशकों को दीर्घकालिक स्थिरता प्राप्त होगी तथा औद्योगिक निवेश की निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्लस्टर विकास योजना में संशोधन करते हुए इसका नाम 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्लस्टर विकास योजना' किया गया है। योजना के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समिति को अधिक सशक्त एवं समावेशी बनाया गया है। साथ ही बियाडा औद्योगिक क्षेत्रों में सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना हेतु बियाडा को विशेष उपक्रम नामित किया गया है। इससे औद्योगिक इकाइयों की उत्पादन क्षमता एवं गुणवत्ता में सुधार होगा तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में राज्य के एमएसएमइ क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

# बीसीईसीई की आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, 14 मई तक कर सकेंगे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने छात्रहित में बड़ा निर्णय लेते हुए बीसीईसीई (एलई)-2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 14 मई 2026 कर दिया गया है। पर्षद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मौसम की खराबी और नेटवर्क संबंधी समस्याओं के कारण दूर-दराज क्षेत्रों के कई अभ्यर्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अभ्यर्थियों से प्राप्त अनुरोधों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया। यह परीक्षा त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। सामान्य कोटि के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक तथा बीसी/इबीसी/एससी/एसटी वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा द्विवर्षीय पारा मेडिकल डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। बीसीईसीई (एलई)-2026 के माध्यम से बिहार राज्य के विभिन्न सरकारी एवं निजी अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में पार्श्विक प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही सरकारी पारा मेडिकल एवं फार्मेसी संस्थानों में स्नातक पारा मेडिकल तथा स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश मिलेगा। पर्षद ने जानकारी दी है कि बीसीईसीई (एलई)-2026 परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 को किया जाएगा। अभ्यर्थी विस्तृत योग्यता, अर्हता एवं आवश्यक निर्देश पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस में देख सकते हैं। पर्षद ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# 15 दिनों में निपटाएं लंबित म्यूटेशन मामले : राजस्व विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के सख्त निर्देश पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्यभर में लंबित दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर सभी जिलाधिकारियों को कड़ा निर्देश जारी किया है। विभागीय सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी समाहर्ताओं को पत्र भेजकर 120 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों का अगले 15 दिनों के भीतर हर हाल में निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि आम लोगों की सुविधा के लिए दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन की समय-सीमा पहले से निर्धारित है। नियमों के अनुसार अविवादित मामलों के निष्पादन की सीमा 35 दिन तथा विवादित मामलों के लिए 75 दिन तय है। इसके बावजूद विभागीय समीक्षा में यह पाया गया कि राज्य के विभिन्न अंचलों में अनेक मामले 75 दिनों और 120 दिनों से भी अधिक समय से लंबित पड़े हैं। विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए स्पष्ट किया है कि कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। पत्र के साथ अंचलवार 120 दिनों से अधिक लंबित मामलों की सूची भी जिलों को भेजी गई है, ताकि संबंधित अंचलों में जवाबदेही तय की जा सके। सचिव ने सभी समाहर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे अपने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी कर लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर कराएं। साथ ही जिला स्तर पर नियमित समीक्षा और निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

इस निर्देश में साफतौर पर कहा गया है कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में दाखिल-खारिज का कोई मामला निर्धारित 75 दिनों की समय-सीमा से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। राज्य सरकार ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

# एनएसयूआइ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राशिद फाखरी 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद यादव ने पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में एनएसयूआइ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राशिद फाखरी को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार 6 जनवरी 2026 को मधुबनी जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डॉ. रशीद फाखरी एवं उनके समर्थकों द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सी.एल.पी. नेता डॉ. शकील अहमद खान के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इसके साथ ही उनके समर्थकों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस केस दर्ज करवाने का भी आरोप है। पार्टी ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद यादव ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस आदेश के साथ ही डॉ. रशीद फाखरी को तत्काल प्रभाव से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से छः वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

# सुधा मॉडल पर खुलेंगे सब्जी बिक्री केंद्र, किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सुधा मॉडल की तर्ज पर सब्जी विक्रय केन्द्र स्थापित करने के लिए पायलट परियोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। राज्य में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन (वेजफेड) के माध्यम से सब्जी की बिक्री बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने कहा कि इस पहल से सब्जी उत्पादक किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा तथा विपणन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सहकारिता मंत्री ने मधुबनी जिले के सकरी एवं दरभंगा जिले के रैयाम स्थित बंद पड़ी चीनी मिलों को फिर से संचालित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही शहद उत्पादक सहकारी समितियों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने तथा इनके विस्तार हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करने को कहा है। श्री यादव ने अनुमंडल स्तर पर विभागीय कार्यालय परिसर निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने का भी निर्देश दिया, ताकि प्रशासनिक कार्यों के संचालन में अधिक दक्षता एवं सुविधा सुनिश्चित की जा सके। बैठक में बुनकर सहयोग समितियों को विभागीय स्तर पर अधिक सहयोग उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से गेहूं अधिप्राप्ति अभियान में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को निर्धारित समय में हर हाल में पूरा करने को कहा।

# रियल बेटिस 20 साल बाद चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई

### स्पेनिश लीग ला लीगा में एल्चे को 2-1 से हराया, पेत्रोत को रेड कार्ड



**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेनिश क्लब रियल बेटिस ने 20 साल बाद फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता श्वस्न चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रच दिया है। मंगलवार को स्पेनिश लीग ला लीगा में बेटिस ने एल्चे को 2-1 से हराकर 5वां स्थान और चैंपियंस लीग का अंतिम स्पॉट पक्का कर लिया। एल्चे रेलीगेशन के करीब है।

रियल बेटिस ने आखिरी बार 2005-06 सीजन में चैंपियंस लीग खेली थी। मैनुअल पेलेग्रिनी की टीम ने जीत के साथ छठे स्थान पर मौजूद सेल्टा विगो पर 7 अंकों की बढ़त बना ली है। लीग में अब केवल दो दौर के मैच बाकी हैं। बेटिस के प्रशंसकों के लिए यह इमोशनल पल है, क्योंकि 2 दशक बाद उनकी टीम यूरोप के सबसे बड़े मंच पर खेलेगी।

**पेत्रोत को रेड कार्ड, एल्चे को 10 प्लेयर्स से खेलना पड़ा** – बेटिस के लिए कुचो हर्नांडेज ने 9वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई थी। हाफ-टाइम से पहले एल्चे के हेक्टर फोर्ट ने स्कोर बराबर कर दिया। 49वें मिनट में एल्चे के लियो पेत्रोत को रेड कार्ड मिला। इसके बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही एल्चे के खिलाफ पाब्लो फोर्नाल्स ने 68वें मिनट में विनिंग गोल दागकर बेटिस की जीत और चैंपियंस लीग का टिकट तय कर दिया।

### ला लीगा की ताजा स्थिति

**रियल बेटिस**– 5वें स्थान पर रहकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई किया।
**सेल्टा विगो**– लेवांते से 3-2 की हार के बाद छठे स्थान पर खिसकी।
**लेवांते**– विगो पर जीत के साथ ही अंक तालिका में 16वें स्थान पर पहुँच गई है।
**एल्चे** – हार के बाद टीम रेलीगेशन जोन के करीब है।

### बार्सिलोना ने मैड्रिड को हराकर जीता टाइटल

ला लिगा के मौजूदा सीजन का खिताब बार्सिलोना ने जीता। उसने पॉइंट टेबल में 14 अंकों के भारी अंतर के साथ ला लिगा का खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराया। 97 साल बाद 'एल क्लासिको' से लीग का विजेता तय हुआ।

**एटलेटिको मैड्रिड की भी जीत** – एक अन्य मुकाबले में चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड ने ओसासुना को 2-1 से हराया। एटलेटिको के लिए एडेमोला लुकमैन और अलेक्जेंडर सोरलॉथ ने गोल किए। 79वें मिनट में मार्कोस लोरेंटे को रेड कार्ड मिलने के बाद टीम को अंत में 10 खिलाड़ियों के साथ संघर्ष करना पड़ा।

# मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा

### ● सूर्यवंशी को टेस्ट और वनडे खेलते देखना चाहते हैं डिविलियर्स

**लंदन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा कि वनडे और टेस्ट क्रिकेट खेलने से 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के होनहार खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को मानसिक और शारीरिक रूप से अपने क्रिकेट के एक बिल्कुल अलग पहलू को जानने में मदद मिलेगी, लेकिन इस युवा खिलाड़ी के लिए यह रास्ता मुश्किलों भरा होगा।

सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अपनी बेखौफ बैटिंग से सभी को हैरान कर दिया है। उन्होंने 11 पारियों में 40.00 की औसत और 236.55 के स्ट्राइक रेट से 440 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार जैसे विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनके निडर खेल ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी है कि उन्हें तेजी से भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि अब तक उनका फर्स्ट-क्लास करियर बहुत मजबूत नहीं रहा है। उन्होंने आठ मैचों और 12 पारियों में सिर्फ 207 रन बनाए हैं, जिनका औसत 17.25 रहा है और उनके नाम एक अर्धशतक दर्ज है।



इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड द्वारा होस्ट किए जाने वाले पॉडकास्ट फार द लव आफ क्रिकेट में बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि इस उम्र में सूर्यवंशी की प्रतिभा अविश्वसनीय है, लेकिन इस बल्लेबाज को अभी यह नहीं पता कि टेस्ट क्रिकेट में उनके लिए क्या चुनौतियां इंतजार कर रही हैं। उनके खेल में बदलाव आ सकते हैं, जब तक कि कोई उन्हें टी-20 विशेषज्ञ के तौर पर खेलने की सलाह न दे, जिसके बारे में एबी का मानना ??है कि इससे इस युवा खिलाड़ी का करियर लंबा और सफल होगा।

उन्होंने कहा, सच कहूं तो, मुझे नहीं पता कि वह कितने समय तक टिक पाएगा। इस उम्र में उसकी प्रतिभा अविश्वसनीय है। लेकिन मैं उसे दूसरे फॉर्मेट में भी खेलते देखना चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में उसे अभी यह नहीं पता कि उसे किन चीज़ों का सामना करना पड़ेगा। बहुत सी चीजें बदल जाएंगी, जब तक कि कोई बहुत अच्छा मैनेजर उसे यह सलाह न दे कि वह अपनी बाकी की जिंदगी एक टी20 विशेषज्ञ के तौर पर ही खेले। अगर वह सिर्फ यही (टी) खेलता है, तो उसका करियर बहुत लंबा और सफल होगा।


डिविलियर्स चाहते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट और वनडे भी खेले, ताकि वह अपने खेल के बारे में और ज्यादा जान सके - खासकर टेस्ट क्रिकेट के बारे में। उन्होंने कहा, अगर वह वनडे और खासकर टेस्ट क्रिकेट में हाथ आजमाना शुरू करता है, तो उसे अपने क्रिकेट का एक बिल्कुल अलग पहलू - मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से - पता चलेगा। उसमें निश्चित रूप से वह प्रतिभा है जिससे वह अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को पार कर सकता है। लेकिन यह सफर आसान नहीं होगा, बल्कि कांटों भरा होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस रास्ते पर चलेगा और अपने देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की कोशिश करेगा।

सूर्यवंशी ने इस साल 19 वर्ल्ड कप में 7 मैचों में 439 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनका औसत 62.71 और स्ट्राइक रेट 169.49 रहा, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल थे, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड तोड़ते हुए 30 छक्के जड़े जो 2022 के संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के 18 छक्कों के रिकॉर्ड से कहीं ज़्यादा थे। असल में 19 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज़्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड अब उन्हीं के नाम है। वह 19 वनडे में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 25 पारियों में 56.48 के औसत और 165 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,412 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक, सात अर्धशतक और 175 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है।

# सीएसके सीईओ ने कहा-आईपीएल 2026 में पहली बार खेलते नजर आएंगे एमएस धोनी

**चेन्नई (एजेंसी)।** एमएस धोनी के फैंस के लिए बड़ी खबर सामने आई है। आईपीएल 2026 में अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेलने वाले धोनी की वापसी की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने पुष्टि की है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 मई को होने वाले मुकाबले के लिए धोनी की फ्लाइट बुक कर दी गई है। हालांकि उनकी फिटनेस और प्लेइंग इलेवन में जगह को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।

**सीएसके के 11 में से एक भी मैच में हिस्सा नहीं**– धोनी इस सीजन घुटने और फिर पिंडली की चोट से जूझते रहे हैं। उन्होंने सीएसके के 11 में से एक भी मैच में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वह लगातार टीम के साथ जुड़े रहे। कई बार उन्हें नेट्स में अभ्यास करते और टीम के साथ यात्रा करते देखा गया, जिससे फैंस को उनकी वापसी की उम्मीद जगी, लेकिन हर बार वह अंतिम एकादश से बाहर रहे।



### मुंबई मैच से पहले भी बढ़ी थीं उम्मीदें

मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले से पहले भी धोनी के खेलने की चर्चा तेज हो गई थी। उन्होंने विकेटकीपिंग ड्रिल की थी और करीब एक घंटे तक बल्लेबाजी अभ्यास भी किया था। हालांकि मैच के दिन उनका नाम प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं था। रिपोर्ट्स के मुताबिक धोनी नहीं चाहते थे कि पूरा फोकस सिर्फ उन्हीं पर रहे, इसलिए वह डगआउट में भी नजर नहीं आए थे।

# थाईलैंड ओपन 2026: श्रीकांत और सिंधू शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे

**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधू ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले सीधे गेम में जीतकर भारतीय फैंस को खुश होने का मौका दिया। पूर्व विश्व नंबर-1 किदाम्बी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाया और विरोधी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। अब अगले दौर में उनका सामना चीनी ताइपे के सू लि यांग से होगा।

**सिंधू ने भी दिखाई दमदार फॉर्म**– दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को सीधे गेम में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने मैच में बेहतरीन स्मैश और तेज रिटर्न का प्रदर्शन किया। अब उनका अगला मुकाबला डेनमार्क की अमेली शूल्ज से होगा।



**आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली बाहर** – हाल ही में एशिया चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचने वाले आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। आयुष ने एक गेम जीतकर वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में 13-21, 21-17, 4-21 से मुकाबला गंवा बैठे। वहीं तरुण मन्नेपल्ली भी जापान के कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

**महिला खिलाड़ियों को भी मिली हार** – भारत की युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब का सफर भी पहले दौर में समाप्त हो गया। उन्नति को थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 11-21, 21-17, 21-16 से हराया। वहीं अनमोल खरब को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन यू फेई के खिलाफ कड़ी टक्कर के बावजूद 19-21, 21-13, 21-18 से हार झेलनी पड़ी।

**भारत की उम्मीदें कायम** – श्रीकांत और सिंधू की जीत से भारतीय बैडमिंटन फैंस की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान, स्टार तेज गेंदबाज बाहर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया- इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी मजबूत टीम का ऐलान कर दिया है। छह बार की चैंपियन टीम इस बार भी खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। कप्तान सोपी चोट से उबर चुकी हैं और टीम की अगुवाई करेंगी। वहीं हाल ही में टी20 इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली 20 वर्षीय तेज गेंदबाज लकी हैमिल्टन को पहली बार वर्ल्ड कप स्क्वॉड में जगह मिली है।




फीफा वर्ल्ड कप

# रोनाल्डो के पास वर्ल्ड कप जीतने का आखिरी मौका, 41 की उम्र में बड़ा मिशन

**ब्राजील (एजेंसी)।** रोनाल्डो पिछले दो दशकों से फुटबॉल की दुनिया पर राज कर रहे हैं, लेकिन अब तक वह विश्व कप ट्रॉफी जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके हैं। 41 साल की उम्र में अब उनके पास फीफा वर्ल्ड कप 2026 के रूप में विश्व चैंपियन बनने का आखिरी मौका होगा। पांच बार बैलन डी'ओर जीत चुके रोनाल्डो ने अपने करियर में लगभग हर बड़ी ट्रॉफी जीती है, लेकिन विश्व कप खिताब अब भी उनकी उपलब्धियों की सूची से गायब है।

**पुर्तगाल के लिए बनाए रिकॉर्ड गोल** – रोनाल्डो ने पोट्रगल नेशनल फुटबाल टीम के लिए 226 मैचों में 143 गोल किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में विश्व रिकॉर्ड है। हालांकि इस साल की शुरुआत में सऊदी प्रो लीग में एआई नासर एफसी की ओर से खेलते हुए उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह अप्रैल में



अमेरिका के खिलाफ खेले गए मैत्री मैच में हिस्सा नहीं ले सके थे। लेकिन अगर वह पूरी तरह फिट रहते हैं तो उनका विश्व कप टीम में चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है।

**मेसी के साथ रच सकते हैं बड़ा इतिहास** – अगर रोनाल्डो वर्ल्ड कप 2026 में खेलते हैं तो वह लयोन मेस्सी के साथ छह विश्व कप खेलने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर बन जाएंगे। रोनाल्डो पहले ही साफ कर चुके हैं कि यह उनके करियर का आखिरी विश्व कप होगा। उन्होंने नवंबर में सीएनएन से बातचीत में कहा था, यह निश्चित रूप से मेरा आखिरी विश्व कप होगा।

**आसान ग्रुप में पुर्तगाल** – पुर्तगाल को ग्रुप के में रखा गया है, जहां उसका सामना कोलंबो नेशनल फुटबाल टीम उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। ग्रुप को देखते हुए पुर्तगाल के अगले दौर में पहुंचने की संभावना काफी मजबूत मानी जा रही है। हालांकि पिछले साल नवंबर में आयरलैंड से 2-0 की हार ने टीम को बड़ा झटका दिया था। उस मैच में रोनाल्डो को विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के कारण रेड कार्ड मिला था और उन्हें दो मैचों का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इसके बाद पुर्तगाल ने शानदार वापसी करते हुए आर्मेनिया को 9-1 से हराकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया।

# एफआईएच नेशनल कप की तैयारी में जुटी भारतीय महिला हॉकी टीम, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलेगी 4 मैच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने मंगलवार को ऐलान किया कि भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। यह टूर्नामेंट 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में ट्रेनिंग और अभ्यास मैच खेलेगी, जिससे खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में मदद मिलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाएंगी 4 मैचों की सीरीज** – भारत इस दौरे के दौरान आस्ट्रेलिया बुमेन नेशनल फील्ड हाकी टीम के खिलाफ चार मैच खेलेगा। ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे। इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी और टीम संयोजन को मजबूत करने की कोशिश करेगी।

# सीएसके ने 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में किया शामिल

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2026 के बाकी मुकाबलों के लिए कर्नाटक के 24 वर्षीय ऑलराउंडर मैकनील हैडली नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। वह चोटिल तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष की जगह लेंगे, जो अपने आईपीएल डेब्यू मैच में पैर की चोट का शिकार हो गए थे। हालांकि, अभी इस साइनिंग पर बीसीसीआई की आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंजूरी मिलने के बाद सीएसके इसकी औपचारिक घोषणा करेगी।



**कौन हैं मैकनील हैडली नरोन्हा** – मैकनील नरोन्हा घरेलू क्रिकेट में कर्नाटक के लिए खेलते हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। वह टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में बल्लेबाजी कर सकते हैं, जबकि ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए तीन मुकाबले खेले, जिसमें 161.11 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए।

**महाराजा ट्रॉफी में दिखाया दम** – नरोन्हा ने महाराजा ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा था। उन्होंने मंगलुरु ड्रैगन्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। 13 मैचों में उन्होंने 148.82 के स्ट्राइक रेट से 253 रन बनाए, जिसमें 19 छक्के शामिल थे। गेंदबाजी में भी उन्होंने 10 विकेट झटके और उनका इकॉनमी रेट 7.44 रहा।

**रेड-बॉल क्रिकेट में भी कमाल** – मैकनील सिर्फ टी20 ही नहीं, बल्कि लंबे फॉर्मेट में भी शानदार रिकॉर्ड रखते हैं। उन्होंने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी 2024-25 में दो तिहरे शतक लगाए। उन्होंने त्रिपुरा और उत्तराखंड के खिलाफ ट्रिपल सेंचुरी जड़ी थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 14 पारियों में 1037 रन बनाए।

**सीएसके की बढ़ती इंजरी समस्या** – आईपीएल 2026 में सीएसके लगातार चोटों से परेशान रही है। रामकृष्ण घोष टीम के तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें चोट के कारण बाहर होना पड़ा। इससे पहले नाथन एलिस की जगह स्पेंसर जॉनसन और आयुष म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। वहीं खलील अहमद भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जबकि एमएस धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

# आज पंजाब किंग्स से मुंबई का होगा मुकाबला

### धर्मशाला पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम, प्रशंसकों से बिना मिले निकले रोहित शर्मा, तिलक वर्मा ने दिए ऑटाग्राफ,




**धर्मशाला (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस (मुंबई) की टीम मंगलवार को धर्मशाला पहुंच गई। दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदान एचपीसीए स्टेडियम में आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले के लिए टीम चंडीगढ़ से एलायंस एयर के विशेष विमान से कांगड़ा पहुंची। इस सीजन में प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद, पहाड़ों की वादियों में हिटमैन रोहित शर्मा के प्रति प्रशंसकों का उत्साह स्पष्ट रूप से देखा गया। एयरपोर्ट के बाहर सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे। जैसे ही रोहित शर्मा बाहर आए, पूरा परिसर मुंबई-मुंबई के नारों से गूंज उठा। सुरक्षा कारणों से रोहित सीधे अपनी लग्जरी बस में सवार होकर होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हो गए।

# नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी, सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में करेंगे डेब्यू

**रोम (एजेंसी)।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिष्ठित एथलेटिक्स सीरीज़ के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिंग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है। उन्हें आखिरी बार सितंबर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशाजनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे।

नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नज़रें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वर्षीय सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86.27मी के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था।



रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी हैं - भी इस मुकाबले में शामिल होंगे।

सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीज़न पहले ही शुरू कर दिया है, जहां वह 81.95मी के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि पुरुषों का भाला फेंक इवेंट भी 31 मई को मोरक्को में होने वाली रबात डायमंड लीग का हिस्सा होगा, लेकिन मोरक्को में होने वाली इस मीट के लिए एंट्री लिस्ट की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।

दूसरी ओर, भारत की पारुल चौधरी, जिनके नाम महिलाओं की 3000मी, 5000मी और 3000मी स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं, 16 मई को शंघाई डायमंड लीग 2026 में स्टीपलचेज दौड़ में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह भारतीय एथलीट अपनी तीसरी डायमंड लीग मीट में हिस्सा लेंगी। पारुल, जो मौजूदा एशियाई खेलों की 5000मी चैंपियन हैं, 2024 में यूजीन में 16वें स्थान पर रही थीं और पिछले साल दोहा में छठे स्थान पर आई थीं। शंघाई में उनका मुकाबला केन्या की मौजूदा विश्व चैंपियन फेथ चेरोटिछ, कज़ाकिस्तान की पूर्व विश्व चैंपियन नोराह जेरुतो और युगांडा की पूर्व ओलंपिक चैंपियन पेरुथ चेमुताई से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे महिला समिति की ओर से उत्कृष्ट रेलकर्मियों को किया गया सम्मानित

**कटिहार (नबिटासं)।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेलमंडल अंतर्गत रेलवे ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को रेलवे महिला समिति की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक दर्जन से अधिक रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह में रेल अधिकारियों, रेल महिला समिति की पदाधिकारियों एवं सैकड़ों रेलकर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे महिला समिति की अध्यक्ष निवेदिता नरह ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डीआरएम किरेंद्र नरह अपने टीम के साथ पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत




अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ गणेश वंदना से हुई। रेलवे महिला समिति की ओर से सभी अतिथियों को बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के कुल 16 रेलकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर रेलकर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं रेलकर्मी वो नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नरह ने उन्हें नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। वही रेल महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नरह ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुभकामना दिया। मौके पर डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि रेलवे हमेशा कर्मठ और ईमानदारी से कार्य करने वाले रेल कर्मचारियों का सम्मान करता है। ऐसे कर्मचारियों को भविष्य में आगे बढ़ने के और भी अवसर दिए जाते हैं। उन्होंने सभी रेलकर्मियों को निष्ठा और समर्पण के साथ ड्यूटी निभाने के लिए धन्यवाद देते हुए आगे भी इसी तरह सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन रितेश ठाकुर ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन महिला समिति की सक्रिय संयुक्त सचिव सुधा कुमारी ने किया। रेलवे महिला समिति द्वारा सम्मानित किए गए रेलकर्मियों में रेवती नंदन शर्मा, देबरूपा कुंडू, अखिलेश कुमार ,खेम बहादुर थापा, साधन चक्रवर्ती , चंद्र शेखर प्रसाद, संजय राउत , प्रोबल कुमार पॉल, शीला एम. एम., मनोज कुमार , मणि कुमारी , मुकेश कुमार पासवान मिथिलेश कुमार , रीना सिंह, सूरज प्रकाश मिश्रा, स्कूल प्राचार्य रीता रानी चौधरी शामिल है। मौके पर डीआरएम किरेंद्र नरह, एडीआरएम मनोज कुमार सिंह सहित सभी रेल अधिकारी एवं रेलवे महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नरह, उपाध्यक्ष पूजा सिंह, सचिव मंजरी पाल, कोषाध्यक्ष शिल्पी मंडल, संयुक्त सचिव सुधा कुमारी सहित सभी पदाधिकारी के साथ, चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर आईसी उमाशंकर सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।

### जन जागरण शक्ति संगठन ने चलाया बसंत अभियान

**अररिया (नबिटासं)।** जन जागरण शक्ति संगठन की युवा टीम ने "बराबरी का बसंत" अभियान की शुरूआत आज एक रैली से की । युवाओं की रैली बस स्टैंड से महादेव चौक होते हुए धरना स्थल पर एक सभा में तब्दील हो गई। रैली को संबोधित करते हुए सुनील कुमार ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर और भगत सिंह के सपनों के भारत में आर्थिक और सामाजिक बराबरी सबसे अहम स्थान रखता था । पर आज चंद धन कुबेर देश के संसाधनों का बड़ा हिस्सा अपने कब्जे में रखे हुए हैं । इसे बदलना होगा । सरकार को इन अमीरों पर वेल्थ टैक्स लगाना चाहिए । युवा नेत्री जयमंती ने कहा कि युवा जब विश्विद्यालय में जाते हैं तो वहां भी गैरबराबरी और भेदभाव का सामना करना पड़ता है । यूजीसी नियम भेदभाव को रोकने के लिए एक जरूरी कदम था पर सरकार ने कोर्ट में कोई दलील ही पेश नहीं की जिससे साफ होता है कि सरकार यूजीसी नियम को लागू करने के गंभीर नहीं है । प्रियंका ने कहा कि नीट परीक्षा एक बार फिर रद्द हो गई । क्या इसके लिए कोई जिम्मेदारी लेंगे ? देश के शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। रैली को जन जागरण शक्ति संगठन के महासचिव जितेंद्र पासवान, सचिव आशीष रंजन, सब्यसाची सेन, सुलोचना, प्रियंका ने किया। रैली को सफल बनाने में फुलेश्वर , दीपक, गोविंद, रंजय, प्रियंका, आरती ने सक्रिय भूमिका निभाई ।

### हर इंसान को तालीम ग्रहण करना चाहिए : मौलाना हजरत खालिद सैफुल्ला रहमानी

**कटिहार (नबिटासं)।** आल इण्डिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष एवं इस्लामिक विद्वान मौलाना खिलिद सैफुल्ला रहमानी का अलकरीम विश्वविद्यालय में आगमन हुआ। विश्वविद्यालय सभागार में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मौलाना रहमानी ने कहा कि शिक्षा तालिम के बिना जीवन अधूरा है। तालिम ही लोगों को उचित, अनुचित,नेकी बदी का भान कराता है। शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्मिण कर सकता है।उन्होंने कहा कि बेहतर तालिम से समाज रौशन हो सकता है। उन्होने हर नागरिक से तालिम हासिल करने की अपील की। उन्होने ईस्लाम के पाक धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा कि इन पाक ग्रंथों में भी तालिम को अव्वल बताया गया। उन्होने चिकित्सा सेवा को उन्नत सेवा बताया। कहा कि चिकित्सक इस्लाम में तिमारदारी, पीडितों की सेवा को उन्नत बताते हुए शवाब देनेवाला कार्य बताया गया है। लिहाजा उन्होने अपने संबोधन में लोगों से इस पेशा से जुड़ने की पुरजोर अपील भी की। मौके पर सभा की अध्यक्षता पूर्व उप मुख्यमंत्री सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने की। जबकि पूर्व केन्द्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। अल करीम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.अशफाक अहमद करीम ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति शैयद मोईद अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हवाई हमले से बचाव के लिए 15 मिनट का 'ब्लैकआउट' और मेगा मॉकड्रिल आज शाम मे

**कटिहार (नबिटासं)।** जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने एवं आमजनों को आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक बड़ी कवायद की जा रही है।बृहस्पतिवार को शहर में हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए एक 'मेगा मॉकड्रिल' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभ्यास के दौरान शाम 7:00 बजे से 7:15 बजे तक पूरे शहर में पूर्णतः ब्लैकआउट' किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। मॉकड्रिल की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय वायुसेना के निदेर्शों के पालन में शाम ठीक 07 बजे सायरन बजाया जाएगा। रुक-रुक कर बजने वाला यह सायरन हवाई हमले के खतरे का संकेत होगा। जिसे सुनते ही नागरिकों को अपने घरों, दुकानों और संस्थानों की लाइटें बंद कर देनी होगी। उन्होंने बताया कि जब सायरन लगातार दो मिनट तक बजेगा, तो इसका अर्थ होगा कि खतरा टल चुका है और स्थिति सामान्य हो गई है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव ने स्पष्ट किया है कि मॉकड्रिल के दौरान न केवल बिजली की लाइटें, बल्कि जेनरेटर, इन्वर्टर, वाहन की हेडलाइट और मोबाइल टॉर्च का उपयोग भी वर्जित रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे खिड़कियों और रोशनदानों को पर्दों से ढंक लें ताकि अंदर की हल्की रोशनी भी बाहर न दिखे। इस अभ्यास के दौरान जिला प्रशासन, नागरिक सुरक्षा निदेशालय, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन करेंगी। शहर के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर बम विस्फोट या हवाई हमले जैसी काल्पनिक स्थितियां बनाई जाएंगी। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार देने और भीड़ नियंत्रण का अभ्यास किया जाएगा।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण कार्य को लेकर समीक्षा बैठक

**कटिहार (नबिटासं)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण कार्य को लेकर जिलाधिकारी अंजनी कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार पुर्णिया में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे । जिले के सभी प्रखंडों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र लाभुक को पेंशन से वंचित नहीं होने दिया जाएगा।

# आदिवासी महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारवाई में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के कुमारीपुर पंचायत के रानीडीह आदिवासी टोला में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ विनोद कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच मे जूट गये । एसडीपीओ ने फोरेंसिक जांच टीम को भी घटनास्थल बुलाया ।



मृतका की पहचान शीला उरांव (45) पति विनोद उरांव के रूप मे हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। इस संबंध में कुमारीपुर पंचायत के सरपंच अर्जुन मंडल ने बताया कि शीला उड़ाव मानसिक रूप से बीमार थी। वह देर रात घर के पीछे खजूर के पेड़ मे फांसी का फंदा झुलकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन शौच के लिए बाहर निकले तो देखा की महिला खजूर के पेड़ मे फांसी लटकी है । घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया । ग्रामीणो ने घटना की सूचना एसडीपीओ तथा थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर मृतक महिला के पति विनोद ने एसडीपीओ को बताया कि शीला मानसिक रूप से बीमार चल रही थी । वह हर दिन कुछ नई हरकत करते रहती थी । एसडीपीओ ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या दिख रहा है । उन्होने बताया कि फोरेंसिक टीम भी सभी बिंदुओ पर साक्ष्य जूटा लिया है । शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । पुलिस मृतक के पति तथा पुत्रो से सभी बिन्दुओ पर पुछ तार कर रही है।

# जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई की ओर से एचआईवी एड्स सिफलिस हेपेटाइटिस पर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सिविल सर्जन सभागार में जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई कटिहार की ओर से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फॉक्सी और इंडियन डेंटल एसोसिएशन के साथ एक समन्वय बैठक एचआईवी एड्स सिफलिस हेपेटाइटिस पर किया गया। को निर्देश किया कि वे एचएमएस पोर्टल पर एचआईवी सिफलिस एवं हेपेटाइटिस बी और सी की रिपोर्ट को सुनिश्चित करने में मदद करेंगे। इस अवसर पर टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल ने कहा कि लगभग 70 से प्रतिशत मरीज प्राइवेट क्लीनिक में आते हैं यदि उन सभी का एचआईवी




कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर जेएन सिंह, सीडीओ डॉ. अशरफ रिजवी, डीआईओ डॉ. एस सर्कार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. एसएम ठाकुर, फॉक्सी की डॉ. रंजना झा, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक का संबोधित करते हुए की डॉक्टर जे एन सिंह ने कहा कि आप सभी प्राइवेट डॉक्टर की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि आपके अस्पताल में आने वाले सभी रोगियों का एचआईवी जांच सिफीलिस एवं हेपेटाइटिस बी, सी कराया जाए एवं उसका रिपोर्ट एचएमआई एस पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

अभी हमारे कटिहार जिला में लगभग 121 ऐसे प्राइवेट हॉस्पिटल है। जिनका पोर्टल पर एचआईवी जांच की रिपोर्ट साझा नहीं की जा रही है। इस हेतु उन्होंने जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई के प्रभाकर कुमार सिफलिस और हेपेटाइटिस बी और सी की जांच समय से की जाए और उनका रिपोर्ट साझा किया जाए तो हम कटिहार जिले के फर्स्ट 95 को अति शीघ्र हासिल कर लेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे प्राइवेट अस्पतालों में उच्च जोखिम समूह माइग्रेंट एवं ट्रकर्स समुदाय के आने वाले लोगों को अधिक महत्व देते हुए उन्हें सदर अस्पताल भेजें तथा उनकी जांच सुनिश्चित करें । कार्यक्रम का समापन करते हुए डीपीएम जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई कटिहार के शौनिक प्रकाश ने सभी का धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला सुपरवाइजर मिथिलेश कुमार ठाकुर पीपीटीसिटी काउंसलर डॉ. आभा कुमारी, जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी प्रभाकर लाल, प्रयोगशाला प्रविधिकी दिनेश कुमार, मोहम्मद केसर साहब, राम निरेखण दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत, बच्चों में हर्ष का माहौल

## 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** यह स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय का परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत (100%) रहा। विद्यालय के टॉप-5 छात्र-छात्राओं का



परिणाम यथा मोनिका कुमारी - 88.2%, नफीसा नाज - 85.2%, अतुल कुमार - 84.4%, इंशा हुसैन - 84.2%, सुहानी आर्या -83% रहा। परिणाम का वर्गीकरण इस तरह









यथा 80% से 90% - 12 विद्यार्थी, 70% से 79% - 18 विद्यार्थी, 60% से 69% - 18 विद्यार्थी, 50% से 59% - 08 विद्यार्थी सफल रहे। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह शानदार परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

### शिक्षा मंत्री से प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** प्रखंड के क्षेत्र संख्या दो के जिला परिषद सदस्य रीता साह ने शिक्षा मंत्री को आवेदन देकर मांग की है। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री को दिए गए आवेदन में जिला परिषद सदस्य रीता साह ने जिक्र किया है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड की जिला मुख्यालय से दूरी लगभग 40 किलोमीटर है। इस प्रखंड में कुल 13 पंचायत है। जो सभी ग्रामीण क्षेत्र है एवं इसकी आबादी लगभग दो लाख से ज्यादा है। इस प्रखंड में एक भी डिग्री कालेज नहीं रहने के कारण यहां के छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई करने के लिए जिला मुख्यालय डिग्री कालेज जाना पड़ता है।

# आंधी-तूफान से घर पर गिरा विशाल खजूर का पेड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम आंधी-तूफान तेज बारिश ने भारी तबाही मचायी।पीरमोकाम पंचायत के दरमाही गांव में तेज हवाओं एवं आंधी तूफान तेज बारिश के कारण रामचंद्र मरांडी, शीतल मरांडी, लाल बास्की के घर पर एक विशाल खजूर का पेड़ गिर गया। इस हादसे में उनका मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ग्रामीण के सहयोग से सभी परिवार को सुरक्षित घर से निकला गया। सभी परिवार बाल बाल बच गए मिली। दरमही गांव निवासी रामचंद्र मरांडी ने बताया कि मंगलवार की देर शाम आंधी तूफान आने के कारण घर पर एक विशाल खजूर का वृक्ष गिर जाने से घर का क्षतिग्रस्त हो गया हम लोग को ग्रामीण के सहयोग से घर से सुरक्षित निकाला गया हमलोग बाल बाल बच गए उन्होंने कहा एक मवेशी दब गया था। सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी जिला परिषद प्रतिनिधि मनोज मंडल भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार मंडल पूर्व प्रमुख सतीश मंडल ने क्षतिग्रस्त घर के लिए पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती एवं मदर्स डे पर प्रोजेक्ट प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती एवं मदर्स डे के शुभ अवसर पर एक भव्य प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय ẖरवीन्द्रनाथ टैगोरẖ एवं ẖमांẖ पर आधारित था। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कला एवं ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं प्रेरणादायक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में बच्चों के उत्साह एवं खुशी का विशेष माहौल देखने को मिला।




बुधवार को विद्यालय द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रत्येक कक्षा के उत्कृष्ट एवं आकर्षक प्रोजेक्ट तैयार करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया। बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट सभी के आकर्षण का केंद्र रहे तथा उपस्थित लोगों ने उनकी सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनूप कुमार ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रोजेक्ट प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञानवर्धन में अत्यंत सहायक होती हैं। इससे विद्यार्थी विषयों को गहराई से समझते हैं तथा सीखी गई बातें उनके जीवनभर स्मरण रहती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# 12वीं में मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बुधवार को सीबीएसई की 12वीं परीक्षा का परिणाम प्रकाशित हुआ, जिसमें मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल का परिणाम आशातीत रहा। ब्यूटी कुमारी ने विज्ञान संकाय में 91% अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वही आयुष कुमार ने 90% अंक लाकर विद्यालय में द्वितीय उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की, जबकि वाणिज्य संख्या में रौनक गुप्ता 88% अंक लाकर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की सुधांशु कुमार गुप्ता 83%, श्रेया सिंह 83%, रोहित भाटिया 83%, इशिता राय 82%, सक्षम कुमार शाह 80%, अंकित राय 79%, नितेश राज 78%, उकवा फराज 78%,स्नेहा कुमारी 77%,



देवराज सिंह 77%,तृषा 77%,प्रीतेश नयन 75%, ऋतिक रंजन 73%, लकी गुप्ता 73%,हिमेश 72%, सनम 72%, अंक लाकर विद्यालय का नाम बढ़ाया।तीनों संख्या से कुल 117 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया। विद्यालय में इस तरह का उत्साह जनक सफलता से हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के निदेशक डॉ संजय प्रधान, प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी व प्रशासनिक प्रभारी अभिनंदन नौटियाल, मृणाल प्रधान ने इस उत्कृष्ट सफलता के लिए छात्र-छात्राओं को बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। 12वीं के बेहतर परिणाम आने पर निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा के लिए ट्रस्ट के माध्यम से सहयोग करने की बात कही है।

मोहिनी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामस्वरूप रूगठा, उपाध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद रुंगटा ट्रस्टी उर्मिला रुंगटा, नवीन रूंगटा ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधक ने यह भी जानकारी दी कि सीबीएसई द्वारा इस वर्ष के 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा फल पाने वाले छात्र छात्राओं को आगामी रविवार को सम्मानित किया जाएगा।

# बे मौसम वर्षा होने से मक्का किसानों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मंगलवार की शाम को शुरू हुए बुधवार की सुबह के 6:30 बजे वर्षा पढ़ना बंद हुआ लगातार 12 घंटा से ऊपर बे मौसम वर्षा पढ़ने से प्रखंड क्षेत्र में तैयार किए मकई की फसल को भारी छती पहुंचा हैं। किसान मकई को तैयार कर सुखा रहे हैं और लगातार वर्षा होने से मकई की फसल सुख नहीं रही हैं,उल्टे किसानों की परेशानी बढ़ गई हैं, अभी तक 90 फीसदी किसानों के खेतों में मक्का की तैयार फसल लगा हुआ हैं जो की मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं जब तक धूप काफी नहीं होगा तब तक किसान मकई की कटाई नहीं करेंगे।वहीं जो भी किसान मकई की कटाई किए हैं उन्हें भारी परेशानियों का सामना इस बे मौसम वर्षा होने से हो रही हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र में लगातार 12 घंटा हुई वर्षा से करेला, भिंडी, परवल, मिर्च, टमाटर आदि के खेतों में दो-दो फीट पानी जमा हो जाने से सब्जी फसल बर्बाद हो गया। किसान मोटर पंप से अपने खेतों से पानी की निकासी कर रहे हैं की सब्जी की फसल बच सके।किसानों ने कृषि विभाग से जांच करा कर फसल छती का मुआवजे की मांग की हैं। वही मौसम विभाग 15 मई तक लगातार वर्षा होने का अनुमान जताया हैं।

# एनएफ रेलवे के एजीएम ने किया कटिहार रौतारा सेक्शन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** एनएफ रेलवे मालीगांव गुवाहाटी के सहायक महाप्रबंधक वीर भद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में कटिहार मंडल के कटिहारझ्ररौतारा सेक्शन का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं एवं विकास कार्यों का गहन आकलन किया गया।निरीक्षण के क्रम में रौतारा स्थित बूट लॉउन्ड्री का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान एजीएम ने मशीनों के संचालन एवं कार्य निष्पादन में सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रौतारा स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन परिसर, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कार्यों एवं



यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता तथा भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता, निर्माण, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

## सुशील मोदी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भाजपा कार्यालय में जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज राय ने की। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्य योजना, समीक्षा बैठक एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की पुण्यतिथि मनाई गई। बैठक का शुभारंभ वन्दे मातरम एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विभाषचंद्र सिंह, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रभूषण ठाकुर, डॉ. एसएन पोद्दार मुख्य रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज राय ने



संरचनात्मक के विषयों पर विस्तार पूर्वक उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी 23 मई से 24 तक दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करेंगी। जिसमें जिला के सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होगे । भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर जिला स्तर पर शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर हर महीने के महत्वपूर्ण बैठक बिंदुवार का आयोजित करेंगी। इस मौके पर उपस्थित मंचासीन सभी वक्ताओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और अपने-अपने संबोधन में उनके विचारों को उनके किए गये कार्यों के बारे में कार्यकताओं से चर्चा किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रेम प्रकाश चौधरी, शोभा जयसवाल, राघवेन्द्र सिंह, प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी, प्रियंका सिंह, अभिषेक सिंह, विधानसभा प्रभारी विधानसभा संयोजक मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

● जूलरी स्टॉक में हाहाकार, 20 प्रतिशत तक गिरावट

# पहले मोदी की अपील और अब इम्पोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जूलरी स्टॉक्स में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है। सरकार ने सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दी है। इससे देश में सोने और चांदी की मांग प्रभावित होने की आशंका है। इससे जूलरी कंपनियों के शेयरों में शुरुआती कारोबार में छह फीसदी तक गिरावट आई है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए लोगों से एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की थी। इससे सोमवार और मंगलवार को जूलरी स्टॉक्स में भारी गिरावट आई थी। पिछले तीन दिन में इनमें 20 फीसदी तक गिरावट आई है। सबसे ज्यादा नुकसान कल्याण जूलर्स को हुआ है। कंपनी का शेयर करीब छह फीसदी गिरावट के साथ 340.10 रुपये तक गिर गया। यह इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर है। पिछले सत्र में यह बीएसई पर 361.95 रुपये पर बंद हुआ था और आज 346.25 रुपये पर खुला। पिछले तीन दिन में कंपनी के शेयरों में करीब 20 फीसदी गिरावट आई है। यह शेयर अपने पीक से इसकी कीमत में 45 फीसदी गिरावट आई है। पिछले साल 24 जुलाई को यह 617.30 रुपये तक गया था जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है।

## लगातार तीसरे दिन गिरावट

सरकार ने सोने-चांदी पर कस्टम ड्यूटी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की जूलरी कंपनियों के शेयरों में आज 6 फीसदी तक गिरावट आई लगातार तीसरे दिन जूलरी शेयरों में गिरावट, 20 प्रतिशत तक लुढ़के मोदी ने लोगों से एक साल तक सोने नहीं खरीदने की अपील की थी दूसरे शेयरों का प्रदर्शन सेनको गोल्ड का शेयर में 1.6 फीसदी गिरावट आई है। लेकिन पिछले तीन दिन में इसमें 18 फीसदी गिरावट आई है। पिछले सत्र में यह 312.65 रुपये पर बंद हुआ था जबकि 299.20 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 315.25 रुपये तक हाई और 299.20 रुपये तक लो गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 404.80 रुपये और न्यूनतम स्तर 275.70 रुपये है। टाटा ग्रुप की जूलरी कंपनी टाइटन के शेयरों में पिछले तीन दिन में करीब 12 फीसदी गिरावट आई है। कंपनी का शेयर पिछले सत्र में 4,054.05 रुपये पर बंद हुआ था और आज 4,043.95 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह करीब 1 फीसदी गिरावट के साथ 3,987.55 रुपये पर आ गया। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 4,601.10 रुपये और न्यूनतम स्तर 3,301.05 रुपये है।

# भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं, हरदीप पुरी ने रखे फैक्ट, पीएम की अपील का किया बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील की आलोचना करने वालों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि भारत में कोई संकट नहीं है। विरोधियों पर घबराहट और गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। फैक्ट रखते हुए यह भी बताया कि भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं। यह प्रतिक्रिया उन रिपोर्टों के बाद आई जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने रूस से एलएनजी आयात लेने से इनकार कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय मंत्री ने अपनी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना काल हो या फिर कुछ और। विपक्ष ने हमेशा अफवाह फैलाने की कोशिश की। लोगों को भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पश्चिम एशिया में तनाव के दौरान देश ने अपने दैनिक एलपीजी उत्पादन में लगभग 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। पुरी ने उन रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि भारत ने रूस से एलएनजी लेने से मना कर दिया है। उन्होंने इसे भ्रामक करार देते हुए बताया कि भारत ने कभी रूस से एलएनजी आयात किया ही नहीं। पुरी ने कहा, 'जो लोग 1.4 अरब भारतीयों और देश के ऊर्जा क्षेत्र के लिए मुश्किल हालात समझकर जश्न मना रहे हैं, उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए।' वह बोले, 'अपनी साख को नुकसान पहुंचाते हुए वे जिस घबराहट, डर और अफवाहबाजी में लगातार लिप्त रहे हैं, वह उन्हें बस यहीं तक ले जाएगी, इससे आगे नहीं।'




## क्यों आई पुरी की यह प्रतिक्रिया

मंत्री की यह प्रतिक्रिया तब आई जब विपक्षी दलों ने पीएम मोदी की अपील की आलोचना की। पीएम मोदी ने हाल में देश के नागरिकों से अपील की थी। ईंधन की खपत कम करने और जहां संभव हो फ्रॉम होम' अपनाने को कहा था। सोने की गैर-जरूरी खरीद और विदेश यात्रा को टालने के लिए भी बोला था। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के बीच यह अपील की गई थी।

## भारत में कोई संकट नहीं

पुरी ने कहा कि पीएम के मैसेज को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत में कोई संकट नहीं है। पीएम ने नागरिकों को सिर्फ ऊर्जा की खपत को संयमित करने की सलाह दी है ताकि अर्थव्यवस्था पर कोई वित्तीय बोझ न पड़े। ऐसा इसलिए नहीं किया गया क्योंकि हमारे पास एनर्जी सप्लाई में कोई समस्या है।

# खाड़ी देशों से आता है भारत का 38 प्रतिशत रेमिटेंस, पश्चिम एशिया संकट इकॉनमी के लिए परीक्षा जैसा: सीईए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीफ इकनॉमिक एडवाइजर वी अनंत नागेश्वरन का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट देश के भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान की तरह है। हालांकि उन्होंने यह भरोसा जताया कि भारत ने जिस तरह का राजकोषीय अनुशासन दिखाया है, इन्फ्रास्ट्रक्चर में जिस तरह निवेश किया है और जैसे सुधार किए हैं, उनके दम पर मौजूदा हालात से निपटा जा सकता है। पश्चिम एशिया में करीब ढाई महीने से संघर्ष चल रहा है और फिलहाल इसका कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। नागेश्वरन ने कहा कि भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और इसका भी 46 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से आता रहा है। एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत आयात होता है और उसका भी 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा खाड़ी इलाके से आता है। वहीं, सालाना रेमिटेंस का 38 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से भारत आता है। इसे देखते हुए पश्चिम एशिया संकट विदेश नीति का ऐसा मसला नहीं है, जो कभी-कभी आर्थिक नीतियों को भी प्रभावित करता है। सीईए ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट देश के भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान की तरह है भारत राजकोषीय अनुशासन, इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश और सुधारों के दम पर मौजूदा हालात से निपट सकता है

भारत कच्चे तेल की अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है और 46 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से आता रहा है इसी तरह एलपीजी की जरूरत का 60 प्रतिशत आयात होता है और उसका भी 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा खाड़ी इलाके से आता है पश्चिम एशिया संकट विदेश नीति का ऐसा मसला नहीं है, जो कभी-कभी आर्थिक नीतियों को भी प्रभावित करता है

## क्या है मुख्य चुनौती

चीफ इकनॉमिक एडवाइजर ने कहा कि यह भुगतान संतुलन की स्थिति के लिए एक इम्तिहान है, जिसका सीधा संबंध महंगाई, चालू खाते और एक्सचेंज रेट से है। नागेश्वरन ने कहा कि इस वित्त वर्ष में चालू खाते को संभालना और रुपये में गिरावट को रोकना मुख्य चुनौती है। देश में किसी खास अवधि में आने वाली रकम और यहां से बाहर जाने वाली रकम के अंतर को भुगतान संतुलन कहा जाता है। युद्ध शुरू होने के बाद से डॉलर के मुकाबले रुपया 5 प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

# मध्य-पूर्व तनाव से महंगी हुई खेती, डीएपी के दाम में 40 प्रतिशत उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** मध्य-पूर्व में जारी तनाव का असर अब भारत की खेती पर भी दिखाई देने लगा है। खेती में इस्तेमाल होने वाले प्रमुख उर्वरक डायअमोनियम फॉस्फेट की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है। भारत ने अब डायअमोनियम फॉस्फेट को युद्ध से पहले की तुलना में लगभग 40 फीसदी अधिक कीमत पर खरीदने का समझौता किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन पोटाश लिमिटेड पश्चिमी तट के लिए 7.05 लाख टन डायअमोनियम फॉस्फेट उर्वरक 930 डॉलर प्रति टन की दर से खरीदेगी, जबकि पूर्वी तट के लिए 6.41 लाख टन उर्वरक 935 डॉलर प्रति टन के भाव पर लिया जाएगा। फरवरी में यही कीमत करीब 667 डॉलर प्रति टन थी। खाद की कीमत बढ़ने का सीधा असर खेती की लागत पर पड़ता है। किसान फसल उत्पादन में बड़ी मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करते हैं। यदि सरकार सब्सिडी नहीं बढ़ाती है, तो किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। फिलहाल सरकार डायअमोनियम फॉस्फेट पर सब्सिडी देती है, जिससे किसानों को कुछ राहत मिलती है। फॉस्फेट उर्वरकों में इस्तेमाल होने वाले सल्फर की वैश्विक सप्लाई का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है। ऐसे में क्षेत्रीय तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में संभावित बाधा से सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। इससे आने वाले समय में खाद की कीमतों में और तेजी आ सकती है। भारत ने हाल ही में लगभग 25 लाख टन यूरिया की खरीद भी की है, जिसके लिए पहले के मुकाबले लगभग दोगुनी कीमत चुकानी पड़ी। यह खरीद ऐसे समय में हुई है जब देश में मानसून सीजन शुरू होने वाला है और किसान धान, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। अगर उर्वरकों की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो खेती की कुल लागत बढ़ सकती है। इसका असर धीरे-धीरे आटा, चावल, दाल और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई दे सकता है।

# गौतम अडानी का घटा रुतबा, 6.07 अरब डॉलर का झटका, मुकेश अंबानी टॉप-20 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। दुनिया के अमीरों में अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी का रुतबा थोड़ा कम हुआ है। मंगलावर को ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट हुई। इस कारण उनकी दौलत 6.07 अरब डॉलर कम हो गई। अब अडानी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में 17वें पायदान से खिसककर 18वें पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी दुनिया के अरबपतियों की टॉप-20 लिस्ट से बाहर हो गए हैं। अंबानी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के 21वें पायदान पर पहुंच गए है। माइकल डेल मंगलवार को दौलत गंवाने वाले अरबपतियों में नंबर एक रहे। इन्हें 21 अरब डॉलर का झटका लगा है। अडानी का अब नेटवर्थ 102 अरब डॉलर रह गया है। दूसरी ओर मुकेश अंबानी की दौलत 89.3 अरब डॉलर रह गई है।



## दुनिया के टॉप-10 अमीरों के नेटवर्थ में क्या हुआ बदलाव

टेस्ला के शेयरों में गिरावट की बदौलत एलन मस्क की दौलत में मंगलवार को 8.35 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। इस गिरावट के साथ ही उनका नेटवर्थ 688 अरब डॉलर पर आ गया है।

# शेयर बाजार के इंडेक्स बने हैं रोलर कोस्टर, पेनी स्टॉक सुबह ही जा फंसा अपर सर्किट में

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के इंडेक्स आज सुबह से ही रोलर कोस्टर बना हुआ है। बीएसई का सेंसेक्स जब खुला तो 119.90 अंक नीचे था। लेकिन थोड़ी ही देर में यह करीब 400 अंक ऊपर चला गया। इसी बीच गिरावट आई तो लगभग 400 से ज्यादा अंक नीचे चला गया। लेकिन इस स्थिति में भी इंडस्ट्रियल केमिकल की लॉजिस्टिक्स और ट्रेडिंग कंपनी ए-1 लिमिटेड (बीएसई - 542012) के शेयर सुबह ही अपर सर्किट में जा फंसे।



ए-1 केमिकल ने कल ही वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही का परिणाम जारी किया है। शेयर बाजार को दी गई नियामकीय जानकारी के अनुसार मार्च 2026 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए कंपनी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। कंपनी ने चौथी तिमाही में 4.36 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है। यह एक साल पहले की इसी तिमाही के के 0.84 करोड़ रुपये के मुकाबले 417.11 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान ऑपरेशनल रेवेन्यू 145.27 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले के 109.62 करोड़ रुपये के मुकाबले 32.51 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी ने 5.99 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 3.65 करोड़ रुपये की तुलना में 64.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान ऑपरेशनल रेवेन्यू 342.91 करोड़ रुपये रहा, जो एक वर्ष पहले के 331.49 करोड़ रुपये के मुकाबले 3.44 प्रतिशत की वृद्धि है।

**क्या रही शेयर की चाल:** ए-1 लिमिटेड के शेयर बीएसई में कल 10.26 रुपये पर बंद हुए थे। आज सुबह इसके शेयर 10.77 रुपये पर खुले जो कि कल के मुकाबले पांच फीसदी ज्यादा है। कारोबार के दौरान इसके शेयर थोड़ी देर के लिए 10.76 रुपये पर आए, लेकिन तुरंत ही यह फिर 10.77 रुपये पर चले गए। इस कंपनी के शेयर का सर्किट लिमिट पांच फीसदी का है। मतलब कि यह शेयर सुबह ही अपर सर्किट में फंस गए। पेनी ब्रिटिश मुद्रा पाउंड स्टर्लिंग की एक इकाई है। शेयर बाजार में पेनी स्टॉक का अर्थ उन लिस्टेड कंपनियों के शेयर से लगाए जाते हैं, जिनकी कीमत बहुत कम होती है। आमतौर पर इन कंपनियों के शेयर का दाम एक रुपया से 50 रुपये के बीच होता है। ये शेयर होते तो सस्ते हैं, लेकिन इनमें रिस्क भी बहुत ज्यादा होता है। इनमें उच्च अस्थिरता और कम लिक्विडिटी भी होती है। लेकिन कम दाम के कारण इनमें कम समय में तेजी से रिटर्न देने की क्षमता भी होती है।


## महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल

इस लॉजिस्टिक कंपनी ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने बताया है कि उसके 90 प्रतिशत से अधिक व्हीकल अब डेट-फ्री हैं। इसले लक्ष्य तय किया है कि अक्टूबर 2026 तक उसके सभी व्हीकल पूरी तरह से डेट-फ्री हो जाएंगे। ऋण-मुक्त बेड़े में परिवर्तित हो जाएगी। साथ ही कंपनी अपने मौजूदा बेड़े में 10 मल्टी-एक्सल टैंकर जोड़कर अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को और बढ़ा रही है। इस विस्तार के साथ, कंपनी के स्वामित्व वाले बेड़े में वाहनों की कुल संख्या बढ़कर 71 हो जाएगी, जिससे यह बढ़ती ग्राहक मांग को बेहतर ढंग से पूरा करने और सभी बाजारों में समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में सक्षम होगी।

● खड़ा किया 45 करोड़ का करोबार, साधारण से काम से भी कामयाबी की बुलंदियों को छुआ जा सकता है

# लैब से कड़ाही तक, साइंटिस्ट पति-पत्नी ने नौकरी छोड़कर बेचे समोसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निधि और शिखर सिंह बेंगलुरु के रहने वाले हैं। इस कपल ने साबित कर दिया है कि अगर इरादे मजबूत हों तो साधारण से काम से भी कामयाबी की बुलंदियों को छुआ जा सकता है। बायोटेक्नोलॉजी की फील्ड में अपनी जमी-जमाई मोटी सैलरी वाली जॉब छोड़कर दोनों ने कारोबार की दुनिया में कदम रखने का फैसला किया। स्टार्टअप को बड़ा करने के लिए अपना घर तक बेच डाला। इसका नाम 'समोसा सिंह' है। आज यह ब्रांड भारतीय स्नैक्स की दुनिया में बड़ा नाम बन चुका है। इसने पारंपरिक स्वाद को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर एक नई पहचान हासिल की है। इसका टर्नओवर 45 करोड़ रुपये पहुंच गया है। आइए, यहां निधि और शिखर सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। साल 2015-16 की बात है। निधि और शिखर ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने सफल करियर को छोड़कर समोसे बेचने का मन बनाया। इससे उनके कई करीबी हैरान रह गए। उन्होंने दोनों को खूब टोका। उनका मानना था कि एक सुरक्षित और शानदार जिंदगी को छोड़कर इस तरह का रिस्क लेना समझदारी नहीं है। हालांकि, इस कपल ने एक फूड कोर्ट में गौर किया था कि समोसा भारत का सबसे पसंदीदा स्नैक तो है। लेकिन, मार्केट में कोई बड़ा ब्रांडेड प्लेयर नहीं है। इसी कमी को पूरा करने के लिए शिखर ने पहले नौकरी छोड़ी।



उनका मानना था कि 'बैकअप' होने पर इंसान अपना 100 प्रतिशत नहीं दे पाता।

साइंस बैकग्राउंड से होने के कारण कपल ने समोसे को सिर्फ एक रेसिपी के बजाय विज्ञान की तरह देखा। उनकी सबसे बड़ी चुनौती समोसे का 'सोगी' (नरम या गीला) होना था। ऐसा डिलीवरी के दौरान अक्सर हो जाता है। अपनी बायोटेक स्किल्स का इस्तेमाल करके उन्होंने विशेष रोलर्स और तकनीक विकसित की। यह मैदे के 'ग्लूटेन बॉन्ड्स' को तोड़ देती है। इस तकनीक की मदद से उनके समोसे डिलीवरी के 6 घंटे बाद भी उतने ही कुरकुरे रहते हैं, जितने कड़ाही से निकलने पर होते हैं। सफर की शुरुआत बेंगलुरु में महज 300 वर्ग फीट की एक छोटी सी रसोई और एक रसोइए के साथ हुई थी। शुरू में शिखर खुद डिलीवरी करते थे। निधि ग्राउंड लेवल पर मैनेजमेंट देखती थीं। व्यापार को बड़ा करने और मांग को पूरा करने के लिए एक समय ऐसा आया जब उन्होंने बिना डरे अपना खुद का मकान तक बेच दिया ताकि निवेश की कमी न हो। उनकी मेहनत रंग लाई।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ी खुदरा महंगाई, अप्रैल में 3.48 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के आभूषणों और रसोई से जुड़े कुछ उत्पादों के दाम बढ़ने से अप्रैल में खुदरा महंगाई की दर मामूली रूप से बढ़ी है। यह बढ़कर 3.48 फीसदी हो गई। मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पश्चिम एशिया में जारी घमासान के बीच महंगाई का बढ़ना अच्छा संकेत नहीं है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 को आधार मानकर किए गए कैलकुलेशन के आधार पर खुदरा महंगाई दर अप्रैल में 3.48 फीसदी रही। मार्च में यह 3.40 फीसदी थी। इसके पहले फरवरी में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर 3.21 फीसदी जबकि जनवरी महीने में 2.74 फीसदी रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से अप्रैल में खाद्य महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 4.2 फीसदी हो गई। मार्च में यह 3.87 फीसदी थी। कीमतों में सबसे अधिक 144.34 फीसदी की बढ़ोतरी चांदी से बने आभूषणों में दर्ज की गई। इसके बाद नारियल-कोपरा (44.55 फीसदी), सोना, हीरा और प्लैटिनम आभूषण (40.72 फीसदी), टमाटर (35.28 फीसदी) और फूलगोभी (25.58 फीसदी) का स्थान रहा। हालांकि, अप्रैल में आलू, प्याज, कार-जीप, मटर और एयर कंडीशनर की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान जताया था। आरबीआई ने इसके 4.6 फीसदी रहने के अनुमान जाहिर किए थे। वहीं, पहली तिमाही के लिए चार फीसदी महंगाई का अनुमान था। आरबीआई ने कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा संसाधनों की ऊंची कीमतें और संभावित 'अल नीनो' प्रभाव के कारण महंगाई बढ़ने का जोखिम है।आरबीआई अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के दौरान खुदरा महंगाई के आंकड़ों को ही ध्यान में रखकर निर्णय करता है। एनएसओ के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई की दर 3.74 फीसदी और 3.16 फीसदी दर्ज की गई।



# उपायुक्त ने की स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

## गुणवत्तापूर्ण कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति एवं लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने विभागवार योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन योजनाओं का कार्य प्रगति पर है, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा जिन योजनाओं में तकनीकी अथवा प्रशासनिक बाधाएं हैं, उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं को



धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 48 घंटे में चार लाशों के टुकड़े बरामद होने से प्रशासन के फूले हाथ-पांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में 48 घंटे के भीतर एक बार फिर दो सिर कटी लाशें और शरीर के अलग-अलग हिस्से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। अब तक चार अज्ञात शवों के हिस्से बरामद किए जा चुके हैं, लेकिन किसी की पहचान नहीं हो सकी है।

मंगलवार देर रात रामगढ़ थाना क्षेत्र के अभैदे गांव के समीप बोरे में शव और शरीर के कटे हुए हिस्से मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला, मोहनिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार समेत लगभग आधा दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। एफएसएल और डीआईयू की टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में लगी रही।

बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों में रामगढ़ थाना क्षेत्र से अब तक चार सिर कटी लाशें और शरीर के कई हिस्से बरामद किए जा चुके हैं। शवों की स्थिति इतनी खराब है कि उनकी पहचान करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। लगातार मिल रहे शवों के बाद रामगढ़ थाना परिसर और आसपास के इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस आसपास के जिलों और थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से गंभीरता से जांच की जा रही है।

एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि 10 मई को रामगढ़ थाना क्षेत्र की दुर्गावती नदी से दो अज्ञात शवों के कुछ हिस्से बरामद हुए थे। वहीं अभैदे गांव के पास कर्मनाशा नदी के किनारे भी शरीर के कुछ हिस्से मिले हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इन सभी मामलों को आपस में जुड़े हुए मानकर जांच कर रही है।

उन्होंने कहा कि अब तक पूरी बॉडी कहीं से बरामद नहीं हुई है। शुरूआती जांच में एक बच्चा, एक पुरुष और एक महिला के शव होने की आशंका है, जबकि चौथे शव की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

एसडीपीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो तो तत्काल पुलिस को जानकारी दें। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। बच्चे के कपड़े पर मिले एक ट्रेलर के नाम का भी सत्यापन कराया जा रहा है।

# नशेड़ी बेटे ने की पिता की हत्या

## पुलिस मामले की कर रही छानबीन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के कित्ताझोर मोहल्ला में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शराब के नशे में एक बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग स्तब्ध हैं।

जानकारी के अनुसार, आरोपी दिवाकर सरदार (40) मंगलवार देर रात अपने 65 वर्षीय पिता अनूप सरदार के साथ घर में शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर दिवाकर ने घर में रखे हसुआ से पिता के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण अनूप सरदार की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी शराब का आदी था और अक्सर घर में विवाद करता रहता था। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## शादी टूटने से नाराज युवक टावर पर चढ़ा

**आरा।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव में शादी टूटने से नाराज एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। करीब तीन से चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस और ग्रामीणों के समझाने-बुझाने पर उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। बाद में युवक को सहार थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार गुलजारपुर गांव निवासी महेश पासवान, पिता गणेश पासवान, की शादी गजराजगंज ओपी क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव की एक युवती से चार-पांच माह पहले तय हुई थी। हालांकि, किसी कारणवश बाद में लड़की पक्ष ने शादी करने से इंकार कर दिया। इससे आहत महेश अहले सुबह गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर डायल 112 की टीम और सहार थाना पुलिस भी वहां पहुंची, लेकिन युवक टावर से उतरने को तैयार नहीं था। वह लगातार शादी कराने की मांग पर अड़ा रहा। युवक का कहना था कि जब तक लड़की पक्ष शादी के लिए राजी नहीं होगा, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। करीब चार घंटे तक चले इस दौरान पुलिस और ग्रामीण लगातार युवक को समझाने का प्रयास करते रहे।

# फाइलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़कर हुई चार हजार के पार

## सरायकेला के 113 गांवों में फैला रोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरायकेला।** जिले में फाइलेरिया के मरीजों की संख्या चार हजार से अधिक पहुंच गई है। जिले में 3,331 हाथीपांव (लिम्फेडेमा) और 700 से अधिक हाइड्रोसील के मामले शामिल हैं। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग गंभीर होने लगा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सर्वे में कुचाई, खरसावां सहित अन्य प्रखंड के 113 गांवों के फाइलेरिया के मरीजों की संख्या अधिक है।

फाइलेरिया एंटीजन टेस्ट स्ट्रिप (एलिसा फाइलेरियासिस टेस्ट स्ट्रिप) से दिन में भी संदिग्ध फाइलेरिया पीड़ितों की आसानी से जांच संभव है, लेकिन जिले के स्वास्थ्य विभाग के पास किट उपलब्ध नहीं हैं। नतीजा संदिग्ध



मरीजों की जांच रात में आठ बजे के बाद शिविर लगाकर ही ब्लड सैंपल लेकर की जाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, फाइलेरिया के परजीवी रात में ही खून में सक्रिय होते हैं, ऐसे में जांच करने पर तुरंत ही फाइलेरिया मरीज का पता चल जाता है। यह मच्छर जनित पैरासाइटिक संक्रमण लसीका तंत्र को नष्ट कर देता है, जिससे हाथीपांव जैसी विकृति हो जाती है। फाइलेरिया (हाथीपांव) मुख्य रूप से संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है, जो एक व्यक्ति से दूसरे

## मच्छरजनित होता है यह रोग

व्यक्ति में परजीवी को संचारित करते हैं। जब मच्छर फाइलेरिया से पीड़ित व्यक्ति को काटते हैं, तो परजीवी मच्छर के शरीर में चले जाते हैं, और फिर जब वही मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटते हैं, तो वे उसे संक्रमित कर देते हैं।

यह रोग मुख्य रूप से क्यूलेक्स, एनोफिलीज और एडीज प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलता है, जो जलभराव वाले क्षेत्रों में पनपते हैं। मच्छर के काटने से सूक्ष्म धागे जैसे परजीवी (माइक्रोफिलेरिया) त्वचा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं और लसीका प्रणाली को नुकसान पहुंचाते हैं। मच्छर से बीमारी शरीर में आने के बाद लक्षण प्रकट होने में 15-20 वर्ष का लंबा समय लग सकता है।


# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का दुमका में हुआ भव्य उद्घाटन





## झारखंड में ब्रांड का छठा एक्सक्लूसिव आउटलेट, लॉन्च पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** देश के प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने दुमका में भागलपुर रोड स्थित अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। इसके साथ ही राज्य में किसना का यह छठा एक्सक्लूसिव शोरूम बन गया है। शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद नलिन सोरेन, जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी, हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, शोरूम के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर अरविंद अबूवाला एवं संजीव कुमार सिंघानिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शोरूम लॉन्च के अवसर पर ग्राहकों के लिए कई विशेष ऑफर्स की घोषणा की गई है। ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट तथा मंगल्यम कलेक्शन की गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा लॉन्च डे पर डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की विशेष छूट भी उपलब्ध रहेगी।

इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि झारखंड ज्वेलरी उद्योग के लिए तेजी से उभरता हुआ बाजार है और यहां ग्राहकों में गुणवत्ता एवं डिजाइन को लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दुमका में नए शोरूम की शुरूआत किसना की देशभर के संभावनाशील क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य ह्लहर घर किसनाह्व के विजन को साकार करते हुए हर भारतीय परिवार तक भरोसेमंद, उत्कृष्ट और आकर्षक डायमंड ज्वेलरी पहुंचाना है।

वहीं किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग शाह ने कहा कि किसना हमेशा ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता, आधुनिक डिजाइन और विश्वसनीय सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। दुमका के नए शोरूम में ग्राहकों को पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों वाली डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिससे उनकी खरीदारी का अनुभव और अधिक खास बनेगा।

शोरूम के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर अरविंद अबूवाला एवं संजीव कुमार सिंघानिया ने कहा कि वे दुमका में किसना के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि ब्रांड की उत्कृष्ट डिजाइन, विविध कलेक्शन और ग्राहक संतुष्टि पर विशेष ध्यान क्षेत्र के ग्राहकों को एक नया और बेहतर ज्वेलरी शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा।

सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत किसना द्वारा शोरूम लॉन्च के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के समर्थन में स्वच्छता अभियान तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।


# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ गोलबंद हुए दुकानदार

## 20 मई को दवा दुकानें रहेंगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** ऑनलाइन दवा बिक्री, कारपोरेट कंपनियों की भारी छूट नीति और बाजार में बढ़ती नकली दवाओं के विरोध में गढ़वा जिले की सभी दवा दुकानें 20 मई को बंद रहेंगी।

यह निर्णय आल इंडिया आगेर्नाइजेशन आफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त निर्देश पर लिया गया है। गढ़वा केमिस्ट एसोसिएशन ने देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने की घोषणा करते हुए जिले की तमाम दवा दुकानों को एक दिन के लिए पूर्ण रूप से बंद रखने का एलान किया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्याशंकर पांडेय ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण छोटे दवा दुकानदार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी कारपोरेट कंपनियां भारी डिस्काउंट देकर बाजार पर कब्जा करना चाहती हैं, जिससे छोटे दुकानदारों का व्यवसाय लगातार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि दवा कंपनियों से दुकानदारों को सीमित मार्जिन मिलता है। इसी राशि से दुकान का किराया, स्टाफ का वेतन और अन्य खर्च निकालना पड़ता है, जिससे कारोबार चलाना मुश्किल होता जा रहा है।

दवा व्यवसायियों ने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन माध्यम से नशीली दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, जिससे युवाओं में दवाओं के दुरुपयोग की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त रोक लगाने और बाजार में बिक रही नकली दवाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि देशभर में करीब 12 लाख 40 हजार दवा दुकानें पंजीकृत हैं और इन दुकानों से लाखों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। उनका कहना है कि यदि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक नहीं लगी तो छोटे दवा दुकानदार भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे।

एसोसिएशन ने बताया कि 15 मई से जिले के दवा दुकानदार काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 20 मई को पूर्ण बंदी कर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी।

पत्रकार वार्ता में एसोसिएशन के सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मुरली प्रसाद गुप्ता, विरेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, संतोष दुबे, जितेंद्र कुमार, अशोक गुप्ता सहित कई दवा व्यवसायी मौजूद थे।

## आदिवासी महिला ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मनिहारी /कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के कुमारीपुर पंचायत के रानीडीह आदिवासी टोला में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ विनोद कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच मे जूट गये। एसडीपीओ ने फोरेंसिक जांच टीम को भी घटनास्थल बुलाया। मृतका की पहचान शीला उरांव (45) पति विनोद उरांव के रूप मे हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। इस संबंध में कुमारीपुर पंचायत के सरपंच अर्जुन मंडल ने बताया कि शीला उड़ाव मानसिक रूप से बीमार थी। वह देर रात घर के पीछे खजूर के पेड़ मे फांसी का फंदा झुलकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन शौच के लिए बाहर निकले तो देखा की महिला खजूर के पेड़ मे फांसी लटकी है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। ग्रामीणो ने घटना की सूचना एसडीपीओ तथा थानाध्यक्ष को दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी।

# अवैध शराब भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

## पहाड़ की तलहटी में चल रहा था खेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लातारसीका गांव में बुधवार सुबह उत्पाद विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार पर बड़ी चोट की।

छापेमारी के दौरान पांच अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया, जबकि करीब 4000 लीटर जावा महुआ शराब बरामद कर नष्ट कर दी गई।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पहाड़ के नीचे अवैध रूप से देशी शराब तैयार कर बाजार में बेची जा रही है। इसके बाद सुबह करीब पांच बजे उत्पाद विभाग और मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान शराब बनाने में



इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। हालांकि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही धंधे से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान में जुटी है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की सूचना तत्काल पुलिस या उत्पाद विभाग को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# आईबी और पुलिस ने खंगाले मेडिकल कालेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बिहारशरीफ। नीट पेपर से जुड़े कथित सॉल्वर गैंग मामले में पावापुरी मेडिकल कालेज में आईबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की।

कार्रवाई में पावापुरी सहायक थाना, गिरियक और कतरीसराय थाना की पुलिस टीम शामिल रही। अधिकारियों ने घंटों तक मेडिकल कॉलेज परिसर और हॉस्टल में जांच-पड़ताल की।

जांच टीम ने इंटर्न हॉस्टल के कमरा नंबर 110 और टाइप-4 आवास के कमरा नंबर 502 व 503 की तलाशी ली।

बताया जा रहा है कि कमरा नंबर 110 में कथित सॉल्वर गैंग का मुख्य सरगना अवधेश कुमार रहता है, जबकि 502 में उज्ज्वल और राजा बाबू का ठिकाना बताया गया है। अधिकारियों की मौजूदगी में कमरों का ताला तोड़कर गहन जांच की गई।

सूत्रों के अनुसार उज्ज्वल और अमन आपस में मौसेरे भाई हैं और दोनों एक ही हॉस्टल में साथ रहते थे। जांच एजेंसियां इनके आपसी संपर्क, मोबाइल रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रही हैं। पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है।

आईबी की टीम ने मेडिकल कॉलेज के कई अधिकारियों और जूनियर डॉक्टरों से भी पूछताछ की।

इस दौरान कॉलेज से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई। हालांकि अब तक मामले में किसी भी अधिकारी की ओर से आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

जांच में शामिल आईबी की दो सदस्यीय टीम कॉलेज के सुपरिटेंडेंट चैंबर में बैठकर देर तक पूछताछ करती रही।

टीम का कहना है कि अवधेश और उज्ज्वल के कमरों से मिले सामान और दस्तावेजों की जांच जारी है। आने वाले दिनों में मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# श्रावणी मेला के पूर्व देवघर-बासुकीनाथ फोर लेन हाईवे हो जायेगा चालू

## तीर्थ यात्रियों को होगी सहूलियत

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*देवघर। श्रावणी मेला 31 जुलाई से शुरू हो रहा है। उससे पहले यानि 15 जुलाई तक देवघर-बासुकीनाथ फोर लेन चालू हो जाएगा।*

*यह इसलिए कि रेलवे ने बुधवार को एनओसी दे दिया है। एक सप्ताह के भीतर आरओबी पर गार्डर लगाने का काम हो जाएगा।*

*दरअसल, श्रावणी मेले में देवघर-बासुकीनाथ फोर लेन लाइफलाइन हो जाता है। दो साल से इस कारण सुगम यातायात में व्यवधान हो रहा है। बीते साल 2025 के श्रावणी मेला में वन वे कर दिया गया था। देवघर से बासुकीनाथ जाने का रूट वाया हंसडीहा था और आने का वाया घोरमारा।*

*वाहनों को लंबा सफर और समय की बबार्दी से जूझना पड़ा। अब इस साल राहत भरी खबर आ गयी है। फोर लेन से वाहनों को देवघर-बासुकीनाथ जाने में मुश्किल से 45 मिनट लगेगा। अब तक 90 मिनट लग रहा था।*

*एनएचएआफदेवघर के अधिकारी की सक्रियता और फालोअप के बाद रेलवे ने एनओसी दे दिया है। अब एनएचएआई रेलवे को ट्रैक ब्लॉक करने के लिए तिथि तय कर ब्लॉक लेने का आग्रह कर रहा है। गुरुवार को यह पत्र रेलवे मुख्यालय को भेज दिया जाएगा। ब्लॉक लेते ही एनएचएआई गार्डर की लॉन्चिंग करेगा। इसके 45 दिन बाद आरओबी चालू हो जाएगा और मेले से पहले फोर लेन चालू हो जाएगा।*

*विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला सावन में झारखंड के देवघर में लगता है। यहां द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक बाबा बैद्यनाथ का मंदिर है। प्रतिदिन दो सौ से अधिक यात्री बस और छोटे निजी वाहन दोनों धाम के बीच आवागमन करते हैं। दो साल से सुगम और सुरक्षित यातायात में व्यवधान हो रहा था।*

*राज्य के पर्यटन मंत्री ने श्रावणी मेला की बैठक में अधिकारियों को समन्वय बनाकर मेला से पहले पूरा करने का टाइम लाइन दिया है। इसके बाद उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह लगातार एनएचएआई, रेलवे के अधिकारी और वन विभाग के पदाधिकारी से अड़चन को दूर करने के लिए फॉलोअप कर रहे हैं।*

*एक हजार करोड़ का यह प्रोजेक्ट है। 45.15 किलोमीटर के इस फोर लेन में अब केवल आरओबी का काम रह गया है। तीन किलोमीटर का दो आरओबी का काम अधूरा है। यह दोनों आरओबी दो रेल लाइन से गुजर रहा है। एक देवघर-हंसडीहा।*

*दूसरा देवघर-दुमका रेल लाइन। संयोग है कि दोनों की क्रासिंग इस फोर लेन से थी। काम तेजी से चल रहा है। गडर लंचिंग में तैयार लोहे का स्लैब और विंब को डाल दिया जाएगा। आरओबी टू में फाउंडेशन का काम बाकी है। पड़ताल में दिखा कि 17 मीटर चौड़ी फोर लेन का काम 80 फीसद से ज्यादा हो चुका है।*

*एक तरफ से बनने वाली टू लेन साढ़े आठ मीटर चौड़ी है। इसी तरह दूसरी ओर से टू लेन साढ़े आठ मीटर चौड़ी है। 24 अंडर पास में 23 पूरा हो चुका है। खूबसूरत गार्डनिंग हो रही है।*

# हफ्तों बाद भी अधजली लाश की शिनाख्त नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी क्षेत्र के तरगा पंचायत अंतर्गत कुरकुरा ब्रिंगाटोली जंगल में 16 मार्च को मिले अधजले महिला के शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। घटना के बाद से ही इलाके में सनसनी फैल गई थी।

जानकारी के अनुसार, 16 मार्च को जंगल में एक महिला का अधजला शव मिलने की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही बांसजोर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स, रांची भेजा गया।

पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान के लिए शीतगृह में सुरक्षित रखा गया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। अंततः पहचान नहीं होने पर पुलिस ने विधि-सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए शव को दफना दिया। इस दौरान बांसजोर के बीडीओ एमानुल जयबिरस लकड़ा मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित रहे।

मामले में बांसजोर ओपी में कांड संख्या 17/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही पुलिस ने झारखंड एवं ओडिशा के विभिन्न थानों को सूचना भेजी है, ताकि मृतका की पहचान हो सके।

इस संबंध में बांसजोर ओपी प्रभारी दीपेश कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही मामला का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।



# विनेश फोगाट की वापसी पर सियासत तेज

● बृजभूषण सिंह बोले- रायता फैलाकर गईं हैं देवीजी, कांग्रेस सांसद ने कहा- न्याय मांगने की कीमत चुका रहीं, साक्षी मलिक ने लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती में विनेश फोगाट की वापसी को लेकर विवाद अब खेल से निकलकर राजनीतिक और सामाजिक बहस का विषय बन गया है। ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने जहां मां बनने के बाद खिलाड़ियों को दुनिया भर में मिलने वाली राहत का हवाला देते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ से विनेश फोगाट को ट्रायल का मौका देने की अपील की है। वहीं, भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि WFI कभी बिना वजह किसी खिलाड़ी को नहीं रोकता। अगर रोक लगाया गया है तो उसके पीछे कोई कारण जरूर होगा। रोहतक से सांसद और कांग्रेस नेता दीपेंदर सिंह हुड्डा ने इसे 'साजिश, बदला और अन्याय' करार दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए न्याय मांगने की कीमत विनेश फोगाट आज भी चुका रही हैं। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश फोगाट को राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी है।





### विनेश के समर्थन में आईं साक्षी मलिक

इस पूरे विवाद के बीच साक्षी मलिक खुलकर विनेश के समर्थन में सामने आईं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन में दोनों पहलवान एक साथ नजर आई थीं। बाद में विनेश फोगाट के राजनीति में आने और कांग्रेस से जुड़ने के बाद दोनों के रास्ते अलग माने जाने लगे थे। अब साक्षी मलिक ने मंगलवार 12 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया। साक्षी मलिक ने कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है। साक्षी ने ङ्ग पर पोस्ट वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है, लेकिन मैं आपको ऐसे कई उदाहरण दे सकती हूं।



## भुवी झटक चुके हैं 21 विकेट

### ... लेकिन भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में बड़े-बड़े गेंदबाज संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 11 मैच में 21 विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा जमाए रखा है। ऐसे में रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ी ने भुवनेश्वर की भारतीय टीम में वापसी की मांग कर दी है। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि वह भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहे हैं। भुवनेश्वर कुमार ने आरसीबी के सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, 'मैं भारतीय टीम में वापसी के बारे में नहीं सोच रहा हूं। कई साल हो गए हैं जब मैंने लंबे समय के लक्ष्य रखना या बनाना बंद कर दिया है। जब भी मैंने ऐसा किया है तो यह मेरे लिए कभी काम नहीं आया। मैं खुश हूं कि 200 मैच खेले और पावरप्ले और डे ओवर इतने सारे विकेट लिए। मुझे लगता है कि यह सब उन कामों का इनाम है जो मैंने इतने सालों में किए हैं। अच्छे साल भी रहे हैं और बुरे साल भी। सच कहूं तो इस समय मुझे कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। बेशक, अगर मैं कहूं कि बाद में मुझे ऐसा महसूस नहीं होगा तो मैं झूठ बोलूंगा। मुझे लगता है कि ये यादें बाद में काम आएंगी, लेकिन इस समय मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत सामन्य है।'



#### आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है

भुवनेश्वर कुमार ने कहा, 'मुझे पता है कि 2026 अच्छा जा रहा है। मुझे विकेट मिल रहे हैं, लेकिन मैं वही सब कर रहा हूं जो मैं पहले भी कर रहा था। बेशक मैं कह सकता हूं कि ट्रेनिंग थोड़ी ज्यादा हो गई है या शायद कुछ चीजें बेहतर हुई हैं क्योंकि मैं देश के लिए नहीं खेल रहा हूं। सबसे अच्छी बातों में से एक यह है कि आईपीएल के बाद मुझे काफी लंबा ब्रेक मिलता है।



# विराट आलोचना नहीं झेल पाते

● पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने टॉस के दौरान का बताया वाकया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना ??है कि विराट कोहली आलोचना नहीं झेल पाते हैं। उनका दावा है कि कोहली अपने बारे में कही गई हर बात को पढ़ते और सुनते हैं। मांजरेकर ने उन घटनाओं के बारे में बताया जब टॉस के समय कोहली ने आलोचना के बाद उन्हें 'ठंडा' जवाब दिया था। मांजरेकर ने कहा कि कोहली कहते हैं कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि लोग उनके बारे में क्या कहते हैं या क्या सोचते हैं, लेकिन भारत के पूर्व कप्तान मैदान पर अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचना या नकरात्मकता का जवाब देना चाहते हैं। मांजरेकर ने स्पोर्टस्टार के इनसाइट एज पॉडकास्ट पर कहा,'कोहली ऐसे इंसान हैं जो आलोचना नहीं झेल पाते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें पता चल जाता है कि उनके बारे में क्या कहा जा रहा है क्योंकि मेरा उनके साथ एक कप्तान और एक खिलाड़ी के तौर पर अनुभव रहा है। अचानक एक दिन मैंने उन्हें टॉस के समय या कहीं और बहुत ठंडा पाया और मुझे लगा शायद उन्होंने अपने बारे में कही गई कोई बात सुन ली है।'

### आलोचना से बड़ा शतक जड़ने के लिए प्रेरणा

मांजरेकर ने कहा, 'वह उन लोगों में से एक है जो कहते रहे हैं कि हमें इस बात की परवाह नहीं है कि लोग क्या कहते हैं और क्यों कहते हैं, लेकिन वह बहुत भावुक भी हैं। शायद यह एक अच्छी बात भी है क्योंकि अगर वह इस तरह की आलोचना या कुछ नकारात्मक सुनते हैं तो इससे उन्हें बड़ा शतक जड़ने के लिए प्रेरणा मिलती है।' मांजरेकर ने मैदान पर कोहली की ऊर्जा की तारीफ की और कहा कि इससे टीम का हौसला बढ़ाने में मदद मिलती है। विराट कोहली की कप्तानी में हर खिलाड़ी को विराट कोहली जैसा बनना था मांजरेकर ने कहा, 'कप्तान के तौर पर उनके बारे में अच्छी बात यह थी कि जब चीजें खराब चल रही थीं जब उन्हें पता था कि पिच या गेंदबजी के साधनों को देखते हुए वे विकेट नहीं ले पाएंगे तब भी वे यह पक्का करते थे कि टीम जोश में रहे। मैदान पर ऊर्जा बनी रहे। उन्होंने उन्हें यकीन दिलाया कि चीजें होंगी। मुझे लगता है कि यही उनकी सबसे बड़ी ताकत थी। मेरा हमेशा से मानना ??रहा है कि टीम कप्तान जैसा होता है वैसी ही होती है। विराट कोहली की कप्तानी में हर खिलाड़ी को विराट कोहली जैसा बनना था। अगर कोई मैदान पर जाकर थोड़ा भी ढीला दिखता तो वह अगला टेस्ट मैच नहीं खेल पाता। इसलिए सभी ने विराट के आक्रमकता को अपनाया।'



## गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हराया

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची GT



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार 12 मई 2026 को गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। आईपीएल 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हरा दिया। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस की यह लगातार पांचवीं जीत है। गुजरात टाइटंस अब आईपीएल 2026 की अंक तालिका में पहले स्थान पर है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे स्थान पर बनी हुई है। लगातार पांचवीं जीत के बाद गुजरात टाइटंस के अब 12 मैच में 16 अंक हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के 12 मैच में 14 अंक हैं। गत चैंपियन आरसीबी के 11 मैच में 14 अंक हैं।

- **सनराइजर्स हैदराबाद 86 रन पर ढेर हो गई-** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेले गए मैच में टॉस जीता और फील्डिंग चुनी। साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर ढेर हो गई।
- **SRH ने 60 रन पर गंवा दिये थे सात विकेट-** एक समय सनराइजर्स हैदराबाद ने महज 60 रन पर ही 7 विकेट गंवा दिये थे। कगिसो रबाडा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। कगिसो रबाडा ने सनराइजर्स हैदराबाद के शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 4 ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर ने 4 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

### फुटबॉल प्रीमियर लीग

## टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**लंदन।** फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है। प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और



टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। टॉटेनहम हॉटस्पर ने इसके बाद मुकाबले में वापसी करने का काफी प्रयास किया, लेकिन लीड्स यूनाइटेड की टीम ज्यादा हावी नजर आई। मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट मैच में चटाई धूल

### WTC की अंकतालिका में फेरबदल, भारत के लिए बढ़ गया खतरा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला जीत लिया है। मंगलवार को ढाका के शेर-ए-बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में पहले टेस्ट के आखिरी दिन बांग्लादेशी टीम ने बेहतरीन जीत दर्ज की। नाहिद राणा ने पांच विकेट लेकर पाकिस्तान को चारों खाने चित कर दिया। इस मैच के बाद ड्ढह्लष्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप) 2025-27 की अंकतालिका में भी कुछ बदलाव हुए। भारतीय टीम की पोजिशन फिलहाल नहीं बदली लेकिन आगे भारत के लिए खतरा बढ़ गया है।

इस मैच में पहले खेलते हुए बांग्लादेश की टीम ने कप्तान नजमुल हुसैन शंतो के शतक की बदौलत 413 रन बनाए। जवाब में अजान अवैस के शतक की बदौलत पाकिस्तान की टीम 386 रन पर सिमट गई। 27 रन की लीड मिलने के बाद बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 9 विकेट पर 240 रन बनाकर पारी घोषित की और पाकिस्तान को 268 रन का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान की टीम इस लक्ष्य के सामने 163 रन पर ढेर हो गई। बांग्लादेश ने पहली बार अपने घर पर पाकिस्तान को टेस्ट मैच हराया है। बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल



हसन शंतो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबकि गेंदबाजी में मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा टीम के हीरो रहे। दोनों ने मैच में 6-6 विकेट झटके। अब पाकिस्तानी टीम सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है।

#### भारत के लिए क्यों बढ़ा खतरा

पाकिस्तान का यह इस सत्र में तीसरा मुकाबला था और अक्टूबर 2025 से मई 2026 तक यह उसकी लगातार दूसरी हार है। जबकि बांग्लादेश ने भी अपना तीसरा मैच खेला और एक ड्रॉ व एक हार के बाद पहली जीत दर्ज की। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला 16 मई से सिल्हट में खेला जाएगा।

# आईपीएल के बाद अब होगा ईटीपीएल

### राहुल द्रविड़ बने टीम के मालिक और अश्विन को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को इससे पहले कोच, मेंटोर समेत अलग-अलग जिम्मेदारियों में देखा गया है। अब वह एक नई टी20 लीग में बतौर टीम के मालिक नजर आएंगे। उन्हें कोच के तौर पर अलग-अलग तरह के मालिकों के साथ काम करने का अनुभव रहा है, जिनमें से कुछ मालिक बेहद जुनूनी रहे, जबकि कुछ दूर रहकर केवल निगरानी करने पर ध्यान देते हैं। द्रविड़ अब यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) की टीम डबलिन गार्डियंस के मालिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्होंने पीटीआई से बात करते हुए यह साफ कर दिया है कि वह ETPL की इस टीम के मालिक के तौर पर क्रिकेट संचालन में दखल नहीं देंगे और कप्तान रविचंद्रन अश्विन को फैसले लेने की पूरी छूट देंगे। जब उनसे पूछा गया कि वह किस तरह के मालिक बनना चाहेंगे, तो द्रविड़ हंस पड़े। उन्होंने कहा, 'यह तो समय आने पर ही पता चलेगा। यह मेरे लिए पहला अनुभव होगा, इसलिए मैं खुद भी देखना चाहता हूं कि मैं इस भूमिका में कैसा रहूंगा। '






#### कप्तान के कार्य में नहीं देंगे दखल

करीब 30 वर्षों तक शीर्ष स्तर के क्रिकेट से जुड़े रहने के बावजूद द्रविड़ मानते हैं कि नई जिम्मेदारी में उन्हें टीम से कुछ दूरी बनाकर रखनी होगी। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मेरी योजना क्रिकेट से जुड़े रोजमर्रा के मामलों से थोड़ी दूरी बनाकर रहने की है। मेरा मकसद ऐसी मजबूत टीम तैयार करना होगा, जो अपने स्तर पर काम कर सके। आप मुझे डगआउट में लगातार नहीं देखेंगे। मैं हर अभ्यास सत्र या हर मैच में मौजूद रहने वाला व्यक्ति भी नहीं हूं।'
राहुल द्रविड़ ने साफ किया कि वह टीम मालिक के तौर पर सीमित लेकिन सहयोगी भूमिका निभाना चाहते हैं।

## गुजरात टाइटंस शीर्ष पर

● क्लासेन ने साई से छीनी ऑरेंज कैप, भुवी का दबदबा बरकरार


**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 51वें मैच में मंगलवार (12 मई) को गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे नंबर पर है। दोनों के 14-14 अंक हैं। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के 12-12 अंक हैं।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने इस पर फिर से कब्जा जमा लिया। इससे पहले गुजरात टाइटंस की पारी में साई सुदर्शन ने इस पर कब्जा जमा लिया था। दोनों के 500 रन पूरे हो गए हैं। पर्पल कैप रेस में भुवनेश्वर कुमार का दबदबा बरकरार है। उन्होंने 21 विकेट झटके हैं। कगिसो रबाडा ने उनकी बराबरी कर ली है।

संक्षिप्त समाचार

## पीएम मोदी ने एसपीजी काफिले को आधा करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी खर्च में कटौती और मितव्ययिता को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाते हुए अपने



काफिले का आकार आधिकारिक रूप से आधा करने का निर्देश दे दिया है। यह पहल न केवल सरकारी संसाधनों की बचत करेगी बल्कि मंत्रियों और अधिकारियों के लिए भी उदाहरण बनेगी। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सुरक्षा दल को काफिले में वाहनों की संख्या 50 फीसदी तक कम करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने की इच्छा जताई है, लेकिन नए वाहन खरीदने पर रोक लगा दी है ताकि अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। एसपीजी ने इस निर्देश का पालन शुरू कर दिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री की दिल्ली के बाहर की यात्राओं में काफिले का आकार काफी छोटा देखा गया। सुरक्षा एजेंसी यह सुनिश्चित कर रही है कि ब्लू बुक में निर्धारित सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो। रविवार को हैदराबाद दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से सीधे अपील की थी कि ईंधन और सोने की खपत कम की जाए। सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री द्वारा खुद यह पहल शुरू करना पूरे सरकारी तंत्र के लिए मितव्ययिता अपनाने का स्पष्ट संकेत है।

## गार्ड को चप्पल से पीटना पड़ा भारी, दिल्ली की एनिमल एक्टिविस्ट पर एफआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर इलाके में आवारा कुत्ते की कथित पिटाई और फिर उसकी मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा गार्ड को चप्पल से पीटने वाली एनिमल एक्टिविस्ट समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथिमकी दर्ज की है। वहीं कुत्ते को लोहे की रॉड से मारने के आरोप में सुरक्षा गार्ड के खिलाफ भी पशु क्रूरता और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, 8 मई को रमेश नगर निवासी तरुण घई ने कीर्ति नगर थाने में शिकायत दी थी कि 7 मई की शाम जे-ब्लॉक, कीर्ति नगर में तैनात गार्ड विनोद पासवान ने एक आवारा कुत्ते को लोहे की रॉड से पीटा था। वे गंभीर रूप से घायल कुत्ते को उन्होने पहले निजी पशु चिकित्सक और बाद में नजफगढ़ सरकारी पशु चिकित्सालय ले गए थे, जहां इलाज के दौरान कुत्ते की मौत हो गई थी। इस शिकायत के बाद गार्ड को थाने में बुलाया गया था। कीर्ति नगर थाने के सामने गार्ड विनोद पासवान के साथ चप्पल से मारपीट की थी, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था।

## पीएम मोदी की अपील का असर: कहीं मंत्री ने मेट्रो में की सवारी, तो कहीं काफिला लेकर निकले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक संकट के बीच ईंधन की बचत को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। सरकारी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले नेताओं व मंत्रियों की जहां लोग इंटरनेट मीडिया पर सरहाना कर रहे हैं, वहीं अब भी गाड़ियों के काफिले के साथ चल रहे नेताओं को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को एक तरफ जहां दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद मेट्रो व ई-रिक्शा की सवारी कर सरकारी बैठकों व कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वहीं, दूसरी तरफ केंद्रीय राज्य मत्री राव इंद्रजीत लंबे काफिले के साथ सड़कों से गुजरते हुए दिखाई दिए। इसके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर जहां बिना काफिले के सरकारी बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए, जबकि गुरुग्राम के लघु सचिवालय के सामने मंत्री के साथ करीब 10 गाड़ियां चलती नजर आईं।

# उत्तर भारत में बारिश-तूफान की चेतावनी तो राजस्थान-एमपी में लू का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों के लिए लू की नई चेतावनी जारी की है, जिसमें आगाह किया गया है कि सामान्य से अधिक तापमान और रात में गर्मी की स्थिति 18 मई तक जारी रहने की संभावना है। भारत में इस समय मौसम में बदला स्वरूप देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में तूफान, ओलावृष्टि और भारी बारिश हो रही है, वहीं दूसरी तरफ देश के मध्य और पश्चिमी हिस्से भीषण लू की चपेट में हैं।

इस बीच, दिल्ली-एनसीआर और उत्तर-पश्चिमी भारत के कुछ हिस्सों में 13 से 16 मई के बीच बारिश और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है, जिससे बढ़ते तापमान से कुछ समय के लिए राहत मिलेगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पश्चिमी भारत के कई हिस्सों के लिए व्यापक लू की चेतावनी जारी की है और आने वाले दिनों में भीषण गर्मी की स्थिति रहने का पूर्वानुमान लगाया है। ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर लू चलने की संभावना है और 12 से 18 मई

### इन हिस्सों में हीटवेव का अलर्ट




के बीच कुछ अलग-अलग इलाकों में भीषण लू की स्थिति भी बन सकती है। वहीं, पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में 15 मई तक रातें गर्म बनी रह सकती हैं। मौसम विभाग ने आगे चेतावनी दी है कि विदर्भ में 16 मई तक गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में 14 मई तक मराठवाड़ा में 15 मई तक और कोंकण तथा गोवा में 12 मई को भीषण गर्मी जारी रह सकती है। आईएमडी के मुताबिक, 12 से 18 मई के बीच मध्य भारत में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2ए सेल्सियस से 4ए सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जबकि पूर्वी भारत में 16 मई तक 2ए सेल्सियस से 3ए सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक चली इस भीषण गर्मी का कारण साफ आसमान, शुष्क मौसम और पश्चिमी भारत के ऊपर मौजूद एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन पैटर्न को बताया है। वहीं, बड़े शहरों में अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव के कारण रात के समय होने वाली बेचैनी और भी बढ़ गई है। पानी पीते रहें, हल्के सूती कपड़े पहनें और दोपहर के सबसे गर्म समय में बाहर की गतिविधियों से दूर रहें। बुजुर्गों, बच्चों और पहले से किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोगों से विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। मौसम विभाग ने मछुआरों के लिए भी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें सलाह दी गई है कि आने वाले दिनों में तूफानी मौसम की स्थिति के कारण वे बंगाल की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी और आस-पास के तटीय क्षेत्रों के कई हिस्सों में न जाएं।

## दिल्ली में 30 जून तक बंद रहेगा यह रास्ता, रूट डायवर्जन को लेकर एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर यात्रियों को सतर्क किया है। गाजियाबाद-सराय काले खां मार्ग पर चल रहे मरम्मत एवं सड़क मजबूती के कार्यों के कारण अगले महीने जून तक यातायात प्रभावित रहेगा। अधिकारियों ने वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के गाजियाबाद से सराय काले खां कैरिजवे पर मेंटेनेंस और कार्पेटिंग का कार्य कर रहा है। जून 2026 तक चलने वाले इस काम के दौरान इस खंड पर यातायात प्रभावित रहेगा। गाजियाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को हॖ-24 को वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। 11 मई 2026 से 17 मई 2026 तक उद्योग नगर रोहतक रोड से मंगलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया की ओर जाने वाले वाहनों को ऋक्क मंगलपुरी के रास्ते जाने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान ड्रेनेज सिस्टम और अप्रोच रोड की मरम्मत का काम किया जाएगा। वैकल्पिक मार्ग के रूप में यात्रियों को पीरागढ़ी चौक से आउटर रिंग रोड और मंगलपुरी का रास्ता अपनाने की सलाह दी गई है। वापसी में भी आउटर रिंग रोड से पीरागढ़ी चौक और रोहतक रोड का उपयोग करना होगा।

## अब चार सप्ताह पहले ही मिल जाएगी वेदर रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को दो नई सेवाएं शुरू कीं। इनमें एक एआई-सक्षम मानसून अग्रिम पूर्वानुमान प्रणाली है, जो 16 राज्यों और 3,000 से अधिक उप-जिलों के किसानों की मदद के लिए मौसमी बारिश की प्रगति और



स्थानीय मौसम की जानकारी चार सप्ताह पहले तक उपलब्ध कराएगी। दूसरे प्रोडक्ट को एक पायलट सर्विस के तौर पर शुरू किया गया है, जो उत्तर प्रदेश के लिए हाई-रिजॉल्यूशन वाला स्थानीय बारिश का पूर्वानुमान लगाएगा। यह घने ऑब्जर्वेशनल नेटवर्क और एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके 1 किमी. रिजॉल्यूशन पर 10 दिन पहले तक बारिश का ऑपरेशनल पूर्वानुमान तैयार कर सकता है।

ऑब्जर्वेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर के लगातार विस्तार के साथ ऐसी ही सेवाएं धीरे-धीरे देश के दूसरे हिस्सों तक भी बढ़ाई जाएंगी। यह पायलट सिस्टम एआई-आधारित एडवांस डाउनस्केलिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है और इसमे ऑटोमेटिक बारिश-मापक यंत्रों, ऑटोमेटिक मौसम केंद्रों, डॉप्लर मौसम रडारों तथा सेटेलाइट-बेस्ड बारिश डेटासेट से मिली जानकारी को इकट्ठा किया जाता है। मोबाइल एप्लिकेशन, एसएमएस अलर्ट, व्हाट्सएप, किसान पोर्टल, अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म और टेलीविजन जैसे अलग-अलग माध्यमों के उपयोग के अलावा सब्जियों और अन्य बाजारों में लगाए गए डिस्प्ले के माध्यम से भी स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी प्रसारित की जाएगी। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ये उत्पाद पारंपरिक मौसम पूर्वानुमान से हटकर, प्रभाव-आधारित और निर्णय-सहायक पूर्वानुमान की ओर एक बड़ा बदलाव हैं; जो किसानों, प्रशासकों, आपदा प्रबंधकों और नागरिकों को सटीक, स्थान-विशेष और कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करने में सक्षम हैं।

## आईपीएल ब्लैक टिकटिंग में नया खुलासा, डीडीसीए के कॉम्प्लीमेंट्री पास बेचने वाला पेट्रोल पंप सुपरवाइजर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टिकटों और कॉम्प्लीमेंट्री पास की कालाबाजारी मामले में क्राइम ब्रांच ने पंकज यादव नाम के एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पंकज यादव करीब 12 सालों से अधिक समय से स्टेडियम के पास स्थित पेट्रोल पंप में बतौर सुपरवाइजर तैनात था। पेट्रोल पंप मैनेजर के अवकाश पर रहने के दौरान वह मैनेजर का काम भी देखता था। पुलिस के मुताबिक पंकज यादव की डीडीसीए के पदाधिकारियों से अच्छी जान पहचान है। इसलिए वह डीडीसीए के पदाधिकारियों से कॉम्प्लीमेंट्री पास लेकर उसे टिकट और पास ब्लैक करने वाले गिरोह को बेच देता था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजीव कुमार यादव का कहना है कि पंकज यादव, मूलरूप से बागपत का रहने वाला है। इस मामले में पास व टिकट बेचने के आरोप में पहले तीन सदस्यों के पकड़े जाने के बाद पुलिस से बचने के लिए पंकज ने अपने एक मोबाइल को फार्मेट कर दिया और दूसरे फोन का हैंड सेट बदल लिया। पुलिस उसके फोन का डाटा रिकवर करने व पूछताछ करने के लिए एक सप्ताह का रिमांड लेने की कोशिश कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह किन-किन लोगों से पास लेता था। इस मामले में अब तक दलाल व गिरोह के सदस्य ही पकड़े गए हैं। ये लोग पास और टिकट किन-किन पदाधिकारियों से लेते थे मुख्य कड़ी में शामिल उन पदाधिकारियों की अब पहचान करने की कोशिश की जा रही है ताकि उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके। बीते आठ मई को क्राइम ब्रांच ने मुकीम (मुरादाबाद), गुफरान उर्फ साजिद (जामिया नगर) और मोहम्मद फैसल (सीलमपुर) नाम के जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ कर जेल भेज दिया गया। तीनों ने सोमवार को तीस हजारी कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। उन्हें कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। बुधवार को क्राइम ब्रांच कुछ पदाधिकारियों को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस भेज सकती है। उन्हें क्राइम ब्रांच के कार्यालय में जांच में शामिल होना पड़ेगा। अप्रैल 2025 में भी आइपीएल मैचों के दौरान स्टेडियम के आसपास` छिटपुट गिरफ्तारियां हुई थीं। पुलिस ने लोगों की शिकायतों पर स्टेडियम के विभिन्न गेटों से चार आरोपित को गिरफ्तार किया था। वे लोग 500 के टिकट को दो से तीन हजार में बेच रहे थे। 2023 में मध्य जिला पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ा था।

## समाज सुधार के नाम पर धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं हो सकता', सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर संविधान के तहत मिले धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान निर्माताओं ने समाज की जरूरतों को ध्यान में रखकर प्रविधान बनाए थे और नौ जजों की संविधान पीठ भी उस मूल संतुलन को नहीं बदल सकती। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश से जुड़े मामलों और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर सुनवाई कर रही है।

पीठ में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, आगस्टीन जार्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जोयमाल्या बागची भी शामिल हैं।

सुनवाई के दौरान केरल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म के मूल तत्वों को समाप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पहलू पूजा का अधिकार है और यह पवित्र स्थलों पर संपन्न होता है। यदि इसे बाधित किया जाता है तो श्रद्धालुओं के अधिकारों का उल्लंघन होगा।

इस पर न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा, 'सामाजिक सुधार के नाम पर अनुच्छेद 25(1) के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन नहीं किया जा सकता।'' वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसरिया ने दलील दी कि सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवे पर रोक का आधार उनकी मासिक ध आयु है और मासिक धर्म को अब वर्जना के रूप में देखा जाता है। इस न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि य नजरिये का सवाल है और महत्वपूर्ण य है कि श्रद्धालु इसे किस रूप में देखते है सीजेआइ सूर्यकांत ने कहा कि य जनता अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों माध्यम से किसी मुद्दे पर सामाजि सुधार की मांग करती है, तो अदालत उ स्वीकार कर सकती है। लेकिन यदि लो की इच्छा के विरुद्ध कुछ थोपा जाता है तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि तर्कवादी लोग धर्म समेत हर चीज व तर्क की कसौटी पर परखते हैं।

# मीडिया पर भड़के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ईरान को झूठी उम्मीद देने और मदद करने का आरोप लगाया

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को मीडिया पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ खबरों में ऐसा दिखाया जा रहा है कि ईरान युद्ध में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। ट्रंप ने फिर दावा किया कि ईरानी सेना पूरी तरह तबाह हो चुकी है। ईरान के नेता खत्म हो चुके हैं और देश आर्थिक संकट में है।

ट्रंप ने यह बयान ट्रुथ सोशल के जरिये दिया। उन्होंने मीडिया पर ईरान को 'झूठी उम्मीद' देने और उसकी 'मदद करने' का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, जब फेक न्यूज में कहा जाता है कि ईरान सैन्य रूप से हमारे खिलाफ अच्छा कर रहा है, तो यह लगभग देशद्रोह जैसा है, क्योंकि यह पूरी तरह झूठ और बेतुकी बात है। वे दुश्मन की मदद कर रहे हैं। इससे ईरान को सिर्फ झूठी उम्मीद मिलती है। जबकि ऐसी कोई उम्मीद होनी ही नहीं चाहिए। ये अमेरिकी कायर हैं, जो अपने ही देश के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने दावा किया, ईरान की नौसेना के पास 159 जहाज थे और अब सभी समुद्र में डूब चुके हैं। उन्होंने कहा, ईरान के पास अब नौसेना नहीं है। उसकी वायुसेना खत्म हो चुकी है। उसकी तकनीक खत्म हो चुकी है। उसके नेता अब नहीं रहे और देश आर्थिक तबाही का सामना कर रहा है। सिर्फ हारने वाले,



एहसान न मानने वाले और मूर्ख लोग ही अमेरिका के खिलाफ बोल सकते हैं। यह पोस्ट ऐसे समय आई है, जब ट्रंप चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अहम मुलाकात होने जा रही है।

इससे पहले चीन रवाना होने से पहले ट्रंप ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने फिर दावा किया कि ईरानी सेना पूरी तरह कमजोर हो चुकी है और अमेरिका यह युद्ध 'शांति से या किसी भी तरीके से' जीत जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग से ईरान के मामले में मदद की उम्मीद कर रहे हैं, तो ट्रंप ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता कि हमें ईरान के मामले में किसी मदद की जरूरत है। हम किसी भी तरह जीतेंगे। हम इसे शांति से या किसी और तरीके से जीतेंगे। उनकी नौसेना खत्म हो चुकी है। उनकी वायुसेना खत्म हो चुकी है। उनकी युद्ध की पूरी ताकत खत्म हो चुकी है।

ईरान को लेकर एक और सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, ईरान सैन्य रूप से हार चुका है। उन्होंने कहा, या तो वे सही फैसला करेंगे या हम बाकी काम पूरा कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान की नाकेबंदी को '100 फीसदी प्रभावी' भी बताया।

**ईरान ने अमेरिका की आलोचना की:** वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन के कदमों पर भरोसे की कमी शांति कायम होने में सबसे बड़ी बाधा है। ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के मुताबिक, अराघची ने यह बात तेहरान में नॉर्वे के उप-विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान कही।

## ट्रंप से टकराव के कारण छिनी मार्टी मकरी की कुर्सी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक संस्था एफडीए के कमिश्नर डॉक्टर मार्टी मकरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले काफी समय से प्रशासन के भीतर और बाहर से उन पर दबाव बनाया जा रहा था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी पुष्टि की। ट्रंप ने मकरी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कठोर परिश्रमी डॉक्टर बताया। हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि ट्रंप उन्हें बर्खास्त करने की योजना को पहले ही मंजूरी दे चुके थे। अब उनकी जगह काइल डायमांटास कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। डॉक्टर मकरी के इस्तीफे के पीछे सबसे बड़ी वजह ई-सिगरेट नीति को माना जा रहा है। पिछले सप्ताह एफडीए ने पहली बार फ्रूट-फ्लेवर्ड ई-सिगरेट को बाजार में उतारने की मंजूरी दी थी। मकरी इस फैसले के सख्त खिलाफ थे। उनका मानना था कि फलों के स्वाद वाले वेप्स बच्चों और युवाओं को नशे की लत में धकेल देंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इसी वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। प्रशासन के अन्य अधिकारी इस मंजूरी के पक्ष में थे, जिससे टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। मकरी का एक साल का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। उनके नेतृत्व में एफडीए के भीतर भारी अस्थिरता देखी गई। एजेंसी के लगभग सभी वरिष्ठ करियर अधिकारियों ने या तो इस्तीफा दिया या उन्हें हटा दिया गया। हेल्थ सेक्रेटरी रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हस्तक्षेप और राजनीतिक हितों के कारण वैज्ञानिक सिद्धांतों से समझौते के आरोप लगे। ड्रग सेंटर में एक साल के भीतर छह अलग-अलग निदेशक बदले गए। इससे कर्मचारियों का मनोबल गिर गया और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। डॉक्टर मकरी को चौतरफा विरोध का सामना करना पड़ा। फार्मा कंपनियों के सीईओ उनकी नीतियों से असंतुष्ट थे।

# पश्चिम एशिया संकट: ईरान ने अमेरिका को दी परमाणु हथियारों की धमकी

**दुबई/वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की तरफ से शांति प्रस्ताव पर ईरानी के जवाब को खारिज किए जाने के बाद पश्चिम एशिया में फिर से युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। ईरान ने जहां दोबारा हमला करने पर हथियार बनाने के स्तर पर यूरेनियम के संवर्धन की चेतावनी दी है, वहीं बताया जाता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के खिलाफ फिर से व्यापक सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

ईरान के संसदीय प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने मंगलवार को अमेरिका को खुले तौर पर परमाणु हथियारों की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर उनके देश पर दोबारा हमला होता है तो तेहरान 90 प्रतिशत शुद्धता तक यूरेनियम का संवर्धन कर सकता है। इसे हथियार बनाने लायक माना जाता है। संसदीय राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति आयोग के प्रवक्ता रेजाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, एक और हमले



की स्थिति में ईरान के पास उपलब्ध विकल्पों में 90 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन हो सकता है। हम संसद में इसकी समीक्षा करेंगे।

उधर, अमेरिकी सूत्रों ने सीएनएन को बताया कि ईरान के साथ समझौता नहीं हो पाने से ट्रंप प्रशासन में निराशा बढ़ने लगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ वाशिंगटन की सैन्य कार्रवाई को फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। बाधित वार्ता और परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए तेहरान का रवैया ट्रंप प्रशासन की नाराजगी का प्रमुख कारण है। ट्रंप ईरान द्वारा रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण और इस्लामिक गणराज्य के नेतृत्व में व्याप्त विभाजन की आशंका से भी अधीर हो रहे हैं। ईरान की प्रतिक्रिया ने कई अमेरिकी अधिकारियों को यह सवाल उठाने के लिए बाध्य किया है कि क्या तेहरान गंभीरता से बातचीत में शामिल होने के लिए तैयार है। आगे की कार्रवाई को लेकर ट्रंप प्रशासन के भीतर भी मतभेद उभर आए हैं। सीएनएन के अनुसार, पेंटागन सहित कुछ अधिकारी ईरान पर दबाव बनाने के लिए लक्षित सैन्य हमलों के माध्यम से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने की वकालत कर रहे हैं, जबकि प्रशासन के अन्य अधिकारी राजनयिक प्रयासों को और समय देने पर जोर दे रहे हैं। ईरान के पास लगभग 400 किलोग्राम यूरेनियम है जिसे 60 प्रतिशत तक संवर्धित किया जा चुका है। इसे 90 प्रतिशत तक संवर्धित किया जा सकता है।

### ब्रिटेन ने ईरानी संगठनों व व्यक्तियों पर लगाए नए प्रतिबंध

ब्रिटेन ने अपनी धरती पर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में ईरानी संगठनों और व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि सोमवार को घोषित ये नए उपाय वैश्विक सुरक्षा के खिलाफ ईरानी कार्रवाई और विदेशों में धमकियां देने के लिए आपराधिक गिरोहों के इस्तेमाल के जवाब में उठाए गए हैं। जिन संस्थाओं को प्रतिबंध के दायरे में लाया गया उनमें बेरेलियन एक्सचेंज, जीसीएम एक्सचेंज और जिंदाश्ती नेटवर्क शामिल हैं। प्रतिबंध सूची में शामिल व्यक्तियों में मंसूर जारिंगहलम, नासिर जारिंगहलम, एक्रेम अब्दुलकेरीम ओज्टुनक, निहात अब्दुल कादिर असान, रजा हामिदिरावरी और नामिक सालिफोव शामिल हैं। इस्राइल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने मंगलवार को कहा कि ईरान युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए इस्राइल ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आयरन डोम मिसाइलरोधी बैटरियां और उन्हें संचालित करने के लिए कर्मी भेजे थे। तेल अवीव सम्मेलन में हकाबी ने कहा, मैं अब्राहम समझौते के पहले सदस्य यूएई की सराहना करना चाहूंगा। इसके लाभों को देखिए। इस्राइल ने उनकी मदद के लिए आयरन डोम बैटरियां और उन्हें संचालित करने के लिए कर्मी भेजे हैं। यूएई ने वर्ष 2020 में कूटनीतिक रूप से इस्राइल को मान्यता दी थी। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध पर अब तक करीब 29 अरब डॉलर खर्च हो चुके हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

# पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन, काफी दिनों से थे अस्वस्थ

## राजकीय सम्मान के साथ की जएगी माधव लाल की अंत्येष्टि, जिला प्रशासन तैयारी में जुटा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया के पूर्व विधायक एवं झारखंड बिहार में मंत्री रह चुके माधव लाल सिंह का आज रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गोलियां सहित पूरे बोकारो में शोक की लहर है। माधव लाल सिंह गोलियां विधान सभा से वर्ष 1985, 1990, 2000 और 2009 में विधायक चुने गए। श्री सिंह वर्ष 2000 में बिहार सरकार एवं झारखंड गठन के बाद 2003 में मंत्री बनाए गए। सरल स्वभाव एवं स्पष्टवादी व्यक्तित्व के कारण वो लोगों के बीच काफी लोक प्रिय थे। इस बीच खबर मिली है कि राज्य सरकार ने स्व. माधव लाल सिंह की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में झारखण्ड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसके बाद बोकारो जिला प्रशासन ने राजकीय सम्मान के अनुरूप अंत्येष्टि की तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वयं उपायुक्त अजय नाथ झा इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इधर, उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि पूर्व मंत्री सह गोमिया विधायक माधव लाल सिंह के निधन का समाचार बोकारो जिले के लिए अत्यंत दुःखद है। स्व. माधव लाल सिंह ने सार्वजनिक जीवन में रहकर जनसेवा, सामाजिक समरसता एवं क्षेत्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका निधन समाज एवं सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। जिला प्रशासन दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।



# भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार, 6 जिंदा गोली और मशीन बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस ने एसटीएफ पटना के सहयोग से बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी राजकुमार सिंह उर्फ बंटी फरार हो गया। मौके से अर्धनिर्मित हथियार, 6 जिंदा गोली और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली कई मशीनें बरामद की गई हैं।



**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी**

मामले की जानकारी देते हुए बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में अवैध हथियार निर्माण का काम चल रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस और एसटीएफ पटना की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

**चार आरोपी गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार**

पुलिस ने मौके से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में देवघर निवासी उस्मान अंसारी उर्फ अरमान, मुंगेर निवासी मो. रिजवान, मो. इम्तियाज और संजय कुमार साव उर्फ संजय गुप्ता शामिल हैं। वहीं मुख्य आरोपी राजकुमार सिंह उर्फ बंटी मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

**कई राज्यों में करते थे हथियार सप्लाई**

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अवैध हथियार निर्माण और सप्लाई के धंधे में शामिल थे। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी कई राज्यों में जेल जा चुके हैं। जांच में सामने आया कि देवघर निवासी उस्मान अंसारी उर्फ अरमान गांडेय थाना क्षेत्र में पहले मिनी गन फैक्ट्री भंडाफोड़ मामले में भी वांछित था।उस्मान, फरार आरोपी राजकुमार सिंह और मुंगेर के हथियार कारीगरों के बीच कड़ी का काम करता था।

**25 हजार में खरीदकर अपराधियों को बेचते थे हथियार**

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि तैयार हथियार राजकुमार सिंह से करीब 25 हजार रुपये में खरीदे जाते थे।इसके बाद इन्हें ऊंची कीमत पर अपराधियों को सप्लाई किया जाता था।

# भाजपा की मासिक बैठक में केंद्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला की संगठनात्मक मासिक बैठक चास स्थित मगध बैंक्वेट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी राकेश भास्कर शामिल हुए। उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला प्रभारी राकेश भास्कर ने कार्यकताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कहा कि सभी कार्यकर्ता उत्साह के साथ संगठन के कार्य को करने के लिए आव्हान किया। उन्होंने कहा बंगाल में जिस तरह हमलोगों ने सरकार बना लिया है अब झारखंड की बारी है। सभी का अपना अपना दायित्व का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें और संगठन को मजबूत बनाने का काम करें। आज यहां आप सभी संकल्प लें कि आगामी चुनाव में झारखंड में सरकार बनायेंगे। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज ने कहा कि आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए हमें बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क और सामाजिक कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देना होगा। हर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाए।हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास पहुँचाना है। हमें हर बूथ को मजबूत करना है, हर घर तक पहुँचना है और जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करना है। बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज एवं संचालन जिला महामंत्री संजय सिन्हा ने किया। सभी कार्यकताओं ने गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल,पूर्व जिला अध्यक्ष भरत यादव,जयदेव राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवी दास,अर्जुन सिंह, मुकुल ओझा, अर्चना सिंह, शंकर रजक,रामलाल सोरेन, संजय त्यागी,अनिल स्वर्णकार, अविनाश कुमार, अर्चना सिंह,गिरजा देवी, ईश्वर महतो,मनोज ठाकुर, विभिषण सिंह, रविशंकर जायसवाल, विनोद कुमार, चंद्रशेखर महाथा,एंजेला सिंह, भानु प्रताप सिंह,विक्की राय,अमर स्वर्णकार, हरिश सिंह, कुलदीप कुमार, पंकज शेखर,बब्लू चौबे, ब्रज दुबे, आनंद महतो, प्रमोद दास, चंद्रशेखर सिंह,रमेश स्वर्णकार, विक्रम गोस्वामी, मेघन महतो,राजू चौबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कसमार की भव्या रंजना बनीं 12 वीं कला संकाय में ऑल इंडिया टॉपर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोमिया के पूर्व विधायक लंबोदर महतो की भव्या रंजना ने सीबीएसई 12वीं कला संकाय में 500 में 499 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर टॉपर बन पूरे कसमार, बोकारो एवं झारखंड का नाम रौशन किया है। बिटिया भव्या की यह ऐतिहासिक सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा का परिणाम है। कसमार के पाड़ी गांव सहित पूरा क्षेत्र अपनी इस होनहार बेटी पर गर्व महसूस कर रहा है। भव्या रंजना को हार्दिक बधाई एवं उज शुभकामना देने वालोंबका उनके घर तांता लगा हुआ है।

## सीबीएसई बोर्ड 12 वीं में अनुभव बने विद्यालय टॉपर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी बोकारो के कक्षा द्वादश के परीक्षा परिणाम में अनुभव कुमार 92.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बने। वहीं 88.6% के साथ चंदन कुमार और रोशनी कुमार कुमारी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं रॉकी कुमार 87.6% के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की । विद्यालय के सचिव जी पी सिंह एवं अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव अपने संदेश में सभी को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में और आगे बढ़ाने का आशीर्वाद दिया।

## सीबीएसई बोर्ड की 12वीं में मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल , सेक्टर 4 बोकारो के छात्रों ने उम्दा प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने इस वर्ष भी शतप्रतिशत रिजल्ट दिया। विज्ञानं संकाय से संजीव रजक ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल किया वही वाणिज्य संकाय से आर्यन कुमार ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस सफलता से स्कूल में खुशी का माहौल है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेहनत को दिया। प्राचार्य अमर प्रसाद एवं उपप्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने सयुंक्त रूप से कहा कि यह बच्चों की मेहनत, विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है।




# दवा विक्रेताओं के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य की रक्षा हेतु 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद : ललित अग्रवाल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के द्वारा धनबाद क्लब के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ 20 मई 2026 एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित एक ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया है कि बार-बार के अनुरोधों के बावजूद, दवा व्यापार की गंभीर समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से देशभर के विक्रेताओं में भारी रोष है।गंभीर चिंता के मुख्य बिंदुः अवैध ई-फामेर्सी और जनस्वास्थ्य को खतरा ( सीएसआर . 817(ई) :संगठन का आरोप है कि ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म्स नियमों की शिथिलता का लाभ उठा रहे हैं। बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग हो रहा है। एआई -आधारित फर्जी प्रिस्क्रिप्शन के जरिए एंटीबायोटिक्स और नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता एंटी-माइक्रोबियल रेसिस्टेंस जैसे बड़े खतरे को जन्म दे रही है। यह सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।शोषणकारी मूल्य निर्धारण।बड़े कॉरपोरेट संस्थान डीप डिस्काउंट के जरिए बाजार का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। जबकि आवश्यक दवाओं का मार्जिन सरकार (एनपीपीए /डीपी सीओ )द्वारा निर्धारित है, ये संस्थान अनुचित व्यापारिक प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। इससे ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छोटे केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में है, जिससे अंततः दवाओं की सुलभ आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी।आपातकालीन अधिसूचनाओं की वापसी में देरी ( जी.एस.आर. 220(ए)): कोविड-19 के दौरान जारी अधिसूचना (26 मार्च 2020), जो एक अस्थायी उपाय था, उसे आज भी जारी रखना तर्कसंगत नहीं है। यह नियम औषधि नियम 65 के कड़े प्रावधानों को कमजोर कर रहा है, जिसका फायदा उठाकर डिजिटल प्लेटफॉर्म नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। एआईओसीडी की प्रमुख मांगेंः कोविड काल की अस्थायी अधिसूचना, सीएसआर 220(ए) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ई-फामेर्सी से संबंधित अधिसूचना जी. एस.आर.817(ए)को वापस लिया जाए,कॉरपोरेट्स द्वारा दी जा रही अनुचित छूट पर रोक लगाने हेतु एक समान अवसर नीति बनाई जाए। एआईओसीडी के अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने संयुक्त रूप से कहा, "यह केवल व्यापार का नहीं, बल्कि मरीज की सुरक्षा का मामला है। यदि 20 मई तक सरकार इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो हम अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धनबाद क्लब के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ललित अग्रवाल, महासचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष देवेन तिवारी, संगठन सचिव नीलेंद्र सिंह नीलू, सह सचिव संजय श्रीवास्तव सहित एक दर्जन से ज्यादा दवा विक्रेता उपस्थित थे।



## पाटलिपुत्र हॉस्पिटल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की शुरूआत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पाटलीपुत्र हॉस्पिटल, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद में पहले से संचालित कार्डियोलॉजी विभाग, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विभाग तथा पल्मोनोलॉजी विभाग के साथ अब सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को और विस्तार दिया गया है। नये विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की शुरूआत की गई है। यह पहल क्षेत्र के मरीजों को एक ही छत के नीचे व्यापक, उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, हृदय, मस्तिष्क, रीढ़, श्वसन तंत्र के साथ-साथ किडनी, पेट, लिवर रोग एवं मूत्र रोग से संबंधित बीमारियों के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल ने अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाते हुए नये विशेषज्ञों को जोड़ा है। इस अवसर पर अस्पताल के सीईओ एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. निखिल ड्रोलिया ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि पाटलीपुत्र हॉस्पिटल का उद्देश्य मरीजों को सभी प्रमुख सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

# ठेका मजदूर और यूनियन के दवाब में दुर्घटना में मृत श्रमिक के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के एस एम एस 1 कास्टर में मेसर्स प्रोटेक्टिव जेनरल इन्जीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड मे कार्यरत ठेका मजदूर रामजी सिंह की कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में मौत हो गई। मौत के उपरांत मृतक के आश्रित को स्थायी नियोजन की मांग पर प्रबंधन की टालमटोल घंटो तक जारी रही। मजदूरों ने आरोप लगाया कि प्रबंधन की मजदूर विरोधी मानसिकता के कारण मृतक मजदूर का पार्थिव शरीर घंटो न्याय की बाट जोहता रहा। मौके पर मौजूद मजदूरों का नेतृत्व कर रहे क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा के संयुक्त महामंत्री रमेश प्रसाद राय ने महामंत्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर उनके निदेर्शानुसार प्रबंधन को 02 बजे तक का अल्टीमेटम दिया गया। मजदूरो के आक्रोश एवं यूनियन के दबाव के कारण आखिरकार अपराह्न लगभग 02 बजे प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को स्थाई नियोजन पत्र दिया। मौके पर रमेश प्रसाद राय के साथ आर के सिंह, शम्भु प्रसाद,सत्येन्द्र सिंह, राजीव सिंह, सुनील महतो, टिंकू मिश्रा, संतोष सिंह,संतोष कुमार, अम्बेदकर कुमार, इरफान समेत सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## 37वीं प्रांतीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन हेतु बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी के आतिथ्य में विद्या भारती झारखंड द्वारा 37वां प्रांतीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 मई को होने वाला है । जिसके पूर्व तैयारी के निमित्त एक बैठक का आयोजन विद्या मंदिर 3/सी में आहूत की गई। जिसमें संस्कृति ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के सचिव एवं विद्या विकास समिति झारखंड के प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास ने बताया कि यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी के द्वारा कराई जा रही है, लेकिन इसका स्थान 3 सी विद्या मंदिर होने वाला है।



# बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर बीजीएच ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ह्लआवर नर्सेस, आवर फ्यूचर झ्र नर्सेस सेव लाइव्सह्व थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में नर्सिंग समुदाय की समर्पित सेवा, करुणा एवं मानवता के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जनरल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं केक कटिंग के साथ हुआ। इसके उपरांत नर्सिंग स्टाफ द्वारा गीत, नृत्य, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने कार्यक्रम को भावपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर बोकारो महिला समिति द्वारा बीजीएच के वार्ड 3-बी के समीप मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा हेतु एक अत्याधुनिक वॉटर प्यूरीफायर मशीन का उद्घाटन भी किया गया।

# उप विकास आयुक्त ने पूर्वी टुंडी में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लटानी पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि समीप के विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के सहयोग से ज्ञान केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। वार्ड सदस्यों को भी इससे जोड़ें। साथ ही डिजिटल साक्षरता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने पंचायत सचिवालय में खाली पड़ी भूमि का उपयोग बागवानी एवं उपयोगी कार्यों हेतु करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत सुदृढ़ीकरण मद की राशि से पंचायत स्तर के सभी मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने को कहा। वहीं गर्मी के मौसम को देखते हुए आम नागरिकों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। भ्रमण के दौरान पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं होने वाले कर्मियों को उप विकास आयुक्त ने फटकार लगाई। उन्होंने कार्यालय कर्मियों को फाइलों में आवश्यक एवं स्पष्ट टिप्पणी अंकित करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन तालाबों का निरीक्षण किया। संवेदकों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने लुकैया पंचायत स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। जहां इसके कार्य प्रणाली एवं संचालन व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पीएचईडी के कनीय अभियंता को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने 15वें वित्त आयोग मद से निमार्णाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चेपकिया का निरीक्षण करते हुए 15 जुलाई तक भवन हैंडओवर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी मद से निर्मित प्राथमिक विद्यालय घोसालडीह में शौचालय में पार्टिशन कर छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बरबाद बरकेटनी में डीएमएफटी मद से निमार्णाधीन 2.5 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया। ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता को सड़क किनारे आवश्यक भराई कार्य कराने एवं निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# तंबाकू फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण के संदर्भ में जिप सदस्य ने उपायुक्त को दिया ज्ञापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के कालीमाटी पंचायत अंतर्गत मोहुलबाना गांव में संचालित एक तंबाकू फैक्ट्री ग्रामीणों के लिए काल बन गई है. बुधवार को जिला परिषद सदस्य मुस्तफा कुरैशी ने इस गंभीर मुद्दे को लेकर धनबाद उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने फैक्ट्री से फैल रहे प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. जिला परिषद सदस्य मुस्तफा कुरैशी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मोहुलबाना गांव की घनी आबादी के बीच यह तंबाकू फैक्ट्री अवैध रूप से स्वास्थ्य मानकों को ताक पर रखकर संचालित हो रही है. फैक्ट्री से दिन-रात निकलने वाले जहरीले धुएं ने वायु गुणवत्ता को बेहद खराब कर दिया है.फैक्ट्री द्वारा छोड़े जा रहे रसायनिक कचरे और तीखी गंध से पूरे क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित हो चुका है. मुस्तफा कुरैशी ने कहा कि सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस फैक्ट्री के बिल्कुल समीप ही सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र स्थित हैं. फैक्ट्री से निकलने वाली जहरीली गैसों के कारण छोटे बच्चों और महिलाओं को सांस लेने में तकलीफ हो रही है और आंखों में लगातार जलन की शिकायत बनी रहती है. यह बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है. कुरैशी ने कहा कि यह फैक्ट्री वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 का खुला उल्लंघन कर रही है. रिहायशी इलाके में इस तरह की हानिकारक इकाई का संचालन न केवल नियमों के विरुद्ध है बल्कि मानवाधिकारों का भी हनन है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com